रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 17 जून 2024, वर्ष-25, अंक-135, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com





ईवीएम पर मस्क के बयान में कोई सच्चाई नहीं : राजीव

सेंसेक्स 76,992.77 +181.88

डॉलर 83.550 -0.003

रांची सर्राफा

10 ग्राम 71,240

01 किलो 95,600

## एक नजर

### राष्ट्रपति मुर्मू ने देशवासियों को दी बकरीद की बधाई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ईद-उल-जुहा की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संदेश में कहा है, ईद-उल-जुहा के अवसर पर मैं सभी देशवासियों और विदेशों में रहने वाले भारतीयों, विशेष रूप से हमारे मुस्लिम भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। ईद-उल-जुहा का पवित्र त्योहार त्याग और बलिदान का प्रतीक है। यह प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। यह त्योहार हमें मानवता की निस्वार्थ सेवा करने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर, आइए हम अपने राष्ट्र के विकास और कल्याण के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लें।

### गंगा नदी में डूबी नाव 6 लापता की तलाश

**पटना ।** पटना के बाढ़ जिले में रविवार सुबह गंगा नदी में नाव पलटने से उसमें सवार 17 लोग डूबने लगे, इनमें 11 लोगों ने तैर कर अपनी जान बचा ली। हादसे के बाद से 6 लोग लापता हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम लापता लोगों की गंगा में तलाश कर रही है। बाढ़ में आज गंगा दशहरा पर लोग स्नान के लिए जुटे थे।

## आज | कल




## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

**1994** से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

## सरायकेला-खरसावां में सीएम ने 182 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

# अब खेतों में सालभर रहेगा पानी, तीन फसल उपजा सकेंगे किसान : चम्पाई

**नवीन मेल संवददाता**

**सरायकेला।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने अपने गृह जिला सरायकेला-खरसावां में कहा कि उनकी सरकार जनता की आशा, आकांक्षा और विश्वास पर खरा उतारने का हरसंभव प्रयास कर रही है। जनहित से जुड़े कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतरे, इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि जल्द ही राज्य के घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। राज्य के किसानों के खेत में सालभर पानी होगा। सालों भर खेत-खलियान हरा भरा रहेगा। अब राज्य के किसान वर्ष में तीन बार फसल उपजा सकें, इस निमित्त कई बड़ी सिंचाई परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने रविवार को अपने गृह जिला जिला के राजनगर प्रखंड स्थित मतकमबेड़ा ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में दर्जनों योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया । साथ ही लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों भी किया । मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लाभुकों के बीच करीब 54 करोड़ 42 लाख 46 हजार 498 रुपए की परिसंपत्ति का वितरण किया एवं 182 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। जहां 7000.759 लाख रुपये की 22 योजनाओं का उद्घाटन संपन्न हुआ । वहीं, 16709.805 लाख रूपए की लागत से 160 योजनाओं की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद ग्राम मतकमबेड़ा गांव को आदर्श गांव बनाएंगे। हमारे युवा वर्ग घर, समाज और राज्य के विकास में महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आज मैं यहां के युवा वर्ग से अपील करता हूं कि वे नशा पान से दूर रहें। नशा मुक्त समाज का निर्माण हम सभी की नैतिक जिम्मेवारी है। नशा नाश का कारण बनता है।



**167,098** करोड़ रुपए की 160 योजनाओं का शिलान्यास

**70.759** करोड़ रुपए योजनाओं का किया उद्घाटन

**200** यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी घरेलू उपभोक्ताओं को

**24** घंटे दवाईयां उपलब्ध होगी राज्य के हर पंचायत में




### बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करना प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जल्द ही बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करेंगे और झारखंड प्रदेश को अग्रणी राज्यों में शामिल करेंगे। अब प्रदेश के हर पंचायत में ऐसी व्यवस्था लागू करने जा रहे हैं, जहां 24 घंटे दवाइयां उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के आदिवासी, दलित, मजदूर, किसान, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदाय के बच्चे-बच्चियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ हमारी सरकार दे रही है। अब हमारे बच्चों की पढ़ाई पैसों के कारण नहीं रुकेगी। हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ करने हेतु प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षित समाज से ही विकसित राज्य का निर्माण किया जा सकेगा। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री दीपक बिरुआ, आयुक्त कोल्हान प्रमंडल हरि प्रसाद केसरी, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा एवं जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत तमाम पदाधिकारीगण मौजूद थे।

# लोहरदगा में बीडीओ की बेटी ने की आत्महत्या

## पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंपा

*प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है : एसपी*

**नवीन मेल संवददाता**

**लोहरदगा।** जिले पेशरार प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी की बेटी ने सरकारी क्वार्टर में आत्महत्या कर ली। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पेशरार थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वही पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौप दिया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, तमन्ना झरना तिर्की ने इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। तमन्ना किसी की शादी में अपने गांव गई थी। जहां से वह परसों ही लौटी थी। इसी बीच शनिवार की देर शाम उसने यह खौफनाक कदम उठाया। मिली जानकारी के अनुसार, बीडीओ अजय कुमार तिर्की की बेटी तमन्ना झरना तिर्की (18 वर्ष) ने सरकारी क्वार्टर में आत्महत्या की है।



घटना शनिवार देर शाम की बतायी जा रही है। हालांकि बीडीओ को शनिवार देर रात घटना की जानकारी मिली, जब वो अपने क्वार्टर लौटे। इसके बाद उन्होंने मामले की जानकारी पेशरार थाना को दी। सूचना पाकर पेशरार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया। सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण लोगों को इसकी जानकारी रविवार को हुई। बताया गया कि तमन्ना झरना तिर्की ने इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच और आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुटी है।

शेष पेज 11 पर

## चार अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार, 155 किलो गांजा बरामद

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस ने बडी सफलता हासिल करते हुए 155 किलो गांजा के साथ 4 अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। रविवार को एसपी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए एसपी सौरभ ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक अंतर्राज्यीय गिरोह द्वारा सिमडेगा के रास्ते भारी मात्रा में गांजा का परिवहन किया जा रहा है। प्राप्त सूचना के आलोक में चेकिंग एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिमडेगा के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया।

# पुलिस ने होटल मौर्या और स्पा सेंटर में की छापेमारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पुलिस ने रविवार को अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित होटल मौर्या और स्पा सेंटर में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने दो युवतियों और एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लड़कियों में एक बिहार के हाजीपुर, जबकि दूसरी बंगाल की रहने वाली है। सभी को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया। हालांकि, कुछ लोग भागने में सफल रहे। मालूम हो कि एक महीने के अंदर स्पा व ब्यूटी पार्लर में यह तीसरी छापेमारी है। इसके पूर्व बंबू स्पा में छापेमारी कर पुलिस ने छह युवतियों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। इसमें तीन थाइलैंड की युवतियां थी।



*एक महीने के अंदर तीसरी छापेमारी, दो युवतियों समेत तीन गिरफ्तार*


शेष पेज 11 पर

# झारखंड सरकार पूरे प्रदेश में पानी और बिजली देने में फेल : बाबूलाल मरांडी

*केंद्र सरकार की नल जल योजना का लाभ दिलाने में भी राज्य सरकार फेल*

**नवीन मेल संवददाता**

**पलामू।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पलामू सहित पूरे प्रदेश में बिजली और पानी देने में भी झारखंड सरकार फेल साबित हो रही है। केंद्र सरकार की नल जल योजना का लाभ दिलाने में भी राज्य सरकार फेल हो गई है। थोड़ा बहुत काम हुआ है लेकिन उसकी भी स्थिति ठीक नहीं है। लोगों को पर्याप्त बिजली-पानी मिले इसके लिए युद्ध स्तर पर अभी भी कार्य करने की जरूरत है। बिजली नहीं मिलने के कारण व्यवसाय ठप है। मरांडी ने कहा कि पलामू का अधिकतम तापमान हर दिन 45 डिग्री को पार कर रहा है। ऐसे में एसी तक काम करना बंद कर दिया है। अधिकारियों से जब पूछा जा रहा है तो वे सुधार करने की बात कहते हैं लेकिन रिजल्ट नहीं नजर आता। अभी जो स्थिति है उसमें हर एक जनमानस तक बिजली और पानी प्राथमिकता के तौर पर मिलनी चाहिए। बाबूलाल मरांडी लोकसभा चुनाव में मिली हार और जीत की समीक्षा के लिए रविवार को डालटनगंज पहुंचे।



शेष पेज 11 पर

## अमरनाथ यात्रा के लिए ऑनलाइन हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग शुरू

**जम्मू।** हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग सेवाओं का इंतजार कर रहे तीर्थयात्रियों का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने बालटाल और पहलगाम यात्रा मार्गों के लिए सुविधा शुरू कर दी है। बाबा अमरनाथ की वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून से शुरू हो रही है और 19 अगस्त को रक्षा बंधन के दिन समाप्त होगी। आधिकारिक विवरण के अनुसार बालटाल मार्ग के लिए नीलग्रथ-पंजतरणी-नीलग्रथ पर हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान की जा रही है और पहलगाम मार्ग के लिए यह पहलगाम-पंजतरणी-पहलगाम मार्ग पर उपलब्ध होगी।

# झारखंड के पार्थ सिंह ने 100 मी. दौड़ में जीता स्वर्ण पदक, संघ ने दी बधाई

*पार्थ सिंह ने 100 मीटर दौड़ को 10.68 सेकेंड में पूरा किया।*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 19वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड के पार्थ सिंह ने रविवार को 100 मीटर दौड़ में नेशनल मीट रिकॉर्ड के बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। भारतीय एथलेटिक्स संघ एवं छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में 15 से 17 जून तक प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर में किया गया है। पार्थ सिंह ने 100 मीटर दौड़ को 10.68 सेकेंड में पूरा किया। 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग का नेशनल रिकॉर्ड 10.63 सेकेंड अंशु रजक का है, जो 2023 में बना था। बालिका जेवलिन थ्रो में जामताड़ा की सविता मुर्मू ने 41.09 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा का स्वर्ण पंजाब की नवनीत कौर और रजत राजस्थान की नीलम चौधरी ने जीता। रांची साई के प्रशिक्षु साकेत मिंज अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाबजूद पदक से चूके और 48.23 से. के साथ चौथे स्थान पर रहे। इस उपलब्धि पर भारतीय एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक, झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सीडी सिंह, साई कोच बिनोद सिंह, योगेश यादव, मुकुल टोप्पो, टीम कोच आशु भाटिया,टीम मैनेजर नरेश कुजूर समेत राज्य के खेल प्रेमियों ने विजेता एथलीट को बधाई दी।




## इंडिया



**सुनील बादल**

*मणिपुर की लंबे समय से चल रही अशांति को लेकर भाजपा की चुप्पी पर मोहन भागवत ने जो कुछ कहा है वह एनडीए सरकार के लिए बड़ी चेतावनी की तरह है।*

# आरएसएस प्रमुख की खरी-खरी से विपक्षियों की खुशी के मायने?

नरेंद्र मोदी ने नेहरू जी के रिकॉर्ड की बराबरी करते तीसरी बार प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला तो विश्व के सभी प्रमुख देशों से बधाई संदेश आने लगे लेकिन भारतीय जनता पार्टी के मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने एक सभा में भाजपा को जिस तरह खरी-खरी सुनाई उससे लोग आश्चर्यचकित हैं जबकि विपक्ष के खेमे से भागवत की टिप्पणियों का स्वागत करते हुए खुशी प्रकट की गई है। मणिपुर की लंबे समय से चल रही अशांति को लेकर भाजपा की चुप्पी पर मोहन भागवत ने जो कुछ कहा है वह एनडीए सरकार के लिए बड़ी चेतावनी की तरह है। मणिपुर में अब भी जिस तरह से स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई हैं उसे देखकर कहा जा सकता है कि वहां के मुद्दे हल करने में केंद्र और राज्य सरकार नाकाम रही हैं। आरएसएस प्रमुख ने अपने संबोधन के जरिये जिस तरह के तेवर दिखाये हैं उससे प्रदर्शित हो रहा है कि इस बार स्पष्ट बहुमत से दूर रही भाजपा को सिर्फ अपने गठबंधन सहयोगियों को ही साथ लेकर नहीं चलना होगा बल्कि संघ परिवार के लोगों को भी साथ लेकर चलना होगा। आरएसएस के कई पदाधिकारी इस बात को स्वीकार रहे हैं कि चुनावों से पहले भाजपा ने अति आत्मविश्वास के साथ 'अबकी बार 400 पार' का नारा लगाना शुरू किया था तब संघ परिवार के लोगों ने उन्हें जमीन पर रह कर काम करने की सलाह दी थी लेकिन पार्टी के नेताओं को 'मोदी है तो मुमकिन है' नारे पर इतना भरोसा हो गया था कि उन्होंने किसी की नहीं सुनी और आखिरकार मुंह की खानी पड़ी। लगभग ऐसी ही स्थिति 2004 के लोकसभा चुनावों के दौरान भी हुई थी जब भाजपा के नेता इंडिया शाइनिंग के नारे पर इतना भरोसा कर रहे थे कि उन्होंने जमीनी कार्यकताओं की अनदेखी कर दी थी। रही सही कसर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के कथित तौर पर आरएसएस के बारे में दिये गये बयान से पूरी हो गयी थी। चुनावों के बीच ही आरएसएस कार्यकताओं ने जिस तरह भाजपा से दूरी बना ली थी उससे पार्टी के चुनावी प्रदर्शन पर बुरा असर पड़ा।संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जिस तरह इशारों इशारों में भाजपा की कार्यशैली पर सवाल उठाये हैं उससे यह भी संकेत मिल रहे हैं कि भाजपा के नये अध्यक्ष के चयन में अब नागपुर की ही चलेगी।



उल्लेखनीय है कि 2009 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की हार के बाद भागवत की पहल पर ही नितिन गडकरी को नागपुर से दिल्ली भेजा गया था ताकि वह पार्टी को संभालें। उस समय भाजपा में लालकृष्ण आडवाणी, राजनाथ सिंह, सुषमा स्वराज और अनंत कुमार जैसे नेता दिल्ली की राजनीति में प्रभावी थे लेकिन सबको दरकिनार कर गडकरी को लाया गया था।मोहन भागवत के संबोधन में उन्होंने एक तो उन्होंने मणिपुर में एक वर्ष बाद भी शांति स्थापित नहीं होने पर चिंता जताई है साथ ही देश के सभी समुदायों के बीच एकता पर जोर दिया है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि आरएसएस ह्यह्यकैसे हुआ, क्या हुआह्लह्ल जैसी चचाओं में शामिल नहीं होना है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आम सहमति की आवश्यकता है ताकि आम जनता के लिए काम किया जा सके। श्री भागवत ने स्पष्ट कहा है कि चुनाव बहुमत हासिल करने के लिए होते हैं और यह एक प्रतिस्पर्धा है, युद्ध नहीं। उन्होंने विपक्ष को विरोधी कहने की बजाय प्रतिपक्ष नाम से पुकारने का सुझाव भी दिया है। भागवत का यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि राजनीतिक दल और नेता एक-दूसरे की बुराई कर रहे हैं इससे समुदायों के बीच दरार पैदा हो सकती है। चुनाव में हमेशा दो पक्ष होते हैं, लेकिन जीतने के लिए झूठ का सहारा नहीं लिया जाना चाहिए। तकनीक का उपयोग करके झूठ फैलाया गया। उल्लेखनीय है चुनावों के बीच ही गृह मंत्री अमित शाह का आरक्षण के बारे में विवादित बयान वाला डीपफेक वीडियो जारी किया गया था जिसे कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा भी कर दिया था।

श्री भागवत ने देश की विविधता का सम्मान करते हुए आगे बढ़ने की नसीहत देते हुए यह भी कहा कि एक दूसरे की उपासना पद्धति का सम्मान किया जाना चाहिए। भागवत का यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि इस्लाम और ईसाई जैसे धर्मों की अच्छाई और मानवता को अपनाया जाना चाहिए और सभी धर्मों के अनुयायियों को एक-दूसरे का भाई-बहन के रूप में सम्मान करना चाहिए। देखा जाये तो भागवत की यह नसीहत उन लोगों के लिए खासतौर पर है जो टीवी की बहसों और सोशल मीडिया पर अपनी टिप्पणियों में धर्म विशेष को निशाना बनाते हैं। यकीनन ऐसे लोगों के चलते ही समुदायों के बीच अविश्वास बढ़ता है। इसके अलावा, जो लोग बात-बात पर दूसरों को देश छोड़कर कहीं ओर बस जाने की सलाह देते हैं, उनकी ओर इशारा करते हुए भागवत ने कहा है कि सभी को यह मानकर आगे बढ़ना चाहिए कि यह देश हमारा है और इस भूमि पर जन्म लेने वाले सभी लोग हमारे अपने हैं। संघ प्रमुख ने अतीत की बातों को भूलने और सबको अपनाने की सीख दी है। साथ ही उन्होंने जातिवाद को पूरी तरह से खत्म करने का आह्वान करते हुए अपने संगठन के पदाधिकारियों से समाज में सामाजिक सद्भाव की दिशा में काम करने के लिए कहा है।

## एक नजर

### पत्रकार को मातृशोक



**हजारीबाग।** कटकमदाग प्रखंड के सलगावां निवासी पत्रकार लखन पासवान की माता बोधनी देवी का शनिवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 86 वर्ष की थी। पिछले 5-6 दिनों से वह बीमार थी। उन्हें ईलाज के लिए एसबीएमसीएच हजारीबाग में भर्ती कराया गया था। ईलाज के दौरान उनका निधन हो गया। रविवार को सलगावां पचपौनिया मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन के साथ-साथ गांव व शहर के कई गणमान्य लोग शरीक हुए। वे अपने पीछे दो पुत्र, दो पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई।

### बिजली की तार चोरी करने पहुंचे युवक की पोल से गिरने से हुई मौत


**चान्हो।** थाना क्षेत्र के नुन्हु ग्राम मैं बिजली का तार चोरी करने पहुंचे एक युवक की पोल से गिरने के कारण मौत हो गई । मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह लगभग 3:00 बजे मांडर के सुरसा निवासी 30 वर्षीय तहा अंसारी अपने कुछ दोस्तों के साथ पिकअप वैन को लेकर बिजली का तार चोरी करने पहुंचा था। तहा अंसारी पोल के ऊपर चढ़कर तार को काट रहा था इसी दौरान किसी एक ग्रामीण की नजर पड़ी और उसके द्वारा शोर मचाने पर बहुत सारे गांव के लोग जमा होने लगे। ग्रामीणों की बढ़ती भीड़ देखकर उसके अन्य साथी पिकअप वैन लेकर फरार हो गए। जबकि वह ग्रामीणों की भीड़ देखकर हड़बड़ में उतरने के कारण वह पोल से गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

### व्यवहार न्यायालय के समीप सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**रांची।** रामगढ़ व्यवहार न्यायालय के निकट रामगढ़-बोकारो मार्ग एनएच 23 पर सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।मिली जानकारी के मुताबिक रजरप्पा के कडराडी से चुरचू जुमरी बेलगड्डा मोटरसाइकिल से पति, पत्नी और सास जा रहे थे। उसी दौरान छत्तर मांडू व्यवहार न्यायालय के निकट धर्मकांटा के पास एक ट्रक ने मोटरसाइकिल पर सवार तीनों को ले लिया। जिसमें सास मूर्ति टुडू की मौत मौके पर हो गई । वहीं, बेटी सूरजमुनी सोरेन और दामाद सोनाराम मुर्मू गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान सूरजमुनी सोरेन की मौत हो गई। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल सोनाराम मुर्मू को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों का कहना है कि अभी कुछ नहीं किया जा सकता है। अभी कुछ इलाज के बाद ही कहा जा सकता है।

**बिजली संकट को लेकर विधायक ने अधिकारियों संग की बैठक, कहा**

# सिल्ली में बिजली की लचर व्यवस्था को जल्द दुरुस्त करे विभाग : सुदेश महतो



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो ने विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त बिजली समस्याओं को लेकर रविवार को कांके रोड रांची स्थित अपने आवास पर बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के जीएम प्रभात कुमार श्रीवास्तव कार्यपालक अभियंता समेत कई अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान बिजली संबंधित कई समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में विधायक सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली की लचर व्यवस्था को सुधारने के लिए कई दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सिल्ली की जनता के लिए बिजली की व्यवस्था दुरुस्त हो जो भी कमियां हो उसे शीघ्र ठीक किया जाए जिससे सिल्ली की जनता को निर्बाध बिजली मिल सके। अधिकारियों ने कहा कि पूरे राज्य में बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है। विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि लोड सेटिंग कम करें एवं सिल्ली में बिजली आपूर्ति बहाल करें। साथ ही किसानों की सिंचाई योजनाओं का लाभ मिले एवं सर्वे किए गए गांव में किसानों के लिए बिजली आपूर्ति शीघ्र बहाल करें। कृषि विद्युत योजनाओं का लाभ किसानों को जल्द से जल्द मिले इसके लिए सर्वे किये गये गांव को किसानों के लिए बिजली पोल एवं तार का व्यवस्था कर विद्युत आपूर्ति किया जाए। सिल्ली विधानसभा में जिन गांवों में किसानों को सिंचाई के लिए विद्युत आपूर्ति की जाएगी उनमें से झाबरी, बारेडीह, चोकेसरेंग, बासुडीह, रानाडीह, बी नवाडीह, दुलमी, तेतला, बिदीर्डीह, सोमाडीह, मरांगडीह, जितुडीह, गाड़ाडीह, मुकरूडीह आदि गांव में किया जाएगा। विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सिल्ली आस पास में बिजली आपूर्ति में किसी भी तरह के त्रुटियों को समाप्त करे।जिससे सिल्ली के जनता को बिजली जैसे समस्याओं से जूझना ना पड़े।

# घर में आग लगने से लाखों का नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** थाना क्षेत्र के रमदग्गा गांव में रविवार की दोपहर एक घर में लगी आग की लपटों से अगल बगल के कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग को बुझाने के लिए दमकल की दो गाड़ियां को काफी मशक्कत करनी पड़ी। आग इतनी ज्यादा फैल चुकी थी कि उसे बुझाने में लगभग दो घंटे लग गए। इस घटना में लगभग दस लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। मिली जाकारी के अनुसार गांव की एक महिला प्रमिला देवी दोपहर एक बजे कोयले के चूल्हे में खाना बना रही थी। खाना बनाने के बाद चूल्हे को बिना बुझाए घर की महिलाएं नहाने चली गई। इसी बीच उसके घर से धुआं निकलने लगा, आसपास के लोग जब तक जमा होते तब तक लकड़ी का घर होने के कारण उसके घर में आग पूरी तरह लग चुकी थी। देखते ही देखते आग की लपटों ने प्रमिला के घर के आसपास स्थित अनिल साहू, राजेश साहू, भीम साहू, सुदेश साहू, किशोरी साहू, दीपक साहू, नकुल साहू, महेंद्र साहू और मनोज साहू के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने आग को बुझाने का प्रयास किया पर वे असफल रहे। ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने ही चान्हो पुलिस ने खलारी सीसीएल से दमकल की एक गाड़ी और साथ ही राजधानी से भी एक दमकल की गाड़ी मंगाई। दोनों ही गाड़ियों ने दो घंटे के अथक प्रयास के बाद आग बुझाने में सफलता पाई। गर्मी का मौसम होने के कारण आग और धधकने लगा था। यह आग को देखकर लोग काफी दहशत में थे। उनका कहना था ऐसा न हो कि दूसरे को भी नुकसान हो जाये।

**कोयला के चूल्हे से लगी थी आग, दो दमकल गाड़ियों ने अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। दमकल के आते-आते घर को काफी नुकसान हो चुका था**

आग को बूझते तब तक इन घरों में रखे खाना पीना बनाने के समान, कपड़ा वगैरह सारा चीज जलकर पूरी तरह राख हो चुका था। आग से प्रभावित लोगों ने मुआवजे की गुहार लगाई है।ये सभी गरीब परिवार से थे, इतने लोगों में से केवल एक व्यक्ति का घर एस्बेस्टस का था बाकी सभी के घर लकड़ी का बना हुआ था। इन लोगों ने तत्काल मुआवजे की गुहार लगाई है।

**मांडर में आरोग्य अमृततुल्य की 722 वीं शाखा का शुभारंभ**

# अलग-अलग फ्लेवर का चाय व शेक होगा उपलब्ध



**नवीनम मेल संवाददाता। रांची** मांडर बाजारटांड़ मांडर में आरोग्य अमृततुल्य का शाखा संख्या 722 का शुभारंभ रविवार को हुआ। इस दौरान पिठौरिया मुखिया मुन्नी देवी, संचालक मोहम्मद इसराइल अंसारी मोहम्मद महफूज अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। संचालक मोहम्मद इजराइल अंसारी और मोहम्मद महफूज अंसारी ने बताया कि यह केंद्र चाय प्रेमियों का चार्जिंग प्वाइंट साबित होगा। उन्होंने बताया मांडर का यह पहला चाय स्टाल है। यहां अलग अलग स्वाद के चाय उपलब्ध है।जो अपने में एक अलग अहसास दिलाएगा। यहां पर अलग अलग स्वाद के चाय उपलब्ध है। जो अपने में एक अलग अहसास दिलाएगा। यहां पर मसाला चाय 10 रुपए, लेमन टी 15 रुपए, ब्लैक टी 15 रुपए, गुड़ चाय 20, ग्रीन टी 20, कॉफी 20, चॉकलेट टी 20 रुपए, शुगर फ्री चाय 20 रुपए, कॉफी 20, तुलसी टी 20, कुल्हड़ चाय 15 कप इसके अलावा नींबू शर्बत ?30, मसाला पेरू शरबत 30, कला खट्टा शरबत 30, ऑरेंज ड्रिंक 30, शाही ठंडाई 30, मैंगो मिल्कशेक 40 रुपए प्रति की दर से उपलब्ध है। इस मौके पर अल्बिन लकड़ा जेएमएम नेता सह हटिया विधानसभा प्रभारी आरोग्य अमृततुल्य सोप का ओनर इसराइल अंसारी युवा समाजसेवी महफूज अंसारी मुंतज़िर खान, राजेश लिंडा, अशफाक अंसारी, आलम अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

### चान्हो प्रखंड में बकरीद की नमाज को लेकर टाइम टेबल

**चान्हो।** प्रखंड में ईद उल अजहा (बकरीद) की नमाज का टाइम इस प्रकार है बलसोकरा मदरसा चौक ईदगाह में 6:45 में, पंडरी जमा मस्जिद में 6:45 में, मस्जिद ए आयशा पंडरी में 7:0, बजे चटवल ईदगाह में 7:30 में, सोंस जामा मस्जिद में 6:30 में, मेलानी ईदगाह में 6:30 में, पकरयो जामा मस्जिद में 7:00 बजे सुकुरहुटू मस्जिद में 6:30 में, लुंडरी ईदगाह में 6:30 में टांगर ईदगाह में 6:30 में हुटार ईदगाह में 6:30 में, पिपरा टोली ईदगाह में 6:30 में तरंगा, ईदगाह में 7:00 बजे, चोरया , जामा मस्जिद में 6:45 में, सोनचिपी ईदगाह में 6:00 बजे करकट मस्जिद में 6:30 में, चामा जामा मस्जिद में 6:30 में पूरना डीह जामा मस्जिद में 7:00, सिलागाई मस्जिद में 7:00 बजे नौदी जमा मस्जिद में, 7:00चोड़ा, मस्जिद में 7:00 बजे लपरा, मदीना मस्जिद में 7:00 बजे नमाज अदा की जायेगी। सभी लोगों इस नमाज को लेकर एक पहले से ही तैयारियों में जुट गये हैं और सोमवार को अदा की जायेगी।

**पर्व** | **हजरत इब्राहिम पुत्र मोह त्याग कर इस परीक्षा में खरे उतरे**

# त्याग और बलिदान का प्रतीक है ईद-उल-अजहा का पर्व



**मांडर।** ईद उल अजहा जिसे बकरीद के नाम से जाना जाता है.यह इस्लामी कैलेंडर के अनुसार जिल हिज्जा महीना की दसवीं से 12वीं तारीख तक अर्थात तीन दिनों तक मनाए जाने वाला त्योहार है. बलिदान का प्रतिक है ईद-उल-अजहा का त्योहार। यह पर्व कुर्बानी का पर्व है।यह तीन दिन तक मनाया जाता है। इस तीन दिनों में अल्लाह के राह पर कुर्बानी दी जाती है हर मुसलमान पर कुर्बानी अनिवार्य है जो आर्थिक रूप से सबल हो. यह पैगंबर हजरत इब्राहिम अलैहिसलाम की सुन्नत है जिसमें उन्होंने ईश्वर के आदेश पर अपने इकलौते पुत्र हजरत इस्माइल को अल्लाह के राह में कुर्बान करने के लिए तैयार किया था. हजरत इब्राहिम ने पुत्र मोह को त्याग कर इस परीक्षा में खरे उतरे. परन्तु अल्लाह के हुकुम पर पुत्र के स्थान पर दुम्बा की कुर्बानी अल्लाह को इतना पसंद आया की यह त्याग और समर्पण सुन्नते इब्राहिम के रूप में जाना जाने लगा. यह त्योहार पूरी दुनिया के मुसलमानो को यह संदेश देता है कि हर मुसलमान अल्लाह की राह में समर्पित रहें.बंदे का समर्पण अल्लाह को पसंद है इसी महीना लाखों लाख लोग मक्का जाकर हज पूरी करते हैं और हजरत इब्राहिम की सुन्नत को पूरी दुनिया के मुस्लमान जानवरों की कुर्बानी देकर अपने पैगम्बर के उसूलो की अदायगी करते हैं पूरी दुनिया में इस सुन्नत को कुबार्नी के रूप में मनाया जाता है इस्लाम धर्मावलंबियों का यह दूसरा सबसे बड़ा त्योहार है. यह त्योहार हमें यह संदेश देती है कि ईश्वर द्वारा ली गई कठिन परीक्षा के समय भी धौर्य और सयम से काम लेना चाहिए और ईश्वर के प्रति समर्पित होकर उनके आदेशों का पालन करना चाहिए.

**अखिल भारतीय संस्था संस्कार ग्रामीण का गठन किया गया**

# पुष्पेंद्र नाथ अध्यक्ष और विष्णु गिरि बनाये गये मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** कला संस्कृति एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की रांची जिला ग्रामीण इकाई का रविवार को गठन किया गया. इसको लेकर संस्कार भारती के प्रांतीय अध्यक्ष डा सुशील अंकन एवं महासचिव संजय श्रीवास्तव की देखरेख में सिल्ली के प्रेम वाटिका में कलाकारों की एक बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंहदेव ने की. भारत माता के पूजन एवं ध्येय गीत से कार्यक्रम की शुरूआत की गई. सर्व सम्मति से राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंहदेव संस्कार भारती रांची जिला ग्रामीण इकाई के अध्यक्ष बनाए गए. विष्णु गिरि को मंत्री एवं सरोज सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया. इसके बाद राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंहदेव अब रांची जिला ग्रामीण इकाई के विधा संयोजकों के नामों की घोषणा करेंगे. इनमें दृश्य कला, प्रदर्शन कला, लोक कला एवं प्राचीन कला की घोषणा होगी. बैठक के दौरान कलाकारों ने झूमर समेत कई लोक कलाओं की प्रस्तुति की. शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया. मौके पर काफी संख्या में कलाकार मौजूद थे।

# लतौना के आईएसओ सर्टिफिकेशन के लिए पंचायत स्तर पर तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड पंचायती राज विभाग ने जिले के पथरगामा प्रखंड के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित ग्राम पंचायत लतौना को आईएसओ सर्टिफिकेशन के लिए चयन किया है। इस बाबत पंचायत सचिवालय लतौना में दिल्ली से आए हुए प्रशिक्षक अशोक त्यागी, राजू कुमार सहित उनकी टीम ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत स्तरीय कर्मियों को प्रशिक्षण दिया और आईएसओ के मानकों को पूर्ण कर ग्राम पंचायत को जल्द से जल्द आईएसओ प्रमाणीकरण ग्राम पंचायत बनाने के लिए कार्य करने को कहा। पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार साह ने कहा कि पूरे झारखंड राज्य में पहले फेज में 31 ग्राम पंचायतों को आईएसओ सर्टिफिकेशन के लिए चयन किया गया है, जिसमें लतौना का भी नाम है। उन्होंने कहा कि आए हुए प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में हमारा ग्राम पंचायत सबसे पहले आईएसओ प्रमाणीकरण ग्राम पंचायत बनेगा। इस मौके पर ग्राम पंचायत लतौना के पंचायत समिति सदस्य मुकेश मुर्मू, उप मुखिया सुमित्री देवी, पंचायत सचिव अनुज कुमार झा, ग्राम रोजगार सेवक सुभाष चंद्र यादव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### ईद-उल-अजहा को लेकर शांति समिति की बैठक



**रामगढ़।** सोमवार को मनाये जाने वाले ईद-उल अजहा के त्योहार को लेकर रविवार को रामगढ़ थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में थाना प्रभारी अजय कुमार साहू, शांति समिति के सदस्य, विभिन्न अंजुमन के सदर सेक्रेटरी, पंचायतो के जनप्रतिनिधि, समाज के प्रबुद्ध लोग व विभिन्न राजनीतिक दलो के गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में बकरीद का त्योहार शांति ,सौहार्दपूर्ण तरीके से आपसी भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि बकरीद पर्व में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी व्यक्तियों की सहभागिता महत्वपूर्ण है । क्षेत्र में कहीं भी किसी प्रकार की कोई हिंसक व अप्रिय घटना नही हो इसके लिए सभी लोग सहयोग करें। कहा कि सभी के सहयोग से ही पर्व शांति और भाईचारे के साथ संपन्न होगा।

### उपकारा खूंटी में जेल लोक अदालत सह जागरुकता शिविर




**खूंटी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष रसिकेश कुमार के मार्गदर्शन में उपकार खूंटी में रविवार को जेल लोक अदालत सह कानूनी जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत में उपस्थित कैदियों को संबोधित करते हुए डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि जितने भी नए कैदी पढ़ाई अधूरी छोड़कर यहां रह रहे हैं और पढ़ाई पूरी करना चाहते हैं, वे पढ़ाई जारी रखने के लिए डालसा सचिव और कारा अधीक्षक को सूचित कर सकते हैं ताकि निःशुल्क सहायता प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि एक भारतीय नागरिक होने के नाते अपने अधिकारों का हनन न होने दें। मौके पर डीएलएसए सचिव और अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी ने महिला वार्ड का निरीक्षण किया और वार्ड में रह रहे बच्चों के बीच केक, टॉफी और अन्य खाद्य सामग्रियों का वितरण किया। कार्यक्रम में डीएलएसए के एलएडीसी अधिवक्ता अमरदीप कुमार, कारा अधीक्षक शहजाद खान डीएलएसए पीएलवी अंजू कच्छप और उपकार खूंटी के कर्मी उपस्थित थे।



रिम्स ओपीडी

मेडिसिन विभाग
डॉ विद्यापति

स्त्री रोग विभाग
डॉ शशि बाला

चर्म रोग विभाग
डॉ डीके मिश्रा
प्रो (डॉ) संजय कुमार सिंह

पेडियाट्रिक विभाग
डॉ आर मिश्रा

नेत्र विभाग
डॉ सुनील कुमार

ईएनटी और एचएनएस विभाग
डॉ आरके चौधरी

मनोचिकित्सा विभाग
डॉ अजय कुमार बाखला

# किसके आदेश पर चल रही हैं शहर में नो एंट्री के समय इंटरसिटी बसें

नवीन मेल संवाददाता। रांची
राजधानी रांची की यातायात व्यवस्था ऊपर वाले के भरोसे है। जहां देखो वहां जाम लगी रहती है, कुछ स्थानों पर सड़क जाम इंटरसिटी बसों के कारण भी होती है। इंटरसिटी बसों की दबंगई को रोक पाने में नगर निगम हो, यातायात पुलिस हो या जिला परिवहन विभाग हो, सभी असफल नजर आते हैं। नियम तो यह है कि नो एंट्री के समय, अर्थात सुबह आठ बजे से रात्रि नौ बजे तक इंटरसिटी बसें शहर में प्रवेश न करें, लेकिन इससे उलटा हो रहा है। नो एंट्री के समय भी चाहे वातानुकूलित इंटरसिटी बसें हों या सामान्य इंटरसिटी बसें, सभी शहर में प्रवेश करती हैं। सड़क के बीचो-बीच खड़ी होती हैं। उन इंटरसिटी बसों से यात्रियों के कहीं भी उतरने-चढ़ने से जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। यातायात पुलिस अधीक्षक कैलाश करमाली से इस संबंध में जब बात की गई, तो उन्होंने कहा कि कोई भी इंटरसिटी बस नो एंट्री के समय शहर में प्रवेश नहीं करती है, जबकि बात इससे उलट है। आखिर प्रशासन के कानों में जूं कब रेंगेगा कि वे लोग गंभीरतापूर्वक ट्रैफिक जाम का संज्ञान लेंगे और इंटरसिटी बसों के मनमाने रवैये पर लगाम लगाएंगे।










## योगदा सत्संग आश्रम में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

# निजी स्वरूप आनंद से भरा है, बाहर खोजने की जरूरत नहीं : स्वामी ईश्वरानंद गिरि







अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

नवीन मेल संवाददाता। रांची
दसवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया (वाईएसएस) के रांची आश्रम ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 450 से भी अधिक लोगों ने भाग लिया, जिनमें से अधिकांश लोग पहली बार आये थे। कार्यक्रम में आगन्तुकों को योग-ध्यान के मूल सिद्धान्तों से परिचित कराया गया। वरिष्ठ वाईएसएस संन्यासी स्वामी ईश्वरानंद गिरि ने ह्ध्यान-योग द्वारा संतुलन एवं शांति प्राप्त करनाह्ल विषय पर बोलते हुए सत्यान्वेषियों को आन्तरिक प्रशान्ति की खोज करने के लिए प्रोत्साहित किया, जो हम सब के अन्दर विद्यमान है। इस शान्त आश्रम में एक रविवार को प्रातःकाल उत्साहपूर्ण ढंग से अनेक सत्यान्वेषियों को आकर्षित करते हुए, यह अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम श्री श्री परमहंस योगानन्द–वाईएसएस के संस्थापक और अत्यन्त लोकप्रिय पुस्तक योगी कथामृत के लेखक के परिचय के साथ प्रारम्भ हुआ। नवागन्तुकों को योग के माध्यम से अनुभव की जा सकने वाली शान्ति से परिचित कराने के लिए, स्वामीजी ने हिन्दी में एक निर्देशित ध्यान सत्र का संचालन किया, जिसमें सही मुद्रा का अभ्यास, प्रारम्भिक श्वसन व्यायाम, एक प्रतिज्ञापन और एक मानसदर्शन सम्मिलित था। इस कार्यक्रम के यूट्यूब से सीधे प्रसारण के माध्यम से भी इस आध्यात्मिक संस्था के देशव्यापी आश्रमों, केन्द्रों और मण्डलियों से लगभग 400 लोगों ने भाग लिया। और अंत मे वाईएसएस ने सत्य की खोज करने वालों को आमन्त्रित किया कि वे वाईएसएस मार्ग द्वारा गृह-अध्ययन पाठमाला के माध्यम से प्रदान की जाने वाली इन क्रियायोग शिक्षाओं के विषय में वाईएसएस वेबसाइट के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**स्वामी ईश्वरानंद ने कहा कि हमारा निजी स्वरूप आनंद से भरा है, इसे बाहर खोजने की जरूरत नहीं है, यह हमारे भीतर ही मौजूद है, बस पर्दा हटाने की जरूरत है। स्वामी ईश्वरानंद ने कहा कि हमें अपने स्वरूप को जानने की जरूरत है कि मैं कौन हूं और क्या हूं ? लेकिन लोग इसे ही नहीं पहचान पाते हैं। इसे पहचाने में हमारा मन और शरीर ही बाधक बन जाता है। इन संकीर्ण विचारों को हम दूर नहीं कर पाते हैं। हमारे और भगवान के बीच यहीं मन और शरीर पर्दा बन जाते हैं। योग विज्ञान सिद्धांत इसी पर्दा को हटा कर हमें जागृत करता है। जिससे हमें शांति मिलती है।**



## सीएमपीडीआई में स्वच्छता पखवाड़ा शुरू

रांची। केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत सीएमपीडीआई 16 से 30 जून तक स्वच्छता पखवाड़ा मना रही है। इसी कड़ी में रविवार को सीएमपीडीआई के चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज कुमार ने कर्मियों को शपथ दिलाकर स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत की। सीएमपीडीआई में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक को खत्म करने के लिए जागरूकता अभियान, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल आदि और स्वच्छता अभियान, अपशिष्ट, कचरे का निपटान जैसी गतिविधियां की जाएंगी। लोगों के बीच स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रश्नोत्तरी (क्विज), निबंध लेखन (एस्से राइटिंग) और ड्राइंग प्रतियोगिताएं (ड्राइंग कांपीटिशन) आयोजित की जाएंगी।
इस मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक शंकर नागाचारी और क्षेत्रीय संस्थान-3 के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती, मुख्यालय व क्षेत्रीय संस्थान-3 के महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष, वरीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

■ सीएमडी ने कर्मियों को दिलाई शपथ

# आगजनी कर मजदूर को जिंदा जलाने वाला अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची। रांची के मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र में आगजनी कर मजदूर को जिंदा जलाने वाले एक अपराधी नरेश यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक राइफल और तीन गोली बरामद की गई है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गत 28 मई को मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र में रात में चामा-मैक्लुस्कीगंज रोड पर स्थित दुल्ली करमकोचा टोला के पास सड़क किनारे खड़े सिंह इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की ड्रील मशीन लदे कंटेनर ट्रक को अज्ञात असामाजिक तत्वों ने आग लगा कर जला दिया था। घटना में संजय भुईयां नामक मजदूर की जल कर मौत हो गई थी। सिंह इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड बीएसएनल का फाइबर केबल बिछाने का काम कर रही थी। इस संबंध में कंपनी के चालक अखिलेश ठाकुर के लिखित आवेदन के आधार पर मैक्लुस्कीगंज थाने में प्राथमिक की दर्ज की गई थी। मामले में एक अपराधी नरेश यादव को गुप्त सूचना के आधार पर दुल्ली जंगल से हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि थाना क्षेत्र एवं आसपास के सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में लगातार हथियार का भय दिखाकर अपने साथियों के साथ रंगदारी के पैसे की उगाही कर रहा था। कड़ाई पूछताछ करने पर उसने आगजनी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार नरेश यादव ने पूछताछ में बताया कि 13 मई को कंपनी की साइट पर जाकर उन लोगों ने मजदूर लोगों को धमकाया था तथा चालक का मोबाइल लेकर चले गए थे। उसी मोबाइल से ठेकेदार से दो लाख की रंगदारी की मांग की थी। अंत में ठेकेदार द्वारा 20 हजार रुपया देने की बात हुई थी। ठेकेदार द्वारा पैसा नहीं देने के कारण ही गुस्सा होकर अन्य साथियों के साथ मिलकर आगजनी की घटना को अंजाम दिया था।



## रांची में लॉ वर्कशॉप में आरपीएफ कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

रांची। हटिया डीआरएम बिल्डिंग के सेमिनार हॉल में रविवार को लॉ वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, रांची मंडल के आरपीएफ अफसरों और स्टाफ को पुराने कानून में हुए संशोधन का प्रशिक्षण दिया गया। वर्कशॉप में रांची लॉ कॉलेज के प्रोफेसर एस श्रीवास्तव एवं उत्कर्ष वर्मा तथा अधिवक्ता प्रदीप सरकार ने आरपीएफ कर्मियों को आपराधिक कानून में बदलाव की जानकारी दी। वर्कशॉप की अध्यक्षता रांची मंडल के सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह ने की। प्रशिक्षण के दौरान भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के पहलुओं के बारे में पूरी जानकारी दी गई।

## रांची एसएसपी से मिला सोना चांदी व्यवसाय समिति का प्रतिनिधिमंडल



नवीन मेल संवाददाता। रांची
सोना चांदी व्यवसाय समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को वरीय आरक्षी अधीक्षक रांची से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। साथ ही, प्रशासन के लगातार सार्थक प्रयास को देखते हुए प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें और समय दिया है।
सोना चांदी व्यवसाय समिति के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष कुमार सोनी के नेतृत्व में पीड़ित दुकानदार न्यू पंचवटी ज्वेलर्स के मलिक दीपक साहू, चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य, व्यवसायी उमेश प्रसाद, भाजपा ओबीसी मोर्चा के महानगर अध्यक्ष गोपाल सोनी, कान्यकुब्ज पंचायत के महासचिव एवं व्यवसायी मुकेश, आरकेएसएम जिला अध्यक्ष उदय बर्मन आदि रांची एसएसपी से मिले। प्रतिनिधिमंडल ने घटना के बाद की कार्रवाई के संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक से जानकारी भी ली एवं पुलिस की कार्य प्रणाली पर संतोष जाहिर किया। इसके बाद 72 घंटे के बाद आंदोलन की जो समय सीमा निर्धारित की गई थी, उसे पुनः 72 घंटे के लिए आगे बढ़ा दिया गया।

# चंद्र प्रकाश बागला बने श्री श्याम मंडल के अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची महानगर की प्राचीनतम धार्मिक संस्था श्री श्याम मंडल की आम सभा रविवार को सत्र 2024-26 के निर्वाचन के लिए अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर के सभागार में हुई। सभा में बड़ी संख्या में मंडल के सदस्य उपस्थित थे।



अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि श्री श्याम प्रभु की असीम कृपा से विगत 57 वर्षों से श्री श्याम प्रभु की वंदना करते हुए श्री श्याम मंडल धर्म प्रचार व नर-नारायण सेवा कर रहा है। अब इसे और नई ऊंचाइयों पर ले जाने की आकांक्षा है। मंत्री धीरज बंका ने मंडल के कार्यों का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए वार्षिक प्रतिवेदन सभा के समक्ष प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सारस्वत ने वार्षिक आय-व्याय का ब्योरा सभा के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। भारी करतल ध्वनि के बीच ओम जोशी मंडल के संरक्षक मनोनीत किए गए। निर्वाचन अधिकारी विजय शंकर साबू ने नए पदाधिकारी व कार्यकारणी की निर्वाचन प्रक्रिया पूरी की। नए सत्र के लिए चंद्र प्रकाश बागला अध्यक्ष, मनोज सिंघानिया उपाध्यक्ष, धीरज बंका मंत्री, सुमित पोद्दार उपमंत्री, राजेश सारस्वत कोषाध्यक्ष, जीतेश अग्रवाल प्रचार मंत्री, विवेक ढांढनीया पूजा जागरण मंत्री, मनोज ढांढनीया श्रृंगार मंत्री निर्वाचित किए गए। ज्योति पोद्दार अंकेक्षक नियुक्त किए गए। कार्यकारणी सदस्य के रूप में ज्ञान प्रकाश बागला, प्रमोद बागड़िया, अजय शंकर साबू, अरुण धनुका, नितेश केजरीवाल, नितेश लखोटिया एवं अमित जालान निर्वाचित हुए।

# ईद उल अजहा आज, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

## डीजीपी के आदेश पर रैप, जैप, रैफ, आईआरबी, सीआरपीएफ की जिलों में हुई तैनाती



*सभी जोन के आईजी डीआईजी के पास 1000 पुलिस बल रिजर्व रहेंगे*

फाइल फोटो

नवीन मेल संवाददाता। रांची
ईद उल अजहा का पर्व सोमवार (17 जून) को मनाया जाएगा। बकरीद पर्व को लेकर राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस मुख्यालय ने बताया है कि 4900 पुलिस बल, छह कंपनी रैपिड एक्शन पुलिस, पांच कंपनी सीआरपीएफ, एक कंपनी सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स के अलावा 5000 होमगार्ड जवानों की अतिरिक्त तैनाती विभिन्न जिलों में की गई है। इसके अलावा, सभी जोन के आईजी और डीआईजी के पास 1000 पुलिस बल रिजर्व में रखा गया है। डीजीपी के आदेश पर आईजी अभियान ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। राज्य भर के थानों में सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील स्थान चिह्नित किए गए हैं। रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, गिरिडीह में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है, इन जिलों में रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) को लगाया गया है।
पुलिस मुख्यालय के तरफ से सभी जिले के एसपी को बकरीद के दौरान जवानों की प्रतिनियुक्त सभी सुरक्षा उपकरणों के साथ आवश्यकतानुसार स्थानों पर करने को कहा गया है। संवेदनशील इलाको में दंगा नियंत्रण उपकरणों, लाठी, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, केन शील्ड, टियर गैस गन सहित अन्य उपकरण के साथ जवान तैनात रहेंगे।

## शांति और सौहार्द बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा : रांची एसएसपी

रांची। राजधानी रांची में बकरीद को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा को लेकर राजधानी रांची में लगभग 3000 जवानों की तैनाती की गई है। इस संबंध में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि राजधानी रांची में बकरीद को लेकर सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए हैं। सभी डीएसपी और थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में लगातार पेट्रोल करने को कहा गया है। एसएसपी ने कहा कि अगर कोई शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करता है, तो उसे गिरफ्तार कर जेल भेजने का निर्देश दिया गया है। रांची एसएसपी ने बताया कि सभी संवेदनशील जगहों पर रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की तैनाती की गई है। इसके अलावा, झारखंड पुलिस के रैप, जैप, आईआरबी के जवानों को भी राजधानी में तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) को भी अलर्ट पर रखा गया है। अगर कहीं से भी आपातकालीन व्यवस्था करनी होगी, तो वहां दस्ता तुरंत मूव करेगा। इस बार पूरी राजधानी पर नजर रखने के लिए 70 जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इनकी निगरानी के लिए 50 से ज्यादा जवानों को तैनात किया गया है।

■ राजधानी में 3000 जवानों तैनात किए गए हैं
■ 70 जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं

## न्यूज | बॉक्स

### लायंस क्लब ऑफ रांची कैपिटल ने रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का किया अभिनंदन



रांची । लायंस क्लब ऑफ रांची कैपिटल के सदस्यों ने रांची के लोकप्रिय सांसद संजय सेठ को लोकसभा चुनाव 2024 में जीत के लिए और केंद्र सरकार में राज्य रक्षा मंत्री का दायित्व संभालने के लिए उन्हें फूल का बुके देकर एवं शॉल ओढ़ा कर अभिनंदन किया। पूर्व अध्यक्ष पंकज मिढा ने मिठाई खिला कर उन्हें बधाई दी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज गोयल ने बताया के सांसद संजय सेठ लायंस क्लब ऑफ रांची कैपिटल के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष हैं। इस कार्यक्रम में अनूप अग्रवाल, प्रमोद श्रीवास्तव, दीपक लोहिया, राजेश कसेरा, रेखा मिश्रा, संजीव कुमार, मनोज गोयल, पंकज मिढा एवं संस्था के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### क्लासिकल में आराध्या और वेस्टर्न में सौम्या बनी विजेता



रांची । एक्वा वर्ल्ड (मछली घर) में पिछले पांच शनिवार से चल रही 'डांस रांची डांस' नृत्य प्रतियोगिता का रविवार को ग्रैंड फिनाले था। इस डांस प्रतियोगिता का आयोजन एक्वा वर्ल्ड और दीपांजलि नृत्य ग्रुप ने संयुक्त रूप से किया था। फाइनल को वेस्टर्न और क्लासिकल दो कैटेगरी में बांटा गया था। वेस्टर्न में सौम्या श्री प्रथम, आमना फिरोज द्वितीय और निर्मला ने तृतीय स्थान प्रापत किया। क्लासिकल में आराध्या पल्ली को पहला स्थान मिला। आक्षरा बेहरा को दूसरा और समृद्धि को तीसरा स्थान मिला। फाइनल में एक्वा वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाह देव, को चेयरमैन डॉ विद्या, दीपांजलि के निदेशक झारखंड रत्न विपुल नायक उपस्थित थे। मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता डॉ अनिल कुमार, विशिष्ट अतिथि के रूप में ऋषिकेश लाल, आशुतोष द्विवेदी और निर्णायक मंडली में संदीपिका, प्रवीण दीक्षित, गौतम रंजन, निर्मल कुमार, नीतू कुमारी, गार्गी सोम मौजूद थे। बच्चों ने अपने नृत्य से उपस्थित दर्शकों को झुमा दिया। शुरुआत आश्वी ने गणेश वंदना से की। बच्चों ने क्लासिकल और मॉडर्न दोनों तरह के गानों में मंत्रमुग्ध कर देने वाला डांस प्रस्तुत किया। सभी विजेताओं को अतिथि एवं निर्णायकों ने पुरस्कृत किया और सर्टिफिकेट प्रदान किया।

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर के वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव को लेकर हुई बैठक



रांची। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर संचालन समिति की बैठक रविवार को प्रातः 9:30 बजे से स्वामी भगवानदास सत्संग हॉल में हुई। यह समीक्षा बैठक रामअवतार नारसरिया की अध्यक्षता में हुई। इसमें आगामी 21 जून से 23 जून तक होने वाली त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव की तैयारियों को लेकर व्यापक चर्चा की गई। प्रदीप नारसरिया ने 21 जून को निकलने वाली शोभायात्रा के बारे में सारी जानकारी दी। भक्तों के अभीष्ट फलदाता भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश जगतजननी महालक्ष्मी और भूदेवी के साथ पालकी पर विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे और भक्तों के दरवाजे तक जाकर एवं सड़क पर चलते हुए लोगों को दर्शन देकर कृतार्थ करेंगे। शोभायात्रा के साथ 151 माताएं पारंपरिक वेशभूषा में तिरुपति बालाजी का ध्वज निशान लेकर चलेंगी। भगवान की पालकी उठाने के लिए विशेषज्ञों का दल 19 जून को कांचीपुरम से रांची पहुंचेगी। शोभायात्रा अपराह्न 3:00 बजे मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगी। शोभायात्रा श्रीराणीसती मंदिर के सामने वाली गली से होते हुए हरमू रोड, गाड़ी खाना चौक से कार्ट सराय रोड होते हुए जेजे रोड, शहीद चौक, पुस्तक पथ, गांधी और महावीर चौक होते हुए श्रीराणी सती मंदिर रोड के स्वामी भगवान दास सत्संग हॉल में समाप्त होगी। श्री विनय धरनीधरका ने मंदिर परिसर और कल्याणोत्सव हॉल की सजावट के बारे में और भगवान तिरुपति जी की पुष्प श्रृंगार के बारे में व्यापक चर्चा की। अनूप अग्रवाल ने प्रतिदिन के भोग प्रसाद और रविवार को भगवान के विवाह के भंडारे के बारे में जानकारी दी। संचालन समिति के अध्यक्ष जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज अपने परिकरों के साथ श्रीधाम वृंदावन से 20 जून को रांची पहुंचेंगे। वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव के सारे कार्यक्रम श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी के निर्देशन में संपन्न होंगे।

### तीन अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

रांची। रांची के पुंदाग ओपी थाना पुलिस ने लूट कांड की घटना को अंजाम देने वाले तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में चतरा निवासी मोहम्मद मजहर आलम, सुधीर कुमार विश्वकर्मा और मोहम्मद अमन अंसारी शामिल हैं। इनके पास से एक देसी पिस्टल, दो जिंदा गोली, मैगजीन, पूर्व में लूटा गया अपाची बाइक, 19 मोबाइल, 1900 रुपये नकद, वायर कटर एक, दस लोहे का रिंच सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पुंदाग ओपी क्षेत्र अंतर्गत खरसीदाग में कुछ लोग कई अपराधिक घटना को अंजाम देकर घूम रहे है। साथ ही, कोई अन्य घटना को अंजाम देने का प्लान बना रहे हैं। सभी हथियार के साथ लैस हैं। सूचना के बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी कर कार्रवाई करते हुए तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया।

### वन बंधु परिषद की युवा इकाई ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



रांची । वन बंधु परिषद रांची शाखा की युवा इकाई ने रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन सेवा सदन अस्पताल में किया। इस शिविर के आयोजन में टीम हेल्प, प्रकृति और एनएचआरसीसी भी सहयोगी बने। शहर के युवाओं के साथ महिलाओं और बड़ों ने भी बढ़चढ़ कर रक्तदान किया, जिससे 30 से ज्यादा यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। यह थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चो की जान बचाने में इस्तेमाल किया जाएगा। इस कार्यक्रम को धरातल पर उतारने में उपाध्यक्ष कीर्ति मारू और सह सचिव अभिनव मित्तल का योगदान रहा। शिविर में अध्यक्ष विशेष केडिया, उपाध्यक्ष प्रिया पोद्दार, सचिव पूजा बागड़िया, अमित बजाज, अमन जैन, आयुष्य सरावगी, राधा ड्रॉलिया, ईशान लोहिया आदि उपस्थित थे। वहीं, युवाओं का उत्साहवर्धन करने के लिए रेखा जैन, रमेश धरणीधारका, जैदीप मोदी, अंचल किंगर, दीपक मारू उपस्थित रहे।

### लोकसभा चुनाव परिणाम को लेकर कांग्रेस में मंथन

# सात में पांच सीटों पर हार पार्टी के लिए चिंताजनक : डॉ प्रदीप

**ब्यूरो रिपोर्ट। रांची**

झारखंड में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के परिणामों की समीक्षा के लिए गठित चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की बैठक अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन में संपन्न हुई। बैठक में समिति के सदस्य प्रदीप तुलस्यान, भीम कुमार और सुल्तान अहमद उपस्थित थे।बैठक में प्रदीप कुमार बालमुचु सहित सभी सदस्यों ने आपस में विचार कर जमीनी स्तर पर लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा के लिए पूरा खाका तैयार किया। चुनाव परिणाम की समीक्षा के क्रम में कांग्रेस नेता बालमुचू ने कहा कि कांग्रेस ने 7 सीटों पर अपने उम्मीदवार गठबंधन के तहत उतारे थे, इसमें हमें सिर्फ दो सीटों पर ही जीत मिली, बाकी पांच सीटों पर हार के कारणों की पड़ताल जरूरी है। उन्होंने कहा कि झारखंड महागठबंधन की सरकार के द्वारा जनहित में किए गए कार्य और मोदी सरकार की विफलता, केंद्र सरकार द्वारा किसानों, महिला युवा और अन्य वर्गों के खिलाफ निर्णय लेने के बावजूद हार मिलना आगामी विधानसभा चुनाव में संगठन को और बेहतर करने की और प्रेरित करता है। अभी भी समय है कि हम समस्याओं की तह में जाकर संगठन की जमीनी हकीकत से रूबरू हो ताकि विधानसभा चुनाव तक संगठन को मजबूत कर हम 2019 से भी ज्यादा अच्छा परिणाम हासिल कर सके। बैठक के निर्णय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि प्रथम चरण में समिति गोड्डा, धनबाद,हजारीबाग,चतरा,रांची लोकसभा का दौरा करेगी। इस क्रम में लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक जिला मुख्यालय में समिति के सदस्य लोकसभा प्रत्याशी संबंधित लोकसभा क्षेत्र के जिला प्रभारी,जिला अध्यक्ष,जिला पदाधिकारी,प्रखंड अध्यक्ष,प्रखंड पदाधिकारी, लोकसभा प्रभारी,अग्रणी मोर्चा संगठन एवं विभाग,वरिष्ठ एवं महत्वपूर्ण कांग्रेसजनों से जानकारी लेंगे की चुनाव के दौरान किस प्रकार की चुक हुई है। जवाबदेह जिम्मेदार नेताओं ने किस हद तक अपने कार्यों का निर्वहन किया, सहयोगी दलों के साथ समन्वय की स्थिति सहित सभी पहलुओ की जानकारी ली जाएगी। उन्होंने बताया कि समिति 20 जून को गोड्डा 21 जून को धनबाद 22 जून को हजारीबाग 23 जून को चतरा एवं 24 जून को रांची लोकसभा क्षेत्र में चुनाव परिणाम की समीक्षा करेगी।



**लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस में चिंतन और आत्ममंथन के बीच अंतर्कलह भी तेज हो गया है। अक तरफ जहां प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर दो सीटों पर जीत को अपनी और पार्टी की बड़ी उपलब्धि बता रहे हैं, लेकिन कांग्रेस के कई नेता इसे वर्तमान प्रदेश नेतृत्व की विफलता मान रहे हैं और विधानसभा चुनाव से पहले नेतृत्व परिवर्तन की मांग कर रहे हैं। बंधु तिर्की सहित कई नेता तो विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में ही नेतृत्व परिवर्तन की मांग कर दी है। अब प्रदीप बालमुचू ने भी चिंता जताते हुए विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को धारदार बनाने की बात कर नेतृत्व परिवर्तन की तरफ ही इशारा किया है।**



## झारखंड में राजद का बड़ा जनाधार जनता के बीच जाएं नेता : लालू यादव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से उनके पटना स्थित आवास पर प्रदेश के प्रधान महासचिव संजय प्र यादव और मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने मुलाकात की। लालू प्र यादव ने दोनों नेताओं से कहा कि झारखंड और बिहार सहोदर भाई की तरह हैं, वहां राजद के विचारधारा को मानने वाले भारी संख्या में लोग रहते हैं, राजद का एकीकृत बिहार के समय से ही काफी जनाधार रहा है लगातार सदन में हमारा प्रतिनिधि रहा है। तेजस्वी यादव बिहार के तरह झारखंड में भी अत्यंत लोकप्रिय हैं। उनके सहभागिता को जन जन तक पहुंचाएं । इसलिए सभी लोग झारखंड में आगामी वार्ड-पंचायत एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए इसकी मजबूत तैयारी करें और राज्य में संगठन के लोगों को शहर एवं गांव गांव में जनता के बीच जाने का काम करें। लालू प्र यादव ने कहा कि राज्य में फासिस्ट ताकतों को रोकना है, भाजपा झूठा पार्टी है। लोगों को दिग्भ्रमित कर आपस में लडाने का काम करती है । इसलिए कट्टरपंथी पार्टी भाजपा का मुकाबला करने के लिए राजद इसका मुंहतोड़ जवाब दे सकता है । आप सभी लोग दलित पिछड़ा गरीब आदिवासी अल्पसंख्यक भाईयों से मिलकर एक परिवार के तरह उनके दुख तकलीफ के लिए योगदान देते रहें ।

### विधानसभा में तीन दर्जन सीटों पर दावेदारी करेगी राजद

लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन के तहत राजद को केवल पलामू सीट मिली थी, लेकिन इस सीट पर राजद की हार हुई। इसके बावजूद राजद आगामी विधानसभा में तीन दर्जन सीटों पर दावेदारी करने की योजना बना रही है। 2019 में राजद को 7 विधानसभा सीट मिली जिसमें केवल चतरा सीट पर जीत मिली।

## न्यूज | बॉक्स

### आईफा इंटरनेशनल ने फादर्स डे पर किया प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची ।** आईफा इंटरनेशनल रांची के मुख्य हॉल में रविवार को फादर्स डे पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पिता और उनके बच्चों के बीच रचनात्मकता और बंधन को मजबूत करना था। कॉफी कप पेंटिंग में, प्रतिभागियों ने अपनी अद्वितीय और रंगीन डिजाइनों से माहौल को जीवंत कर दिया। इसमें अरदिया, अरीबा रिजवान, अल्मा हसन, हुमैरा, गुफरान, आयशा, मिश्रात जुहरा, सिदरा और अम्मार अब्दुल्ला, मायरा और तशमीरा, शायान, अनम, युराज ने भाग लिया। इसके बाद कार्ड बनाने की प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने पिता के लिए प्यार और प्रशंसा से भरे कार्ड बनाए। इसमें सिद्रा अनवर का पॉप-अप डिजाइन वाला कार्ड सबसे रचनात्मक कार्ड के रूप में चुना गया। सभी रचनाओं को एक सामुदायिक गैलरी में प्रदर्शित किया गया। अंत में डायरेक्टर मोहम्मद साबिर हुसैन ने विजेताओं को मेडल और प्रमाणपत्रों के साथ पुरस्कृत किया। सभी प्रतिभागियों को उनकी उत्साहपूर्ण भागीदारी के लिए प्रशंसा पत्र दिए गए। फादर्स डे का केक काटकर सभी पिताओं के सम्मान में निदेशक मोहम्मद साबिर हुसैन ने कहा कि पिता हमारी जिंदगी में महत्व रखते हैं।

### 'योगा स्पेस' में महिलाओं के लिए एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन



**रांची ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर रातू रोड के 'योगा स्पेस' में रविवार को महिलाओं के लिए एकदिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर साल 21 जून को मनाया जाता है। कार्यक्रम के आरंभ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए जारी किए गए योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। योग स्पेस की संचालिका पूनम प्रसाद ने बताया कि इस शिविर में ज्यादातर महिलाएं उनके केंद्र की थीं और उन्होंने हर अभ्यास को बड़े उत्साह से किया। उन्होंने बताया कि अभ्यास में उन्हें खड़े होकर करने वाले, बैठकर करने वाले, पेट के बल लेट के करने वाले और पीठ के बल करने वाले आसन कराए गए। इसके साथ ही उन्हें प्रणायाम और ध्यान का भी अभ्यास कराया गया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम है 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग।' इसलिए महिलाओं को विशेष रूप से नियमित योग अभ्यास करना चाहिए। इससे उनका ना सिर्फ तन, बल्कि मन भी स्वस्थ रहेगा और वे पारिवारिक जिम्मेदारियां अच्छे से निभा सकेंगी। पूनम प्रसाद ने बताया कि आज सारे विश्व की महिलाएं योग को तेजी से अपना रही हैं। उन्होंने महिलाओं के लिए लाभकारी आसनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।

### जेसीआई यूथ ने किया 'एक शाम पूज्य बुजुर्गों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन



**रांची।** जेसीआई यूथ रांची ने बरियातू स्थित सीनियर सिटीजन ओल्ड एज होम में रविवार को 'एक शाम पूज्य बुजुर्गों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्था की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने कहा कि वृद्धों को भोजन करा कर और सेवा कर सभी वृद्धजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। वृद्व जनों के सम्मान एवं मनोरंजन के लिए कार्यकम प्रस्तुत किए गए। गाने गाए गए, उनके साथ डांस किया गया और अंताक्षरी खेली गई। उन्होंने कहा कि अपनों के प्यार से दूर वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों को जब मनोरंजन के साथ अपनेपन और प्रेम का माहौल मिला, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। जो लोग बुजुर्गों की सेवा करते हैं, उनकी आयु, विद्या, यश और बल में वृद्धि होती है। उनके मार्ग दर्शन मे हम काफी उन्नति कर सकते हैं। यदि हमारा धरती पर कोई वजूद है, तो उसमें हमारे माता-पिता एवं बुजुर्ग का योगदान है। मौके पर कार्यक्रम संयोजक सचिन ड्रोलिया, मोनिका गोयनका, विकास झाजारिया व अन्य सदस्य मौजूद थे।

### जनजातीय भाषा के शिक्षकों की बहाली के लिए 20 जून को निकलेगा विज्ञापन : मंत्री दीपक



**रांची।** राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के नेतृत्व में सरकार ने निर्णय लिया है कि जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं को अविलंब प्राथमिक स्तर पर शिक्षा के माध्यम से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इसलिए मंत्रिमंडल से हम लोगों ने स्वीकृति दी है। 20 जून तक इसका विज्ञापन आएगा और सभी जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं में घंटी आधारित शिक्षक आवेदन दे सकेंगे। नियुक्ति मिलेगी और बच्चे अपनी मातृभाषा में पढ़ाई कर सकेंगे। मंत्री ने कहा कि जनजातीय भाषा एकेडमी को भी जल्द मूर्त रूप देने का प्रयास किया जाएगा।

## पड़हा त्रिस्तरीय सामाजिक व्यवस्था की धरोहर : कालीचरण

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

खूंटी के नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि पड़हा व्यवस्था मुंडा मानकी व्यवस्था आदि युग का है। उस युग में संविधान नहीं था, सरकार भी नहीं थी। पड़हा के राजा, गांव के मुंडा, पाहन के हाथों में समाज संचालित करने का नियम-कानून, कायदा था। उन्हीं के द्वारा शासन चलता था और अच्छे ढ़ंग से चलता था। पड़हा में राजा-महाराजा व्यवस्था को आज भी आप निभा रहे हैं। कांग्रेस सांसद खूंटी सदर प्रखंड के डुंगरा गांव में रविवार को पड़हा जतरा सह सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए ।



सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा हमारी सांस्कृति, पड़हा व्यवस्था और नियम कानून थे, उसे नहीं छोड़ना है। उन्होंने कहा कि जो पड़हा जतरा लगता है, उसमें हमें अपने परम्परागत दैविक स्थल, पूजा पाठ, वेशभूषा के साथ नृत्य व संस्कृति को बचानें का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक परम्परा, संस्कृति और रीति-रिवाज ही हमारी पहचान है। संस्कृति और रीति-रिवाज को बचाये रखना हम सभी का कर्तव्य है। सांसद ने कहा कि आदिवासियों की पड़हा व्यवस्था त्रिस्तरीय सामाजिक व्यवस्था की धरोहर है। इसे अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए आदिवासी समाज को एकजुट होना होगा। आदिवासियों की रक्षा करके ही विश्व को बचाया जा सकता है। सदियों से चली आ रही इस पड़हा जतरा में लोगों की उपस्थिति इस बात को दशार्ता है, कि आज भी समाज के लोग अपनी धरोहर की रक्षा के लिए गंभीर है। सम्मेलन में दयामनी बारला, महादेव मुंडा, पीटर मुंडू, विजय कुमार स्वांसी आदि उपस्थित थे।

### एचइसी मजदूर संघ टूल डाउन के पक्ष में नहीं

रांची। एचईसी के तीनों प्लांटों में 17 जून से टूल डाउन हो सकता है। एचईसी श्रमिक संघ, एचइसी लिमिटेड श्रमिक कर्मचारी यूनियन, हटिया कामगार यूनियन, हटिया लोक मंच यूनियन और जनता मजदूर यूनियन टूल डाउन की तैयारी में है। उनका कहना है कि मांगें पूरी होने तक टूल डाउन जारी रहेगा। दूसरी ओर, एचईसी मजदूर संघ टूल डाउन के पक्ष में नहीं है। एचईसी मजदूर संघ की रविवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सुनील कुमार पांडेय ने की। सुनील पांडे ने कहा कि अभी एचईसी की स्थिति बहुत ही खराब है। ऐसी परिस्थिति में हम सभी को धैर्य से काम लेना होगा। हम श्रमिकों की एक भी गलती हमारे भविष्य को बर्बाद कर सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में एचईसी मजदूर संघ काम बंद करने के पक्ष में नहीं है। संघ बिना लिखित टूल डाउन का समर्थन नहीं करता है।वहीं, मजदूर संघ के महामंत्री रमा शंकर प्रसाद ने कहा कि संघ एचईसी की समस्याओं के निदान को लेकर लगातार प्रयासरत है। बहुत जल्द ही अच्छा होगा।

## राज्य में जंगल राज, विस चुनाव में सरकार की विदाई तय : संजय सेठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के भाजपा सांसद एवं केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने झारखंड सरकार पर हमला करते हुए कहा कि राज्य जंगल राज की ओर बढ़ रहा है। चोरीझडकैती राज्य में आम हो चुका है। पूरे देश में झारखंड भ्रष्टाचार के लिए चर्चित है। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता झामुमो सरकार की विदाई तय है। रविवार को भाजपा रांची महानगर और ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में भाजपा कार्यकताओं और नेताओं ने रांची के चिरोंदी में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ का अभिनंदन किया गया। अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकताओं के जी-तोड़ मेहनत एवं जनता का मोदी पर अटूट विश्वास से यह जीत सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि मेरे जैसे छोटे कार्यकर्ता को मोदी कैबिनेट में जगह मिलना यह सिर्फ भाजपा में ही संभव है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी एवं केंद्रीय नेतृत्व को आभार जताते हुए कहा की रांची की जनता का विश्वास कभी टूटने नहीं देंगे। रांची लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए हमे जो भी परिश्रम करना पड़े हम करेंगे।



### सेमीफाइनल जीते हैं, फाइनल बाकी है : सीपी

रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि अभी हम सभी सेमीफाइनल जीतें हैं। फाइनल चुनाव विधानसभा का होने वाला है। आने वाले विधानसभा चुनाव में रांची लोकसभा के सभी सीटों पर भाजपा की विजय होगी। हटिया विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि पूरा देश मोदी के नीतियों पर विश्वास कर रही है। झारखंड की जनता का विश्वास मोदी की नीतियों पर कायम है। आने वाले विधानसभा चुनाव में फिर से झारखंड में भाजपा की सरकार बनना तय है। उन्होंने कार्यकताओं से कमर कश कर विधानसभा चुनाव की तैयारी में लगने का आह्वान किया। महानगर अध्यक्ष वरूण साहू ने कार्यकताओं का आभार जताते हुए कहा कि महानगर के अंतर्गत आने वाले सभी चार विधानसभा में भाजपा का परचम फिर से लहरेगा।

## हमारा प्रयास होगा असहायों की मदद में झालसा भी बने सहयोगी : जस्टिस अंबुज नाथ

*श्रीकृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम में 'अपना घर' का हुआ शुभारंभ*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीकृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम, पुंदाग में रविवार को 'अपना घर' का शुभारंभ हुआ। साथ ही, 21 निराश्रितों को अपना घर की सौगात भी मिल गई। हाई कोर्ट के जस्टिस अंबुज नाथ ने इसका उद्घाटन किया। पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह मुख्य अतिथि, मुख्य आयकर आयुक्त कुमार संजय और डीसी राहुल कुमार सिन्हा बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जस्टिस अंबुज नाथ ने कहा कि बेसहारों का सहारा बनना, लोगों की मदद करना सब चाहते हैं, लेकिन कई कारणों से ऐसा कर नहीं पाते। उन्होंने कहा कि झालसा (झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार) पहले सिर्फ असमर्थों को कानूनी सलाह से मदद करता था, लेकिन अब इसका दायरा बढ़ गया है। यह मानसिक असहायों को भी लाभ पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि इस पुनीत कार्य में झालसा भी सहयोगी बने। डॉ माधुरी भारद्वाज ने कहा कि संतश्री के सार्थक पहल से देशभर में आठ आश्रम पहले से संचालित किये जा रहे हैं। राजधानी में यह नौवां अपना घर है। उन्होंने कहा कि यहां शारीरिक और मानसिक रूप से असहायों को चिकित्सा से लेकर जीवन उपयोगी सारी सुविधाएं मुफ्त दी जाएगी। दिल्ली से आए संस्था के सावरमल गोयल ने कहा कि इस सेवा कार्य के लिए चंदा नहीं मांगा जाता। ठाकुर जी की चिट्ठी लगाई जाती है। उन्हीं की कृपा से कोई न कोई दानवीर आवश्यकता पूरी कर देता है। संत सदानंद ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि समाज में 'नर सेवा नारायण सेवा' के भाव से कार्य करने वालों की कोई कमी नहीं है। बस कमी है तो सेवा लेने वालों की। अन्य राज्यों में इस तरह का अपना घर अपने उद्देश्यों को पूरा कर रहा है। झारखंड में यह पहला आश्रम है। जल्द ही इसे और विस्तार दिया जाएगा। समारोह के बाद संतश्री दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

## मानव सभ्यता के विकास में नदियों का सबसे बड़ा योगदान : अंशुल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

देवनद-दामोदर महोत्सव-2024-सह-गंगा दशहरा के अवसर पर राज्य के 44 स्थानों पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युगांतर भारती, नेचर फाउंडेशन, दामोदर बचाओ आंदोलन और देवनद-दामोदर क्षेत्र विकास ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। बोकारो जिला के ललपनिया में मुख्य अतिथि के तौर पर गोमिया के विधायक लम्बोदर महतो, दामोदर एवं भैरवी नदी के संगम पर स्थित रजरप्पा मंदिर, रामगढ़ में मुख्य अतिथि के रूप में वस्तु एवं सेवा कर आयुक्त, भारत सरकार, संतोष कुमार वत्स एवं युगांतर भारती के कार्यकारी अध्यक्ष अंषुल शरण, चन्द्रपुरा बोकारो में वरिष्ठ महाप्रबंधक सह परियोजना प्रधान, चंद्रपुरा परियोजना, मनोज कुमार ठाकुर रांची के चुटिया स्थित इक्कीस महादेव मंदिर में भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष, धर्मेंद्र तिवारी सहित हजारों लोग पूरे राज्य से अपने-अपने क्षेत्रों मां शामिल हुए। इस अवसर पर संतोष कुमार वत्स ने कहा कि देवनद-दामोदर महोत्सव-2024-सह-गंगा दशहरा कार्यक्रम अत्यंत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण जागरूकता को प्रोत्साहन मिलता है' युगांतर भारती के कार्यकारी अध्यक्ष, अंशुल शरण ने कहा कि आज का दिन नदियों का आभार मानने का दिन है। मानव सभ्यता में नदियों का ही सबसे बड़ा योगदान है।

### भावी कार्यक्रमों पर चर्चा / आजसू केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक आयोजित

## राज्य में मौजूदा हालात बदलने के लिए काम करें : सुदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू की केंद्रीय समिति की बैठक रविवार को रांची के कांके रिंग रोड में आयोजित की गई। जिसमें पार्टी की भावी रणनीतियों और कार्यक्रमों पर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, नवनिर्वाचित सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी सहित कई पूर्व विधायक और तमाम प्रदेश स्तरीय नेता शामिल हुए। केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि राज्य में मौजूदा राजनीतिक हालात बदलने के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता संकल्पित होकर काम करें। समय कम है और हमारी जिम्मेदारी बड़ी है। राज्य के विषय विचार और भावना की रक्षा करने की प्रतिबद्धता को मजबूती प्रदान करें। जनता के बीच अपनी मौजूदगी को रिश्ते में बदलना है। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि संघर्ष ही हमारी पहचान है। संघर्ष के बूते ही हम अपने संकल्पों को पूरे करेंगे। इस राज्य ने पिछले साढ़े चार साल में खोया बहुत कुछ है। उसे वापस लाना है। इसलिए एक-एक कार्यकर्ता ईमानदारी से काम करें। केंद्रीय अध्यक्ष ने मतदाताओं का आभार जताते कहा कि गिरिडीह लोकसभा सीट में पार्टी के उम्मीदवार चंद्रप्रकाश चौधरी को जीत दिलाने में कार्यकताओं और गठबंधन के सहयोगी साथियों का साथ महत्वपूर्ण रहा है। यह कोई साधारण जीत नहीं है। गिरिडीह से पार्टी के एकमात्र सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि हर चुनौती का सामना हम सभी को मिलकर करना है। चुनाव परिणामों की समीक्षा आवश्यक है। समीक्षा उपरांत उस कमी को दूर करना है। हम सभी को एक कार्यकर्ता के नाते अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ पूरा करना है। पूर्व मंत्री रामचन्द्र सहिस ने कहा कि आजसू के पास स्पष्ट नीति और विचार है। झारखंड को राजनीति का प्रयोगशाला बना दिया गया है। यह निराशाजनक है। गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि आजसू पार्टी सिर्फ जीत की नहीं विकास की बात करती है।



### 22 जून को बलिदान दिवस

आगामी 22 जून को आजसू पार्टी अपना स्थापना दिवस राज्यभर में बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी। इस दिन सभी विधानसभा में विधानसभा स्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष एवं गिरिडीह लोकसभा सांसद श्री चंद्र प्रकाश चौधरी, उपाध्यक्ष उमाकांत रजक, प्रधान महासचिव रामचन्द्र सहिस, महासचिव लम्बोदर महतो, उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता, हसन अंसारी, गणेश गंझू, डॉ देवशरण भगत, रौशन लाल चौधरी, राजेंद्र मेहता, राधेश्याम गोश्वामी, इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## हमारी दृष्टि प्रकृति के साथ जीने की है प्रकृति पर विजय पाने की नहीं : प्रफुल्ल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड भारत पर ग्रीक, शक, हूण, अरब, मंगोल, पुर्तगाली सहित 17 से अधिक आक्रमण हुए फिर भी यहाँ के लोगों की अपनी संस्कृति पर आस्था डगमगायी नहीं क्योंकि सभी ने मंदिरों, मठों, संस्थाओं पर आक्रमण किए परंतु ब्रिटिश ने हमारे मन पर आक्रमण किया। यह बात शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला सह अभ्यास वर्ग में विमर्श विषय पर संबोधित करते ऑर्गनाइजर पत्रिका के संपादक प्रफुल्ल केतकर ने कही। उन्होंने आगे कहा कि आप अध्ययन करेंगे तो पता चलेगा कि विश्व की सभी संस्कृतियों की दृष्टि प्रकृति पर विजय पाने की नहीं परंतु हमारी दृष्टि प्रकृति के साथ जीने की। हमें अध्ययन करने की आवश्यकता है कि जब इतने आक्रांता भारत आये तब यूरोप की क्या स्थिति थी? यदि भारत गरीब देश था तो इस पर इतने आक्रमण क्यों हुए? गरीब देश से व्यापार कौन करना चाहेगा? इतने वर्षों में ऐसा नैरेटिव बनाया गया कि हम गरीब देश थे। इन सभी विषयों पर हमें समग्र चिंतन करने की आवश्यकता है। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की इस राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला सह अभ्यास वर्ग के विषय में जानकारी देते हुए कार्यशाला समन्वयक डॉ सविता सेंगर ने बताया कि इस अभ्यास वर्ग में न्यास के विभिन्न प्रांतों के चयनित कार्यकताओं को निमंत्रित किया गया था और वर्ग में उपस्थित रहने से पूर्व कार्यकताओं को तैयारी की दृष्टि से कुल 6 कार्य दिये गये थे। कार्यकर्ता विकास के लिए आयोजित इस वर्ग में न्यास की कार्य पद्धति, स्वदेशी व स्वबोध) समन्वय जैसे व्यवहारिक विषयों पर कार्यकताओं का प्रबोधन किया गया साथ ही सभी के साथ चिंतन व चर्चा सत्र भी आयोजित किए गए।



## एक नजर

### हिंदुत्व प्रचारक अमन कुमार की गिरफ्तारी के विरोध में हुआ प्रदर्शन

**हजारीबाग।** स्थानीय बड़ा अखाड़ा से हिंदुत्व प्रचारक इंजीनियर अमन कुमार तथा अजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में सनातनी एवं रामभक्तों के हुजूम ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया तथा बड़ा अखाड़ा से गंगाजल लेकर बुढ़वा महादेव मंदिर में महादेव को जल अर्पण कर उनकी जल्द रिहाई के लिए प्रार्थना की गई। तत्पचात देवांगना चौक पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। उक्त कार्यक्रम में हजारीबाग जिला तथा बाहर से भी आए रामभक्तों ने अपना समर्थन दिया।उन्होंने सरकार से रामभक्तो की जल्द रिहाई की मांग की।

### बरकट्ठा व गोरहर थाना में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**बरकट्ठा।** बकरीद पर्व को लेकर बरकट्ठा तथा गोरहर थाना में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता बरकट्ठा व गोरहर थाना में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी श्रीनाथ होनहेगा तथा संचालन यमुना साव तथा गोरहर थाना में संचालन कुदूश अंसारी ने किया। वहीं मुख्य रूप से बकरीद पर्व शांतिपूर्वक मनाने पर विचार विमर्श किया गया। इस निमित थाना प्रभारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कानूनी कारवाई की जाएगी इसलिए इस प्रकार की हरकत करने से बचें। वहीं बैठक में उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार एवं सुझाव दिए तथा पर्व शांति पूर्वक मनाने की बात कही।सामाजिक कार्यकर्ता कलीम खान ने कहा कि हमारे यहां बकरीद पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। मौके पर बरकट्ठा थाना में थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता जिप सदस्य प्रतिनिधि यमुना साव, एएस आई सुभास राम,उप प्रमुख प्रतिनिधि उत्तीम महतो,कोनहरा खुर्द से, मो0इदरीश, बुढियाडीह से अल्लाउद्दीन मियाँ,कोनहरा से मो कलीम खान, अध्यक्ष राम जी बेसरा,जोधन मोदी, राम खेलावन के अलावे दर्जनों लोग मौजूद थे।

### बकरीद की पूर्व संध्या पर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**बरही ।** रविवार की देर संध्या पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकालकर बकरीद शांति और सौहार्द के साथ मनाने का संदेश दिया. फ्लैग मार्च बरही थाना से निकाल कर शहर के चारों प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया. जिसका नेतृत्व सीओ आर एन खलखो और पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार आदि कर रहे था. जिसमे बरही थाना के सभी पुलिस अधिकारी व सशस्त्र बल शामिल थे. सीओ ने बताया कि शांति और सौहार्द के साथ बकरीद संपन्न करवाने के लिए पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है. धार्मिक या सामाजिक भावनाओं को आहत पहुंचाने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. सामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है. इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने युवाओं या किसी को भी सोशल मीडिया पर अनर्गल अथवा भड़की बयान पोस्ट नही करने की अपील किया है।

---

**वन रक्षा समिति के अध्यक्ष ने कहा, दर्जनों वृक्ष काटे गए**

## हरीला जंगल में पेड़ों की हो रही अंधाधुंध कटाई



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** हरीला के जंगलों से वृक्षों की हो रहे अंधाधुंध कटाई की सूचना हरिला वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष बद्री यादव ने वनरक्षी शिशिर कुमार को दी. बाबजूद वनरक्षी या वनपाल कोई भी घटना स्थल पर नहीं पहुंचे और लोग वृक्षों की कटाई कर घर ले गए. वन रक्षा समिति के अध्यक्ष ने बताया कि गत शनिवार को हरीला जंगल से दर्जनों वृक्ष काटा गया. परंतु रविवार तक कोई भी अधिकारी स्पॉट देखने नहीं पहुंचे हैं. इससे जंगल काटने वाले का साहस बढ़ा हुआ है और कभी भी जंगल को क्षति पहुंचा सकते है. उन्होंने यह भी बताया कि जंगल का एक बड़ा भूभाग अतिक्रमित कर खेत बना दिया गया है. इसकी लिखित सूचना उन्होंने कई बार अधिकारियों को दिया पर अब तक कोई कारवाई नही हुई है. इस संबंध में वनरक्षी श्री कुमार ने बताया कि अध्यक्ष ने कटाई की सूचना और फोटो उनके भेजा था. पर वह विभागीय रेस्टोरेंट उद्घाटन की तैयारी की देखभाल मे लगे थे. उन्होंने वाचर रामनाथ को भेजा था. उसके नहीं पहुंचने की सूचना उन्हे नहीं है. गौरतलब हो कि वनरक्षी के आदेश का भीं वाचर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा और न ही वनरक्षी अपने आदेश का परिणाम जानने के लिए इच्छुक रहे. इससे स्पष्ट होता है कि वन अधिकारी या कर्मी जंगलों किंसुरक्ष के लिए कितने गंभीर है, और जंगलों की अंधाधुंध कटाई क्यों हो रही है? इस दिशा में अधिकारी, कर्मी और जनता को गंभीर होने के आवश्यकता है. जंगलों की अंधाधुंध कटाई का ही नतीजा है कि आज तापमान 40 से 46 डिग्री के बीच हो चुके है. लोग भीषण गर्मी से तंगहाल हैं।

> जंगल काटने वालों का साहस बढ़ा हुआ है और पूरे जंगल को क्षति पहुंचा सकते है जंगल का एक बड़ा भूभाग अतिक्रमित कर खेत बना दिया गया है



### प्रवासी मजदूर का शव पैतृक गांव मासीपीढ़ी पहुंचते ही क्षेत्र में पसरा मातम

**बरकट्ठा।** पलायन का भेंट चढ़ा प्रखंड क्षेत्र के मासीपीढ़ी गांव का मजदूर युवक का शव रविवार को उसके पैतृक गांव पहुंचा ।शव पहुंचते ही परिजनों और मोहल्ले वासियों के चित्कार से पूरा क्षेत्र में मातम पसर गया। विदित हो कि शनिवार को 35 वर्षीय प्रवासी मजदूर दौलत प्रसाद पिता भीखारी महतो की मौत उड़ीसा राज्य के भुवनेश्वर में राजमिस्त्री का कार्य करने के दौरान दो मंजिला इमारत से गिरने से हो गई थी। जिसके पश्चात ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियो के सहयोग से चंदा इकट्ठा कर पार्थिव शरीर को उसके पैतृक गांव मासीपीढी लाया गया। मृतक का शव पहुंचते ही पूरा क्षेत्र में मातम पसर गया। वहीं तत्काल स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव पहुंचे और गहरा शौक संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों व आश्रितों को ढाढस बंधाया और सांत्वना राशि देकर आर्थिक सहयोग किया। साथ ही श्रम विभाग से मुआवजा राशि दिलाने का आश्वासन दिया। मौके पर स्थानीय मुखिया कमलेश कुमार, पंसस प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद, समाज सेवी दिलीप प्रसाद, समीम अंसारी समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### पुलिस अधीक्षक ने रामनवमी संरक्षण समिति को किया सम्मानित

**हजारीबाग।** राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग की श्री श्री चैत्र रामनवमी 2024 के सफल सम्पादन में महत्ती भूमिका निभाने को लेकर रामनवमी संरक्षण समिति को हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में सम्मानित किया। सम्मान समारोह के दौरान श्री सिंह ने कहा की हजारीबाग की रामनवमी के सफल सम्पादन में रामनवमी संरक्षण समिति, रामनवमी महासमीति, सद्भावना विकास मंच सहित अन्य संगठनों का अतुलनीय योगदान रहा जिसके फलस्वरूप हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी को शांतिपूर्ण व नशामुक्त मनाया गया। आगे उन्होंने कहा की रामनवमी संरक्षण समिति जुलूस के दौरान सक्रिय रहा जिसके कारण रामनवमी जुलूस पारंपरिक जुलूस मार्ग से अपने गंतव्य तक पहुंचा। सम्मान समारोह के दौरान रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा की रामनवमी 2024 के शांतिपूर्ण समापन में उपायुक्त नैंसी सहाय पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह सहित जिले के सभी प्रशासनिक पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी का अहम योगदान रहा।

**जिला पंचायती राज कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा, कहा**

## जल्द पंचायत ज्ञान केंद्र की शुरुआत की जाए



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** जिला पंचायती राज कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं योजनाओं के तहत किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। पंचायत ज्ञान केंद्र के संचालन के संबंध में चर्चा के क्रम में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि जिन पंचायतों का चयन पंचायत ज्ञान केंद्र के लिए किया गया है उन पंचायतों में जल्द से जल्द पंचायत ज्ञान केंद्र की शुरूआत की जाए। वहीं, उन्होंने केंद्र का नियमित संचालन करने, केंद्र पर पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा इसके माध्यम से बच्चों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रत्येक पंचायत में बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा कर्मियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक के माध्यम से ही दर्ज होना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पंचायत में संचालित प्रज्ञा केन्द्रों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पंचायत में प्रज्ञा केंद्रों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करते हुए आम जनों को प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से मिलने वाली विभिन्न सरकारी सुविधाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने मनरेगा के तहत होने वाले भुगतान को भी प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। 15 वें वित्त आयोग के तहत हो रहे कार्यों के संबंध में उपयुक्त में प्रखंडवार प्रखंड विकास पदाधिकारियों से टाइड एवं अनटाइड फंड के तहत ली गई योजनाओं एवं उनके तहत पूर्ण किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए ससमय योजनाओं को पूर्ण करने, योजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को 15 वें वित्त आयोग के तहत ली जाने वाली योजनाओं में जल संचयन, ग्राउंडवाटर रिचार्ज आदि पर विशेष ध्यान देने सहित अन्य विषयों पर आवश्यक निर्देश दिए।

> पंचायत में बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था करने तथा कर्मियों की उपस्थिति के माध्यम से ही दर्ज होना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया

### जयंत सिन्हा ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में जलवायु परिवर्तन पर आयोजित कार्यक्रम में रखे विचार

**हजारीबाग।** पूर्व सांसद जयंत सिन्हा ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में 15 जून को वैश्विक जलवायु परिवर्तन के संबंध में आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान विश्व भर के अनेक जलवायु परिवर्तन विशेषज्ञ उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में जलवायु परिवर्तन के संबंध में कई आवश्यक मुद्दों पर विस्तृत संवाद किया गया। जयंत सिन्हा जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए अपने सुझावों, कार्यों व रिपोर्टों से लगातार विशेष योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अन्य देशों की तरह भारत भी जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना कर रहा है। इसके लिये हमें ग्रीन इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देने की बेहद जरूरत है। हमें भारत में विदेश से निवेश बढ़ाना होगा ताकि हम पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों का उपयोग कर सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार इस दिशा में आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने भारत के लिए जलवायु परिवर्तन के संबंध में जो लक्ष्य रखे हैं, वो दुनिया के लिए आने वाले समय में वरदान साबित होंगे।

**रजरप्पा पहुंचे सांसद, मां छिन्नमस्तिका की पूजा कर लिया आशीर्वाद, कहा**

## सेवा और विकास होगी हमारी प्राथमिकता



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने चुनाव जितने के तुरंत बाद अपने लोकसभा क्षेत्र में जनता का आभार जताने के लिए धन्यवाद यात्रा की शुरूआत की। पिछले लोकसभा चुनाव में प्रचंड मतों से चुनाव जीताकर हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से सांसद बनने के लिए मतदाताओं का आभार जाता रहे हैं। इसी कड़ी में बड़कागांव और मांडू विधानसभा क्षेत्र के बाद रविवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में अपनी धन्यवाद यात्रा के साथ मनीष जायसवाल क्षेत्र में जनता के बीच दिखे । रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में धन्यवाद यात्रा निकालने से पहले सांसद मनीष जायसवाल रामगढ़ जिले के प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मां छिन्नमस्तिका की. विशेष पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मनीष जायसवाल के पूजा- अर्चना के पश्चात रजरप्पा मंदिर धार्मिक न्यास समिति के पदाधिकारी और सदस्य छोटू पंडा, राकेश पंडा, पोपेश कुमार पंडा सहित अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा मां छिन्नमस्तिका मन्दिर की तस्वीर भेंटकर और चुनरी ओढ़ाकर स्वागत और सम्मान किया गया।

**छलांग परियोजना के तहत पोड़ैया गांव में कराया खेल मेला का आयोजन**

## खेल मेला का आयोजन कर बच्चों का किया जा रहा है सर्वांगीण विकास




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** बेंदगी पंचायत के पोड़ैया गांव में रविवार को छलांग परियोजना के तहत पिरामल फाऊंडेशन एवं जन जागरण केंद्र हजारीबाग के द्वारा गर्मी की छुट्टी में खेल मेला और प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। खेल मेला में जन जागरण केंद्र से फील्ड कोऑर्डिनेटर आरती कुमारी, नरेश कुमार, वालंटियर इंद्रदेव प्रसाद, कुलदीप कुमार और सुनैना देवी के सहयोग से आयोजित किया गया। आयोजित खेल मेला में गांव के ग्रामीण और बच्चे बच्चियों उपस्थित थे। इस खेल मेला में विभिन्न प्रकार के खेल आयोजित कराया गया। इस दौरान ट्रेजर हंट, डोज बॉल, कबड्डी, बिल्डिंग बुलडोजर खेल करवाया गया। खेल खत्म होने के बाद उत्तीर्ण खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान जनजागरण केंद्र की फील्ड कोर्डिनेटर आरती कुमारी ने बच्चों को बताया कि खेल मेला से बच्चों में शारीरिक, मानसिक विकास और बैद्धिक क्षमता का विकास होता है। उन्होंने कहा कि जीवन स्वस्थ रखने के लिए खेल कूद जरूरी है। कहा कि परियोजना छलांग बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में कारगर साबित हो रहा है। स्कूल छुट्टी में बच्चे पढ़ाई के साथ साथ खेल भी सीख रहे हैं।

## न्यूज बॉक्स

**जेबीकेएसएस पतरातू प्रखंड इकाई की समीक्षा बैठक आयोजित**

### लोकसभा चुनाव की समीक्षा कर आगे की रणनीति बनाने पर किया विचार



**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ के पतरातु प्रखंड इकाई की समीक्षा बैठक रविवार को खिरोधर महतो की अध्यक्षता व केंद्रीय महासचिव राजेंद्र बेदिया के संचालन में आयोजित की गयी। यह बैठक पतरातु प्रखंड अंतर्गत देवरिया भुरकुंडा में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य बीते लोकसभा चुनाव की समीक्षा कर आगे की रणनीति बनाना था। पार्टी हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द जिला, प्रखंड, पंचायत व बूथ का विस्तार होगा। जेबीकेएसएस विधान सभा चुनाव में अपना दमखम दिखाएगी तथा मजबूती के साथ उम्मीदवार उतारा जायेगा। केंद्रीय अध्यक्ष पार्टी सुप्रीमो टाईगर जयराम महतो जिसे भी प्रत्याशी बनाएंगे सभी को उसका समर्थन करना होगा। लोक सभा चुनाव में हुई गलती की पुरावृत्ति विधानसभा चुनाव में नहीं हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सोशल मीडिया को लेकर गहन चिंतन किया गया। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप राजेंद्र बेदिया, रविंद्र महतो, श्याम सुंदर महतो, गिरी सकर महतो, बाबूलाल महतो, अंजन कु महतो, आर्यन टोप्पो, सकल दीप महतो, संजीव साहू, धनंजय यादव, उमेश महतो, सचिन महतो, अजीत महतो, भवानी गोप, मोहमद नस रुदीन, बैजनाथ महतो, खिरोध महतो आदि उपस्थित थे।

### बकरीद को लेकर गर्म रहा बकरा बाजार 10 हजार वाले खस्सी 38 हजार में बिके



**बरही।** सोमवार को ईद उल अजहा अर्थात बकरीद का त्योहार मनाया जाएगा. इस दिन इस्लामिक धर्मावलंबियों के द्वारा बकरे की कुर्बानी देने की प्रथा है. इसे लेकर रविवार बाजार में बकरा बाजार गर्म रहा. इस्लाम धर्मावलंबी बकरे की खरीददारी को लेकर एक दुकान से दूसरे दुकान तक भटकते रहे. इससे बाजार में बकरे के भाव भी आकाश छू रहे था. पांच हजार से नीचे का बकरा बाजार में देखने को नहीं मिला. वही कुछ बकरा व्यवसाई 18 से 15 हजार में बकरा बेच रहे थे. वही पंचमाधव की मासोमत असगरी ने अपने पुत्र के साथ 38 हजार रुपए में बकरे खरीदने का काम किया. उन्होंने बताया कि अपने सामर्थ्य के अनुसार अल्लाह को बढ़ चढ़कर बकरे की कुबार्नी देनी चाहिए. उन्होंने बताया कि वे लोग किसान है और अल्लाताला पर पूरा भरोसा है. अल्पसंख्या कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष मो कयूम ने बताया कि कुबार्नी हजरत इब्राहिम के अल्लाह के प्रति अपने बेटे इस्माइल की कुबार्नी की याद में मनाया जाता है. यह इस वाकये को दिखाने का तरीका है कि हजरत इब्राहिम अल्लाह में सबसे ज्यादा विश्वास करते थे. दरअसल अल्लाह पर विश्वास दिखाने के लिए उन्हें अपने बेटे इस्माइल की बलि देनी थी. जैसे ही उन्होंने ऐसा करने के लिए अपनी तलवार उठाई, दैवीय शक्ति से उनके बेटे की बजाए एक दुंबा (भेड़ जैसी ही एक प्रजाति) वहां पर आ गई, और उस की कुबार्नी दी गई. उन्होंने बताया कि सभी इस्लाम भाईयो को खुदा में विश्वास व प्रेम करते हुए अपने बुराइयों को कुर्बान करने की आवश्यकता है।

### सेवा सहयोग समिति ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर




**हजारीबाग।** सेवा सहयोग समिति के द्वारा सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के इंटरनेशनल स्कूल के पास, आद्रा रोड सुल्ताना पंचायत में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इससे पूर्व भी कटकमदाग के अन्य दो पंचायत में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा चुका है।सहयोग समिति द्वारा कटकमदाग के विभिन्न पंचायत में अगले 30 तारीख तक ऐसे आयोजन किए जाएंगे। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष व युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से किया गया वहीं कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत के गणमान्य लोग मौजूद रहे। शिविर में पंचायत के करीब 425 से भी अधिक ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। शिविर में जिले के सुप्रसिद्ध चिकित्सक जनरल फिजिशियन एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ मौजूद रहे। शिविर के दौरान आने वाले मरीजों को निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई, साथ में ब्लड बीपी, शुगर, पल्स एवं वजन जांच निःशुल्क किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से4 बजे तक निरंतर चलता रहा। शिविर में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए गर्मी को देखते हुए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई साथ ही गर्मी से बचाव के लिए बेहतर टेंट लगाया गया था।

### वसुधा कल्याण संस्था संग भाजपा नेता ने की तालाब की सफाई



**हजारीबाग।** भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने रविवार को शहर के हुरहुरु स्थित लांबा तालाब में वसुधा कल्याण संस्था के साथ मिलकर सफाई की।मौके पर उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि पानी हम सब के जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों में से एक है, लेकिन लापरवाही के कारण, जल प्रदूषण बढ़ रहा है और अंततः पानी की कमी की समस्या बढती जा रहीं है। इसलिए प्रदूषण फैलाने या बर्बाद करने से पहले हमे अपनी भावी पीढ़ी के बारे में सकारात्मक पहल करनी होगी। श्री प्रसाद ने कहा कि जन सहयोग से एक लाख पौधारोपण शहर में किया जा रहा है। कहा कि आप सभी के सहयोग से स्वच्छ एवं सुंदर हजारीबाग बनाएंगे। वहीं वसुधा कल्याण संस्था की अंजलि नीरज ने कहा तालाबों का संरक्षण सरकार और हम सब लिए चिंता का विषय है। इस दिशा में अगर त्वरित सार्थक पहल की जाए तो स्थिति बेहतर हो सकती है,अन्यथा अगले कुछ वर्षों में हम सब के लिए यह एक चुनौती होगी।इस अवसर पर वसुधा कल्याण संस्था की ओर से अंजली नीरज ,रुचि नीरज ,कुंदन कुमार ,राहुल पंडित , अधिवक्ता प्रकाश झा, धंनजय सिहं, राहूल मंडल, मनोज कुमार, अविनाश यादव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

**योगदान** | **मानव विकास स्वयंसेवी संस्था की पहल पर पानी व्यवस्था दुरुस्त की गई**

## चुआं व तालाब का पुनरोद्धार कर पानी उपलब्ध कराया गया



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कथन है कि अब बलिदान नहीं बल्कि योगदान की आवश्यकता है। इसी को चरितार्थ करते हुए मानव विकास स्वयंसेवी संस्था की पहल पर बरकट्ठा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। विदित हो कि ग्रामीण पीने के पानी के लिए कई किलोमीटर पैदल चलते हैं, जबकि रोजाना नहाना और इस भीषण गर्मी में फसलों की सिंचाई करना मुश्किल प्रतीत होता है। वहीं गोरहर पंचायत अंतर्गत बंधुवाडीह टोला में पानी की किल्लत से संबंधित समाचार प्रमुखता से अखबारों में छपी तो मानव विकास की टीम द्वारा सभी क्षेत्रों में पहले भ्रमण किया गया और पाया कि कुछ गांव ऐसे है जहां लोग पानी पीने के लिए छोटे व टूटे फूटे चुआं से गंदे पानी निकाल कर पी रहे हैं। इन बातों को ध्यान में रखते हुए संस्था मानव विकास के सचिव बीरबल प्रसाद ने कहा कि जितने भी मृतप्राय जल स्रोतों जैसे चुआं, कुआं, तालाब आदि हैं, उनकी मरम्मती कर सभी को पानी पीने लायक बनाया जाय। इस निमित मानव विकास के सहयोग से बरकट्ठा प्रखंड के ग्राम चामुदोहर, तुर्कडीहा, ज्वार पहाड़पुर, जमुआ के बाघमंदवा, सोढ़ाखाप, डुमरडीहा, गोरहर के बंधुआडीह टोला में एक कुआं और ग्राम लेंबुआ के बाजुकोला टोला में एक तालाब का पुनरोद्धार किया गया ताकि लोगों को पानी पीने एवं उपयोग में कोई परेशानी न हो। उक्त जल स्रोतों के निर्माण के बाद ग्रामीण प्रसन्न हुए और कहा कि अब हमलोगों को पानी के लिए कही भटकना नहीं होगा और पानी प्रयोग करने के बाद पुनः उसका प्रयोग किचन गार्डन, सिंचाई आदि में लायेंगे।

> जल स्रोतों के निर्माण के बाद ग्रामीण प्रसन्न हुए और कहा कि अब हमलोगों को पानी के लिए कहीं भटकना नहीं होगा

**स्टार लेबलिंग एंड स्टैंडर्ड प्रोग्राम का हुआ आयोजन**

## हजारीबाग फेडरेशन ऑफ चैंबर एंड इंडस्ट्री के पदाधिकारी हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** बीईसी एवं जेईआरडीए के सहयोग से स्टार लेबलिंग एंड स्टैंडर्ड प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रांची से इंजीनियर ऑडिटर के रूप में चंदन तिवारी मुख्य रूप से मौजूद हुई ,उनके द्वारा ग्राहकों एवं विक्रेता गण को विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया। बीईई द्वारा उपकरण के स्तर लेवलिंग की महत्व को विस्तार और उपकरणों के स्तर लिविंग के फायदे भी ग्राहकों एवं विक्रेताओं को विस्तार रूप से बताया गया। तकनीकी क्षमता के विषय में ग्राहकों को विस्तार रूप से बताया गया कि यदि हम 3 स्टार का सामान प्रयोग करते हैं तो बिजली का बिल अधिक आता है वही हम 5 स्टार का सामान उसे करते हैं तो बिल काम आता है। मौके पर चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने कहा कि ऐसा कार्यक्रम आयोजित करना काफी सराहनीय है । इसका प्रचार प्रसार अधिक से अधिक होना चाहिए ताकि हर ग्राहकों तक या बात पहुंच सके ऐसे कार्यक्रम आयोजित के लिए हम पूरी आयोजक मंडली का आभार प्रकट करते हैं । जिन्होंने ग्राहकों के प्रति इतना सजकता से कार्यक्रम आयोजित किया वहीं ग्राहकों के साथ विक्रेताओं को भी आमंत्रित किया।

## एक नजर

### वज्रपात की चपेट में आने से 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**सिमडेगा।** बांसजोर कछुपानी बजार टोली गांव में शनिवार की देर रात हुए वज्रपात की चपेट में आने से 40 साल के लक्ष्मण महतो नामक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सिमडेगा सदर अस्पताल भेजा। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात लक्ष्मण महतो शौच के लिए अपने घर से बाहर निकाला था, इसी दौरान अचानक तेज वज्रपात हुई और बज्रपात की चपेट में लक्ष्मण झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

### सांप काटने से महिला की बिगड़ी तबीयत रांची रेफर

**सिमडेगा।** पाकरटांड थाना क्षेत्र के कुरूसकेला गांव की 60 वर्ष की ग्रेस तिर्की नामक महिला को शनिवार देर रात घर में जहरीले सांप ने काटा, इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिवार वालों ने उसे इलाज के लिए देर रात सिमडेगा सदर अस्पताल लाया, जहां पर रविवार की सुबह उसकी बिगड़ती तबियत देख चिकित्सक के द्वारा उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार महिला अपने घर में सोई थी, इसी दौरान पैर में जल सांप ने उसको काटा और फिर उसकी तबीयत बिगड़ी इधर सिमडेगा सदर अस्पताल में कुछ देर इलाज की गई हालांकि यहां पर लगातार उसकी बिगड़ती तबियत देख उसे राजधानी रांची रेफर कर दिया गया।

### बानो प्रखंड क्षेत्र में आंधी-तूफान ने मचाई तबाही

**बानो।** प्रखंड के कनारोवां पंचायत के विभिन्न गावों में शनिवार शाम को आये आंधी तूफान से कई घरों को क्षतिग्रस्त किया। मिली जानकारी के अनुसार पंचायत के ग्राम जराकेल, कोयलाबेडा, बाघरूपटा आदि गावों में आंधी तूफान से कई पेड़ गिरे है पेड़ो के गिरने से मनोज बड़ाईक जराकेल, मंगल मघइया कोयला बेडा,करू वन लुगुन, सुधीर लुगुन, सोमा मुंडा तथा सबाटोली निवासी मतियास बुढ; के घर छतिग्रस्त हो गये है। अचानक आंधी तूफान आने से व पेडों के गिरने से अफरा तफरी मच गया। कोयला बेडा निवासी मंगल मघजिया के घर में पेड़ गिरने से परिवार वाले बाल बाल बच गए ।मंगल की पत्नी को हल्की चोट लगी है। रविवार सुबह पंचायत के मुखिया मिन्सी लीना तिर्की ने पंचायत के विभिन्न गावों का दौरा कर आंधी तूफान से हुई छति का जायजा लिया। छत के उजड़ जाने से घर में रखे सामान व अनाज भी बर्बाद हो गये। इधर कनारोवा पंचायत सहित अन्य जगहों पर आंधी से पेड़ों के गिरने से शनिवार शाम से ही बिजली सेवा प्रखंड में बाधित रही।

# केंद्रीय राज्य मंत्री से बानो स्टेशन में तीन ट्रेनों के ठहराव की मांग

- ग्रामीणों ने संजय सेठ को बानो रेलवे स्टेशन में कई ट्रेनों का ठहराव बानो स्टेशन में करवाने की मांग रखी
- बानो स्टेशन का डेबलोप करवाने की पहल का आश्वासन



**संवाददाता। सिमडेगा**

भाजपा के प्रदेश सह प्रवक्ता अशोक बड़ाईक के पहल पर सुनील कुमार सिंह, संजय मिश्रा, सुषमा देवी और संतोष साहू ने रविवार को केंद्रीय राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ से मुलाकात की। साथ ही बानो रेलवे स्टेशन में तीन ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा। ग्रामीणों ने राज्य मंत्री संजय सेठ को बानो रेलवे स्टेशन में ट्रेन नम्बर 15027-28 मौर्या एक्सप्रेस, ट्रेन नम्बर 02831-32 भुनेश्वर धनबाद एक्सप्रेस और ट्रेन नम्बर 08105-06 जयनगर राउरकेला एक्सप्रेस का ठहराव बानो स्टेशन में करवाने की मांग रखी। लोगों ने बताया कि बानो रेलवे स्टेशन में कई ट्रेनों का ठहराव नहीं होने के कारण न सिर्फ बानो वासियों को बल्कि सम्पूर्ण सिमडेगा वासियों को विशाखापटनम, चेन्नई, कोटा, बंगलोर, भेल्लोर जैसे बड़े शहरों में जाने के लिए रांची अथवा राउरकेला जाना पड़ता है। जिसकी दूरी भी काफी अधिक है। इस कारण लोगों को काफी परेशानी होती है। इधर संजय सेठ ने भी मामले को गम्भीरता से लेते हुए बानो स्टेशन का डेबलोप करवाने की पहल करते हुए अधिक से अधिक ट्रेनों के ठहराव सुनिश्चित करवाने के लिए पहल करने का आश्वासन दिया।

## सदस्यता अभियान से गुलजार हो रहा है झारखंड पार्टी का परिवार

# जिले में किसी भी धर्म को खतरा नहीं है: एनोस एक्का

- विस चुनाव में सभी के सहयोग से झापा की जीत सुनिश्चित करनी है : एनोस
- व्यापारियों, फुटपाथ दुकानदारों समेत सभी लोगो की परेशानी दूर होगी

**संवाददाता। सिमडेगा**

झारखंड पार्टी की बैठक शनिवार की रात गुलजार गली में हुई। बैठक में मुख्य रूप से झापा के केन्द्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का, आईरीन एक्का उपस्थित थे। मौके पर गुलजार गली के कई लोगों ने झापा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोगों का पार्टी का दुपटटा पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर गुलजार गली के लोगों ने कहा कि एनोस एक्का ही हमेशा लोगों के सुख दुःख में खड़े रहते है। उन्होने काम करके दिखाया है इसलिए जिले के विकास के लिए और व्यपारी, फुटपाथ दुकानदार, सब्जी एवं फल विक्रेता आदि की समस्याओं को दुर करने के लिए एनोस एक्का को समर्थन देने की बात लोगों ने कही। मौके पर मनोहर प्रसाद, अवधेश प्रसाद, अरूण प्रसाद, गणेश केशरी, पप्पु चौधरी, मिथेलेश प्रसाद, मनीश केशरी, संजय प्रसाद, रूपेश प्रसाद, मानस, चिंटु वर्मा, मनीश चौधरी, अशोक केशरी, अमीत चौधरी, रामकुमार, सुजीत चौधरी, रिंकू चौधरी, कमल प्रसाद, शिव नारायण केशरी, प्रकाश केशरी, सोनु, विवेक, गौरव, अभिषेक सहित गुलजार गली के कई लोगो ने झापा की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर संदेश एक्का, पिंटु सिन्हा, ओलिवर लकड़ा, अभय विष्वकर्मा, अनुप श्रीवास्तव, विष्णु शर्मा, ललन प्रसाद, दीपक प्रसाद, जिया ठाकुर, राजु केशरी, मुकेश प्रसाद, जेपी साह, पप्पु अग्रवाल सहित कई झापा नेता उपस्थित थे।

### बस एसोसिएशन के सुनील सिंह ने थामा झापा का दामन

गुलजार गली में आयोजित कार्यक्रम में बस ऑनर एसोसिएशन के सुनील सिंह ने भी झापा का दामन थामा। इनके अलावे प्रिंस चैके से रामनिवास साहु, ठाकुरटोली से सुरजीत दत्ता, शामटोली से अजय प्रसाद, सलडेगा से जगदीश सिंह, श्याम पथ से मनोज प्रसाद आदि ने भी एनोस एक्का के कार्यो पर भरोसा जताते हुए झापा का दामन थामा।



### सभी के सहयोग से सिमडेगा का होगा विकास: एनोस

कार्यक्रम में पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सभी के सहयोग से झापा की जीत सुनिश्चित सुनिश्चित करनी है। उन्होने कहा कि सभी लोगों के सहयोग से सिमडेगा जिले का संपूर्ण विकास किया जाएगा जहां लोगों को मुलभुत सुविधा बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। एनोस एक्का ने कहा सभी लोगों की धार्मिक भावना को सम्मान देते हुए समाजिक समरसता का उदाहरण पेश करते हुए धर्म के नाम पर नफरत फैलाने वाले लोगों को कड़ा जवाब दिया जाएगा। एनोस एक्का ने कहा कि व्यापारियों, फुटपाथ दुकानदार सहित हाट बजार करने वाले सभी लोगो की परेशानी को दुर करते हुए व्यापार के लिए एक सुखद वातावरण का निर्माण किया जाएगा ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। उन्होने कहा कि जिले में किसी भी धर्म को कोई खतरा नहीं है, कुछ लोग गंदी राजनिति करते हुए अपने स्वार्थ सिद्धि के लिए धर्म के नाम पर लोगों को बरगलाने का काम कर रहे है।

### शव के साथ ग्रामीणों की सड़क जाम मुआवजे की मांग



**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत लखीबागी में रविवार को ग्रामीणों ने सड़क दुर्घटना में मारे गए युवक के शव के साथ सड़क जाम कर दिया। पटना रांची रोड को जाम किये जाने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गयी।वहीं यात्रियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा। शनिवार देर शाम लोचनपुर पुल के समीप ट्रैक्टर की चपेट में आने से घायल बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। युवक उपेंद्र कुमार रजक ( 25 ) लोचनपुर लखीबागी का निवासी था। घटना के बाद रविवार को कोडरमा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। इधर परिजनों और ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी और मुआवजा की मांग को लेकर शव के साथ सड़क जाम कर दिया। जाम में सैंकड़ों वाहन कई घण्टे तक फंसे रहे। बाद में एसडीपीओ जीतवाहन उरांव और थाना प्रभारी सुजीत कुमार के आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया।

## विकास के लिए सभी का एकजुट होना जरूरी : नमन बिक्सल

**संवाददाता। कोलेबिरा**



रविवार को कोलिवरा प्रखंड में डोमटोली अंबा टोली में विधायक मद से निर्मित घेराबंदी का उद्घाटन विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी तथा टकरमा पेरिस चेयरमैन जेपीजे गुडिया ने फीता काट कर किया मौके पर विधायक ने कहा कि विकास के लिए एक जुट तथा सही जानकारी का होना बिल्कुल जरूरी है आज शिक्षित होना भी जरूरी है। तभी हमारा गांव समाज विकास की ओर आगे बढ़ेगा ।हमारी सरकार जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है, हम क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर लगे हुए हैं इसका फल जरूर दिख रहा है ।कई कार्य हमारी मद से भी बनाई जा रही है ,बिजली की समस्याओं का भी निदान किया जा रहा है टेंडर हो चुका है जल्दी नया विद्युतीकरण भी क्षेत्र में किया जाएगा। विधायक ने खूंटी लोकसभा में कांग्रेस पार्टी की जीत पर जनता का आभार व्यक्त किया और कहा कि क्षेत्र में वोट काटने वाले पार्टियों से सावधान रहें और एक जुट का परिचय देते हुए हमारे हिस्सा अगले विधानसभा में भी भाजपा को हराने का काम करें। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकडा, प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, राकेश कोनगाडी 15 सूत्री कार्यक्रम सदस्य क्लेमेंट टेटे, फुलकेरिया डांग, अमृत डुंगडुंग मुखिया अनिता जडिया प्रचारक सुरेश कुडू आदि उपस्थित रहे।

## बानो मुख्यालय में स्ट्रीट लाइट नहीं होने से शाम होते ही छा जाती है विरानगी

**संवाददाता। बानो**

बानो प्रखंड मुख्यालय में स्ट्रीट लाइट नहीं होने की वजह से शाम होने के साथ ही बानो प्रखंड मुख्यालय पूरी तरह से वीरान हो जाता है ।भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर प्रतिमा स्थापित करते हुए चौक का नाम बिरसा मुंडा चौक तो रख दिया गया, लेकिन मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी की वजह से आज भी लोगों का यहां पर मुंह चिढाता है। बताया गया कि प्रखंड मुख्यालय में दिन-रात लोगों का आवागमन लगा रहता है ,ऐसे में चौक चौराहे पर स्ट्रीट लाइट होना अति आवश्यक है। अब तक कोलेबिरा बानो मनोहरपुर पथ पर बानो रेलवे स्टेशन पथ पर कोई लाइट नहीं लगाई गई है ,जिसकी वजह से पूरा प्रखंड मुख्यालय के आसपास का क्षेत्र अंधेरा रहता है। आपको बताते चले कि बिरसा मुंडा चौक के आसपास मुख्य बाजार है नजदीक में मध्य विद्यालय है, पास में बैंक आफ इंडिया शाखा है, उसके बगल में डाकघर और कुछ दूरी पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है।




### क्या कहते हैं स्थानीय जनप्रतिनिधि

अगर इस मामले में तोरपा विधायक कोचे मुंडा से बात करने पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण मांग नहीं करते हैं ऐसे में कैसे दें, हालांकि विधायक का नैतिक कर्तव्य कैसे जगह का चिन्हित करते हुए लोगों को सुविधा बहाल करें इधर इस मामले में जिला परिषद सदस्य बिरजो कण्डुलना ने कहा कि जिला परिषद में स्ट्रीट लाइट के लिए बात रखी गई है और वहां से पास हो गया है। विभाग के देरी की वजह से यहां पर नहीं लग रही है। जैसे ही काम शुरू होगा यहां पर लोगों को लाइट मिलेगी। बानो के दुकानदार, अमित कुमार सोनी, जितेंद्र ठाकुर, फिरू बड़ाईक, मो तहसीन, टेलर मास्टर मो कलीम का कहना है कि मुख्य चौक पर लाइट लग जाने से बाजार देर तक खुली रहती और बाजार में सुधार होती।

## न्यूज बॉक्स

### विश्व हिंदू परिषद की ओर से आयोजित प्रशिक्षण से लौटे बजरंग दल के सदस्यों का हुआ स्वागत



**सिमडेगा।** विश्व हिंदू परिषद की ओर से गिरिडीह जिले के पारसनाथ मधुबन में आयोजित आठ दिवसीय विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की प्रशिक्षण शिविर समापन के पश्चात रविवार को बजरंग दल के सदस्य सिमडेगा पहुंचे, सिमडेगा पहुंचने के साथ ही विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के द्वारा उनका माला पहनाकर महावीर मंदिर सिमडेगा में स्वागत किया गया। मौके पर बताया गया की 8 दिनों के प्रशिक्षण शिविर में उन्हें शारीरिक बौद्धिक एवं अन्य सभी प्रकार की प्रशिक्षण दिए गए जिससे कि बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद को मजबूती प्राप्त हो सके वहां बताया गया कि केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे, प्रान्त अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत जी,मंत्री देवी सिंह,रंगनाथ महतो, बजरंग दल प्रान्त सयोंजक दीपक ठाकुर सहित विश्व हिंदू परिषद के प्रांत स्तरीय पदाधिकारी एवं कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा उन सभी को प्रशिक्षण दिया गया है ,जिसका लाभ सिमडेगा जिला के बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के संगठन को होगी।

### आदिवासी सुरक्षा मंच के बैनर तले बैठक का हुआ आयोजन, अलेक्स जॉनसन बने अध्यक्ष



**सिमडेगा।** आदिवासी सुरक्षा मंच सिमडेगा की बैठक केलाघाघ डैम के शेड में की गई।बैठक की अध्यक्षता के लिए सर्वसहमति से अलेक्स जोनसन केरकेट्टा को अध्यक्ष एवं सचिव आनन्द सोरेंग को चुनने के पश्चात आदिवासी सुरक्षा मंच की गंभीर चर्चा की गई। आदिवासी समाज के लिए कई कानूनी प्रावधान एवं नियमावली होने के बावजूद लगातार आदिवासियों के जमीन तथा अधिकारों को छीना जा रहा है जिसपर आनेवाले समय में मंच लडाई तेज करेगा एवं संघर्ष करने के लिए अग्रसर रहेगा.अगला बैठक दिनांक 23 जून रविवार को किया जाना तय हुआ। बैठक में विशेष रुप से प्रदीप टोप्पो, बिपिन डुँगडुँग, बिन्दु, सुमन कुल्लू , शंकर मांझी, शिशिर अजीत कुल्लु, अमरजीत कूजूर, ज्योति डाँग, अमर समद मुंडा, दिलीप तिग्गा, नवीन मिंज, समीर एक्का, असीम समद, हेमंत खेस्स, तनुएल मिंज एवं अगुस्टीना सोरेंग उपस्थित थे।

### पतंजलि योग समिति ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर सिमडेगा में की बैठक




**सिमडेगा।** पतंजलि योग समिति हरिद्वार के निदेर्शानुसार भारत स्वाभिमान न्यास,पतंजलि योग समिति,पतंजलि किसान सेवा समिति एवं युवा भारत की संयुक्त बैठक भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी देवेंद्र सोनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते कहां 21 जून दसवीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 को हम सभी योग प्रेमी मिलकर भव्य रूप से मनाएंगे एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए संगठन के द्वारा कई जिले के सभी योग शिक्षकों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। सर्वप्रथम योग दिवस के लिए एक जगह का चयन करना,साउंड सिस्टम,कारपेट,दरी,मंच एवं योग दिवस से एक दिन पूर्व योग दिवस मनाने के लिए आमंत्रित करना शामिल है' बैठक में मुख्य रूप से युवा भारत जिला प्रभारी धर्मेंद्र कुमार पंडा, सोशल मीडिया प्रभारी,तेजनारायण सिंह, योग शिक्षक सौरभ बड़ाइक, खुदीराम सिंह, अंजनी कुमारी एवं बबीता कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### जिला जनसेवक संघ सिमडेगा की बैठक में संगठन मजबूती पर दिया गया जोर



**सिमडेगा।** जिला जनसेवक संघ सिमडेगा की बैठक अलबर्ट एक्का स्टेडियम में जिला अध्यक्ष संजय मुकुट बिलुंग की अध्यक्षता में संघ पुनर्गठन के बाद पहली बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में जनसेवको की वर्तमान की विभिन्न समस्याओं के विषय में चर्चा की गई, साथ ही संघ के कोष को मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला सचिव मधुसूदन सिंह, कोषाध्यक्ष नरेश कुमार के साथ ही अरुण कुमार बड़ाइक, अमित सचिन बाड़ा, सुनील कुमार, अमित आशीष डुंगडुंग, मनीष कुमार, सुरेंद्र बड़ाइक, सुदर्शन जोजो, महावीर बड़ाइक , राहुल बड़ाइक आदि जनसेवक उपस्थित थे।

## मानवता

### कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस में महिला ने बच्चे को दिया जन्म

# ट्रेन में महिला यात्रियों ने कराया महिला का प्रसव

**संवाददाता। कोडरमा**

कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस में रविवार को किलकारी गूंज उठी। दरअसल, उत्तर प्रदेश के पितांबरपुर से कोडरमा तक जनरल कोच में पति और सास के साथ यात्रा कर रही गर्भवती महिला ने बच्चे को जन्म दिया। कोच में मौजूद महिला यात्रियों ने महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। यात्रियों ने रेलवे के हेल्पलाइन नंबर पर इसकी जानकारी दी। रेलवे कंट्रोल ने इसकी सूचना कोडरमा स्टेशन को दी। ट्रेन के सुबह आठ बजे कोडरमा स्टेशन पहुंचने पर रेलवे के डॉक्टर और रेलवे सुरक्षा बल की महिला आरक्षी ने महिला को कोच से सुरक्षित नीचे उतारा गया। इसके बाद रेलवे के चिकित्सक ने जांच के बाद जच्चा-बच्चा की स्थिति सामान्य बताया और उसे सदर अस्पताल कोडरमा रेफर कर दिया।



उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी यात्री आरिफ खान ने बताया कि पितांबरपुर से कोडरमा तक की यात्रा के लिए वह शनिवार को दिन के करीब 12 बजे जम्मूतवी एक्सप्रेस में सवार हुए थे। कोडरमा स्टेशन पर उतरने के बाद गिरिडीह जिले में स्थित खोरीमहुआ में ससुराल जाना था। रविवार की सुबह ट्रेन के गया जंक्शन पार करने के बाद उसकी पत्नी सफीना खातून को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। इसके बाद उसने ट्रेन में शिशु को जन्म दिया। यात्रियों से नया ब्लेड लेकर बच्चे के पिता ने ही शिशु का गर्भनाल काटा। यात्रियों के सहयोग से सुरक्षित प्रसव हुआ।

### बोलबा प्रखंड में दो दिनों से बिजली नही होने से लोग परेशान



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड में दो दिनों से बिजली नही होने से ग्रामीण परेशान है उमस भरी गर्मी से लोगों को रात काटना मुश्किल हो गया है वहीं भारी गर्मी से साँप-बिच्छु का खतरा और भी बढ़ गया है ।बिजली विभाग के अनुसार 33 हजार लाइन में फोल्ड आने से बोलबा प्रखण्ड में बिजली नहीं है इसको ठीक करने के लिए बिजली कर्मियों की एक टीम ने ठेठईटांगर जोराम लाइन ठीक कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार देर रात बोलबा में बिजली आने की संभावना है।

# जंगली हाथी से पीड़ित महिला वन विभाग और प्रशासन से लगा रही मदद की गुहार

**संवाददाता। बानो**

प्रखंड के महाबुआंग थाना क्षेत्र बुकाटोली में जंगली हाथी के प्रकोप से पीड़ित एक ऐसा परिवार जिनके घर पर हाथी ने एक बार नहीं बल्कि तीन बार धावा बोलकर घर ध्वस्त कर दिया है। पीड़िता लीलावती देवी ने बताया की उनके पास रहने के लिए और दूसरा कोई आवास नहीं है कोई आवास न रहने के कारण वो इसी टुटे हुए घर में रहने को विवश हैं। इसकी सूचना उन्होंने स्थानीय मुखिया सोमवारी कैथवार, स्थानीय प्रशासन वन विभाग को दी है ।वन विभाग को उन्होंने लिखित में भी आवेदन दिया है। पर अभी तक उन्हें किसी भी प्रकार की कोई भी सहायता नहीं मिली है न उन्हें कोई सहायता राशि मिली है। इस मामले पर सोय मुखिया सोमवारी कैथवार ने कहा कि घर ध्वस्त हो जाने से लीलावती देवी और उसका परिवार काफी चिंतित है ।घर की दीवाल टुट गई है, परिवार की स्थिति काफी दयनीय है, इनके पति बाहर काम करने के लिए गए हुए हैं,हम स्तर से जितना जल्दी हो सके वन विभाग और प्रखंड प्रशासन से सहायता दिलाने का प्रयास करूंगी।



## एक नजर

### टाटानगर स्टेशन पर मिला अज्ञात शव

**टाटानगर।** टाटानगर स्टेशन परिसर के प्लेटफॉर्म नंबर एक स्थित फुट ओवर ब्रिज के पास रविवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिला। शव मिलने की सूचना स्टेशन प्रबंधक को दी गई। इधर, सूचना पाकर टाटानगर जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की उम्र 45 वर्ष बताई जा रही है। मृतक स्टेशन में भीख मांगकर गुजारा करता था। सुबह उसका शव फुट ओवर ब्रिज के पास पाया गया। संभवतः लू लगने से उसकी मौत हुई है। फिलहाल जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के शव गृह में रखवा दिया है और जांच शुरू कर दी है।बागबेड़ा थाना अंतर्गत लाल बिल्डिंग के पास राजनगर के कुनाबेड़ा निवासी बुढ़ान मार्डी के साथ बाइक सवार युवकों ने मारपीट की। घटना शनिवार शाम की है। घटना के बाद बुढ़ान मार्डी ने बागबेड़ा थाना में अज्ञात युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। बुढ़ान ने पुलिस को बताया कि वह शाम को अपने घर जा रहा था। इसी बीच लाल बिल्डिंग के पास एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इसी बीच एक और बाइक सवार आया। दोनों ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों मौके से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### उल्दा गांव के आदिवासी श्मशान भूमि पर अतिक्रमण से ग्रामीणों में आक्रोश

**गालूडीह।** गालूडीह थाना क्षेत्र के उल्दा पंचायत के रेलवे फाटक के पास श्मशान भूमि पर छेड़छाड़ और अतिक्रमण से ग्रामीणों में आक्रोश है। उल्दा के ग्राम प्रधान छोटु सिंह ने जमीन मालिक रंजीत माहुरी को इस मामले को लेकर बैठक में एक सप्ताह पहले बुलाया था। लेकिन वे नहीं आए। उसके बाद उसके घर जाकर बात करने की कोशिश की पर बात नहीं हो सकी। रविवार को ग्रामीण उसके घर पहुंचे तब रंजीत माहुरी पुलिस की मदद लेकर श्मशान भूमि पहुंचा। इधर उल्दा गांव के ग्राम प्रधान छोटु सिंह, मुखिया लाल मोहन सिंह सहित अन्य ग्रामीण भी श्मशान भूमि पर पहुंचे। ग्रामीणों ने रंजीत माहुरी पर श्मशान भूमि पर छेड़छाड़ और अतिक्रमण का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने कहा कि रंजीत माहुरी अपनी जमीन समतलीकरण के दौरान श्मशान भूमि पर मिट्टी का पहाड़ बना दिया। उन्होंने कहा कि हमलोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ किया। इसके साथ ही साथ समाजिक रीति-रिवाज का उल्लंघन किया है। इसके बाद ग्रामीणों ने 30 हजार जुमार्ना की बात रखी थी। रंजीत सिंह ने कहा कि मेरी अनुपस्थिति में बैठक हुई और मुझे शमशान की जानकारी नहीं थी। इसके बाद काफी हंगामा के बाद 15 हजार रुपए जुमार्ना सहित पाठा और नायके के लिए कपड़ा सहित पूजा की समाग्री पर मामला तय हुआ। साथ ही सभी मिट्टी हटाने में रंजीत माहुरी ने सहमति जताई। इसके बाद मामला शांत हुआ इधर पुलिस को रंजीत माहुरी ने जमीन और घर घेरने की सूचना दी थी।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**तेतुलमारी।** आंगरपथरा ओपी अंतर्गत कोड़ियां पट्टी में तेतुलमारी के 14 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है. बताया जाता है कि शनिवार की देर शाम जोगता थाना क्षेत्र के राहुल रजवार अपने मोटरसाइकिल से तेतुलमारी पहुंचा और नाबालिग को बहला फुसलाकर कर मोटरसाइकिल में बैठाकर अंगारपथरा ओपी क्षेत्र के कोड़िया पट्टी के सुनसान झाड़ियों में ले जाकर उसके साथ दुर्व्यवहार किया. फिर वहां से फरार हो गया. नाबालिग किसी तरह वहां से निकल कर अपने घर पहुंची और परिजनों को मामले की जानकारी दी. फिर अंगारपथरा ओपी पहुंच कर मामले की शिकायत की।

# गिरिडीह के विभिन्न इलाकों में निकाला गया फ्लैग मार्च

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की गई



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

बकरीद के मद्देनजर जिले के विभिन्न थाना इलाकों में पुलिस ने रविवार को थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से मुस्लिम धर्मावलंबियों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। वहीं आम लोगों से त्यौहार के अवसर पर आपसी सौहार्द व भाई चारा बनाये रखने की बात कही। पुलिस द्वारा जानकारी दी गई कि त्यौहार को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किए गए हैं। सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर है। किसी भी तरह की गलत अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी।

### बकरीद को लेकर शहर में निकाला गया फ्लैग मार्च

**चक्रधरपुर।** मुस्लिम समुदाय के बकरीद पर्व को लेकर रविवार शाम में चक्रधरपुर थाना की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। चक्रधरपुर थाना के प्रभारी राजीव रंजन के नेतृत्व में निकाले गये इस फ्लैग मार्च में बड़ी संख्या में पुलिस के जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च चक्रधरपुर थाना से निकलकर थाना रोड, रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग, बाटा रोड, दंदासाई समेत अन्य क्षेत्रों का भ्रमण कर थाना पहुंची। इस संबंध में थाना प्रभारी राजीव रंजन ने कहा कि विधि व्यवस्था को लेकर शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने बकरीद पर्व के दौरान लोगों को किसी भी तरह की अफवाह में न आने तथा शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की बात कही। इस मौके पर चक्रधरपुर थाना के अधिकारियों के अलावे पुलिस जवान मौजूद थे।

### सर्पदंश से चेकाम गांव के 18 वर्षीय युवक की मौत

**घाटशिला।** घाटशिला थाना क्षेत्र के भादुआ पंचायत अंतर्गत चेकाम गांव में शनिवार की देर रात 18 वर्षीय युवक सावना हांसदा को सांप ने डंस लिया था. उसकी मौत रविवार को घाटशिला अनुमंडल अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। डॉ। सावना युवक का इलाज कर रहे थे। उन्होंने बताया कि काफी गंभीर स्थिति में युवक को लाया गया था। गांव के ही किसी ओझा के चक्कर में पड़कर झाड़फूंक कराया जा रहा था। अनुमंडल अस्पताल में स्नैक वेनम आवश्यकता से अधिक उपलब्ध है। मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। जानकारी के अनुसार चेकाम गांव निवासी सावना हांसदा रात में घर के बरामदे में सोया हुआ था। रात करीब 1 बजे जहरीले चित्ती सांप ने उसके हाथ में डंस लिया।

## बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए विशेष शिक्षण केंद्र का हुआ उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। चक्रधरपुर**

बच्चों को स्कूल से जोड़ने व ड्रॉप आउट की समस्या दूर करने के उद्देश्य से चक्रधरपुर की गोपीनाथपुर पंचायत के लौजोड़ा कला व केनके पंचायत के केनके गांव में रविवार को विशेष शिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। अमरीका की क्राइ संस्था के सहयोग से संचालित बाल संरक्षण परियोजना के अंतर्गत सृजन महिला विकास मंच संस्था के तत्वावधान में यह विशेष प्रशिक्षण केंद्र खोला गया। इस मौके पर संस्था के परियोजना समन्वयक मोहम्मद इस्लाम अंसारी ने बताया कि विशेष शिक्षण केंद्र का संचालन वैसे बच्चों के लिए किया जाना है जिन्हें सीखने में दिक्कत होती है, जो स्कूल ड्रापआउट है, ताकि इन बच्चों में शिक्षा की रूचि जगा कर उन्हें बाल मजदूरी, बाल पलायन, बाल विवाह जैसे दुर्व्यवहार से बचा कर शिक्षा से जोड़ा जा सके।

## फिर हुआ हिरण का शिकार, बेचा गया मांस

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**

वन विभाग की टीम ने तिसरी से बिक्री किए जा रहे हिरण के मांस को जब्त किया है। हालांकि इस दौरान मांस बिक्री कर रहे लोग मौके से भाग निकले। मामला प्रखंड के बरईपाट गांव का है। मिली जानकारी के अनुसार वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी गांवा अनिल कुमार को बरईपाट में कथित लोगों द्वारा जंगली हिरण का शिकार कर उसके मांस का बंटवारा करने की गुप्त सूचना मिली थी।

वनपाल अमर विश्वकर्मा ने बताया कि सूचना के आधार पर तिसरी वन विभाग की पूरी टीम उक्त लोकेशन पर पहुंचकर खोजबीन करने लगी। जहां एक व्यक्ति सफेद रंग की बाल्टी में ढक कर कुछ रखा था। वनकर्मी जब तक कुछ भी अंदाजा लगाते तब



तक वह आदमी उक्त बाल्टी को वहीं छोड़कर भागने लगा। इस दौरान वन कर्मियों ने उसका पीछा भी किया, लेकिन वह भाग निकला। जिसके बाद आसपास के लोगों से पूछताछ कर उक्त व्यक्ति का पता लगाया गया। वहीं बाल्टी को खोलकर देखा गया तो उसमें हिरण का मांस रखा हुआ था। वन विभाग द्वारा मामले में उचित कानूनी कार्यवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। वहीं जब्त मांस को जांच के लिए देहरादून भेजा जा रहा है।

बताते चलें कि प्रखंड क्षेत्र में लगातार जंगली जानवरों का शिकार करने का मामला सामने आता रहा है। बीते दिनों तिसरी के निमाड़ीह से एक जंगली हिरण को घायल अवस्था में वन विभाग को सुपुर्द किया गया था। हालांकि उक्त हिरण की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। वहीं कारिपहरी गांव में भी जंगली भालू का शिकार कर उसके मांस का बंटवारा करने का मामला सामने आया था। हालांकि वन विभाग द्वारा समय-समय पर इसके विरुद्ध कार्यवाई की जाती रही है बावजूद इसके इन मामलों में कमी नहीं आ रही है।

## 5 एकड़ जमीन की गलत तरीके से कराई गई है रजिस्ट्री

### पीड़ित किसानों से मिले प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

भाकपा माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने रविवार को गांडेय के करमाटांड़ गांव में किसानों के साथ एक बैठक की । बैठक में मौजा करमाटांड़ में भू-माफियाओं द्वारा 5 एकड़ जमीन गलत एलपीसी तथा गलत वंशावली बनवाकर रजिस्ट्री करवाने के मामले में पीड़ित किसानों से राजेश यादव ने जानकारी ली। इस दौरान श्री यादव सहित बैठक में मौजूद झामुमो नेता सह स्थानीय मुखिया दशरथ किस्कू ने जिला प्रशासन से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इस इस मामले में माले नेता ने किसानों से मिली जानकारी और



दस्तावेजों के आधार पर बताया कि, गांडेय थाना नंबर 423 अंतर्गत मौजा करमाटांड़ में खाता नंबर 01, प्लॉट नंबर 152, 153, 149, 148 से संबंधित कुल जमीन में से 5.04 एकड़ जमीन गलत एलपीसी तथा गलत वंशावली बनवाकर रजिस्ट्री करवा दी गई है। जानकारी मिलने पर असल भू-स्वामियों के द्वारा अंचल कार्यालय में इसकी शिकायत कर आगे की कार्रवाई पर रोक लगाने की अपील की गई। साथ ही, गांडेय थाना तथा उपायुक्त गिरिडीह को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए आवेदन दिया गया है। उन्होंने कहा कि गांडेय प्रखंड में भू माफिआओं का मनोबल इतना बढ़ चुका है कि अब वे अंचल कार्यालय से सांठगांठ और फजीर्वाड़ा करके गलत वंशावली तथा एलपीसी बनवाकर किसानों की जमीन लूटने पर अमादा हो गए हैं।

## सिदगोड़ा में बढ़ते अपराध को लेकर भाजमो ने एसएसपी से की शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता। सिदगोड़ा**

सिदगोड़ा थाना में बढ़ते अपराध को लेकर भारतीय जनतंत्र युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित शर्मा ने एसएसपी से शिकायत की है। अमित शर्मा ने बढ़ते अपराध को लेकर सिदगोड़ा के थाना प्रभारी को आरोपी बताते हुए कहा है कि जिस तरीके से क्षेत्र में अवैध काम हो रहा है, उसमे स्थानीय पुलिस की संलिप्तता को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। अमित शर्मा ने कहा कि सिदगोड़ा कालू बागान में करमे द्वारा जगदीप सिंह की हत्या एवं मुख्य गवाह परमजीत सिंह उर्फ विक्की पर करमे के भाई एवं उसके सहयोगियों द्वारा हमला किया गया। वहीं बारीडीह बस्ती तथा बागुनहातु में स्वर्णरेखा नदी से अवैध रूप से बालू का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। सिदगोड़ा मार्केट में कई दिनों से जुआ और मटके का कारोबार चल रहा है। जिस वजह से क्षेत्र के कई परिवार बर्बाद भी हो रहे हैं। क्षेत्र में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार, चेन छिनतई जैसे कांड हो रहे हैं इसमें पुलिस के हाथ खाली हैं। अमित शर्मा ने मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई की मांग की है।

## गणेश हांसदा में देश सेवा का जुनून था : डॉ चौधरी

**नवीन मेल संवाददाता। घाटशिला**

करनडीह स्थित एलबीएसएम कॉलेज में रविवार को गलवान के शहीद गणेश हांसदा का शहादत दिवस मनाया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.अशोक कुमार झा, घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर के चौधरी, एलबीएसएम कॉलेज के डॉ विनय कुमार गुप्ता, समाजसेवी शंकर पाठक, सौरभ वर्मा समेत एनसीसी कैडेट्स ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। मुख्य अतिथि घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य व एलबीएसएम कॉलेज के पूर्व एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डाआर के चौधरी ने कहा कि वीर शहीद गणेश हांसदा बहुत ही अनुशासित, ईमानदार, कठिन परिश्रम करनेवाले कैडेट्स थे। वे अपने गांव से भोर के तीन बजे ही चल कर समय से एलबीएसएम कॉलेज एनसीसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चले आते थे। उनके अंदर देश की सेवा करने का जुनून था। गलवान घाटी की झड़प में अगर वे चाहते तो भागकर अपनी जान बचा सकते थे, लेकिन उन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर चीनी सैनिकों के साथ लड़ाई की और शहीद हो गये। इस क्रम में डॉ चौधरी ने एनसीसी कैडेट्स को उनके आदर्श पर चलने की प्रेरणा दी। प्राचार्य डॉ अशोक कुमार झा ने कहा कि शहीद गणेश हांसदा हमारे कॉलेज एवं राज्य के साथ ही देश के लिए गौरव हैं। शहीद गणेश हंसदा के ऊपर एक अच्छी फिल्म भी बनी है, जिसमें उनके बड़े भाई ने गणेश हंसदा का मुख्य किरदार निभाया है।

### वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार युवक की हुई मौत

**जमशेदपुर।** टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर चौका थाना क्षेत्र के झाबरी के सामने तेज रफ्तार 407 ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृत युवक की पहचान चौका थाना क्षेत्र के पोड़का टोला रांगाडीह निवासी 30 वर्षीय दुलाल मांझी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक साइकिल से अपने तीन-चार दोस्तों के साथ गौरडीह स्थित पोल फैक्ट्री में काम करने जा रहा था। इसी दौरान रांची की ओर से तेज गति से आ रहे 407 ट्रक ने युवक को पीछे से जोरदार धक्का मार दिया। घटना के बाद आसपास के लोग पहुंचे और चौका थाना को घटना की सूचना दी।

## आवश्यकता आधारित शिक्षकों को जल्द भुगतान करे केयू : अभाविप


**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

अखिल विद्यार्थी परिषद (अभाविप) जमशेदपुर महानगर सह मंत्री अभिषेक कुमार ने कहा है कि कोल्हान विश्वविद्यालय प्रशासन ने 35 आवश्यकता-आधारित सहायक प्राध्यापकों की सेवा समाप्त करने की बात की है। यह शिक्षकों और छात्रों के लिए एक बड़ा झटका है। शिक्षकों ने कई बार विश्वविद्यालय प्रशासन से संपर्क किया, लेकिन अब तक किसी ठोस समाधान का आश्वासन नहीं दिया गया है। एक तो शिक्षकों की कमी की वजह से शिक्षण कार्य में बाधा आ रही है, जिससे छात्रों की शिक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। परिषद ने विश्विद्यालय से यह मांग




की है कि इन शिक्षकों को अविलंब वेतन भुगतान किया जाए। साथ ही सेवा समाप्ति का विचार वापस लिया जाए। विश्विद्यालय प्रशासन इस जल्द ठोस कदम नहीं लेता तो अभाविप आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण दिवस पर कार्यक्रम का हुआ समापन





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

अखिल विश्व गायत्री परिवार गिरिडीह शाखा के द्वारा तिरंगा चौक स्थित गायत्री शक्तिपीठ में पिछले दो दिन से चल रहे गायत्री जयंती, गंगा दशहरा एवं वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के महाप्रयाण दिवस कार्यक्रम का समापन रविवार को हो गया। बताया गया कि इस शुभ अवसर शक्तिपीठ में अखंड जप, दीप महायज्ञ एवं पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन गायत्री शक्तिपीठ गिरिडीह में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने यज्ञ भगवान को गायत्री महामंत्र ,महामृत्युंजय मंत्र एवं अन्य वैदिक मन्त्रों से आहुतियां प्रदान कर मनुष्य मात्र के मंगलमय जीवन, उज्जवल भविष्य एवं कल्याण की प्रार्थना की ' अंत में सामूहिक आरती के द्वारा इस कार्यक्रम का समापन किया गया।

इस अवसर पर शांतिकुंज प्रतिनिधि संदीप कुमार ने कहा कि आज के ही दिन इस पृथ्वी पर आद्यशक्ति मां गायत्री एवं पतित पावनी मां गंगा का अवतरण हुआ था। आज के ही दिन 2 जून 1990 को अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने अपने इस स्थूल काया का परित्याग किया था। उन्होंने कहा कि पंडित राम शर्मा आचार्य जिसे हम सभी श्रद्धा भाव से परम पूज्य गुरुदेव कहते हैं ने जन-जन को गायत्री महामंत्र की उपासना बतलाई साथ ही 3200 पुस्तकों का लेखन कर जीवन जीने की कला , गायत्री महाविद्या , प्राण विद्या सहित योग एवं स्वास्थ्य संरक्षण का ज्ञान मनुष्य मात्र को कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कामेश्वर सिंह, दर्शन पंडित, भागीरथ प्रसाद सिंह, संदीप कुमार, हरिशंकर चंद्राकर, योगेश्वर महतो, लाल बाबा, नरेश यादव, अरुण कुमार, महेश गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, जय प्रकाश राम, सुमन गुप्ता, अर्चना देवी ,उर्मिला बरनवाल, वीणा गुप्ता, कविता कंधवे, शीला देवी, उमा गुप्ता, बबीता श्रीवास्तव आदि लगे हुए थे।

## न्यूज बॉक्स

### जमशेदपुर से चोरी का वाहन लेकर भाग रहे दो अपराधी गिरफ्तार



**गिरिडीह।** झारखंड के जमशेदपुर से चोरी का सूमो वाहन लेकर भाग रहे दो अपराधियों को गिरिडीह पुलिस ने वाहन के साथ धर दबोचा है. पकड़ा गया कुख्यात अपराधी जमशेदपुर जिले के मानगो थाना इलाके का मो। सफिक अली और राशिद हुसैन है। बताया गया कि रविवार की सुबह आजाद नगर, जमशेदपुर प्रभारी राजेश कुमार द्वारा चोरी का सूमो वाहन लेकर गिरिडीह की ओर भागने की सूचना मिली। सूचना के बाद बेंगाबाद व नगर थाना पुलिस की टीम सक्रीय हुई और नगर थाना इलाके के मेट्रोस गली में घेर कर वाहन को रोक लिया गया। वहीं वाहन में सवार मो। सफिक अली और राशिद हुसैन को पकड़ लिया गया। बताया गया कि पकड़ें गए दोनों अपराधियों का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। इन दोनों के उपर हत्या, लूट, रंगदारी, आर्म्स एक्ट समेत अन्य कई मामले दर्ज है।

### 21 जून को नाइट कबड्डी टूर्नामेंट का होगा आयोजन



**गिरिडीह ।** कॉलेज मैदान में रविवार को युवा कबड्डी एकेडमी की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संजय यदुवंशी ने किया। बताया गया की युवा कबड्डी एकेडमी गिरिडीह द्वारा आगामी 21 जून को नाइट कबड्डी टूर्नामेंट 2024 का प्रथम सेशन का आयोजन होने जा रहा है। यह टूनार्मेंट हाई स्कूल मैदान में आयोजित होगा। बताया गया कि टूनामेंट में कुल 4 राज्यों के 20 खिलाड़ियों का बॉयज टीम और 10 खिलाड़ियों की गर्ल्स टीम इस आयोजन में हिस्सा लेगी। इस बाबत आयोजन कमिटी के सदस्यों ने गिरिडीह के खिलाड़ियों से अपील करते हुए कहा कि खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने सभी टूनामेंट में सादर आमंत्रित हैं। टूनामेंट को सफल बनाने में संजय यदुवंशी, विवेक कुमार, सूरज तिवारी, विनय, सागर, शुभम, गुड्डू, अंकित, आतिश, राखी, रूपा, सुष्मिता, सोनिया ,राहुल आदि लगे हुए हैं।

### दो बच्चों के साथ लापता महिला को पुलिस ने हरियाणा के करनाल में किया बरामद



**तिसरी।** गिरिडीह जिले के मनसाडीह ओपी अंतर्गत मनसाडीह गांव की लापता महिला प्रीति देवी और उसके दो बच्चों को मनसाडीह पुलिस ने हरियाणा राज्य के करनाल जिले से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने उक्त महिला और उसके दोनों बच्चों को रविवार को उसके परिजनों को सौंप दिया है। बताया जाता है कि उक्त महिला पहले 5 जून को लापता हुई थी, लेकिन वापस आ गई थी। जिसके बाद महिला अपने दो बच्चों के साथ पुनः 10 जून को फिर से लापता हुई। परिजनों ने मामले की लिखित शिकायत मनसाडीह ओपी प्रभारी को दी। जिसके बाद ओपी प्रभारी अंकित कुमार ने वरिय पदाधिकारियों के निर्देश पर मामले में सनहा दर्ज कर पड़ताल में जुट गए। इस दौरान पुलिस ने महिला को हरियाणा राज्य से ढूंढ़ निकाला। जिसके बाद मनसाडीह पुलिस ने हरियाणा के करनाल जाकर उक्त महिला व उसके दोनों बच्चों को सकुशल वापस लाया। जिसके बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया। महिला के लापता होने के पीछे प्रेम - प्रसंग का मामला बताया जा रहा है। बताया जाता है कि उक्त महिला अब भी अपने पति के साथ रहने से इंकार कर रही है।

### जमशेदपुर समेत कोल्हान में पारा 5 से 10 डिग्री तक गिरा



**जमशेदपुर।** शहर समेत पूरे कोल्हान में लोगों ने रविवार को तपिश से थोड़ी राहत महसूस की। पिछले एक सप्ताह से प्रचंड धूप, भीषण लू और 44.0 डिग्री तापमान की वजह से कोल्हान जल रहा था। वहीं आज सुबह से ही हवा में थोड़ी ठंडक और हल्के बादल छाये रहने के कारण तापमान में भी कमी आयी। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में अब तेज हवा के साथ हो सकती है। इससे तपिश से राहत मिलने की संभावना है। रविवार को कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिलों में 40.0 डिग्री से कम तापमान दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान सामान्य से 3.6 डिग्री अधिक होने के बावजूद 39.8 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 2.3 डग्री अधिक 28.0 डिग्री दर्ज किया गया। सरायकेला में अधिकतम तापमान समान्य से 6.9 डिग्री कम 39 डिग्री रहा। वहीं पश्चिमी सिंहभूम जिले में अधिकतम तापमान 10.5 डिग्री नीचे 33.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

### डालसा ने मंडल कारा में जेल अदालत लगाई

**चाईबासा।** नालसा एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार चाईबासा के तत्वावधान में रविवार को जेल अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान गठित बेंच पूजा पांडेय, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी ने उनके समक्ष प्रस्तुत मामलों की समीक्षा की। इस अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।जागरूकता कार्यक्रम में उन्होंने बंदियों को डालसा द्वारा प्रदत्त विधिक सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। मंच का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन जेलर लवकुश ने किया। मौके पर रत्नेश कुमार एलएडीसी, कोर्ट के सहायक अश्विनी कुमार, डालसा के सहायक अमित कुमार भी उपस्थित थे।

### टाटा-पटमदा मुख्य मार्ग पर पिकअप वैन व ऑटो में टक्कर

**बोड़ाम।** बोड़ाम थाना अंतर्गत टाटा-पटमदा मुख्य मार्ग पर भुईयासिनान चौक में रविवार सुबह एक पिकअप वैन और ऑटो में जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में ऑटो सवार घायल हो गया वहीं ऑटो का पिछला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इधर, घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां सभी को इलाज के बाद छोड़ दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार पटमदा के बेलटांड़ सप्ताहिक हाट से बकरीद के लिए खस्सी की खरीदारी कर कुछ लोग टेम्पो से जमशेदपुर लौट रहे थे। इसी दौरान भुईयांसिनान में ब्रेकर पर अचानक टेम्पो चालक के ब्रेक मारने से पीछे से आ रही पिकअप वैन ने टक्कर मार दी।

पहले हर अच्छी बात का मजाक बनता है। फिर विरोध होता है। अंत में उसे स्वीकार कर लिया जाता है : स्वामी विवेकानन्द

# अंग्रेजी से मुक्त होती राजनीति

**भारत** स्वतंत्रता के बाद अंग्रेजी के मोह और प्रभाव से लंबे समय तक मुक्त नहीं हो पाया क्योंकि बड़े नेता न सिर्फ ऑक्सफोर्ड, कैंब्रिज और नहीं तो महाराजा कॉलेज जैसी संस्थाओं से शिक्षित थे जिनके मन में था कि देसी भाषा हिंदी कम पढ़े लिखे ग्रामीण टाइप लोगों की भाषा थी। सरकारी या सार्वजनिक कार्यक्रमों में अंग्रेजी ही संचालन की भाषा हुआ करती थी और हिंदी बोलने वाले को अनपढ़ ही समझा जाता था। एक बार मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण चल रहा था। मंत्रियों के शपथ लेते ही तालियां बजतीं, और थम जातीं। इसी बीच एक युवा नेता के शपथ वाले शब्द जैसे ही थमे राष्ट्रपति भवन तालियों से गूंज उठा। बाकी मंत्रियों की तुलना में इस बार ताली कुछ ज्यादा तेज और देर तक बजी। वह युवा मंत्री थीं अगाथा संगमा। मेघालय के पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष पीए संगमा की बेटी अगाथा संगमा की ओर मेहमानों का ध्यान खिंचने की वजह बनी उनकी हिंदी। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि अगाथा पूर्वोत्तर की नेता थीं और तब शपथ ग्रहण में अंग्रेजी का बोलबाला रहता था। हिंदी भाषी क्षेत्रों के पढ़े-लिखे ज्यादातर नेताओं के लिए हिंदी में शपथ लेना हेठी समझी जाती थी। लेकिन मोदी सरकार में हालात बदल गए हैं। बीते नौ जून की शाम को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 71 मंत्रियों ने शपथ ली। इनमें 55 मंत्रियों ने हिंदी में शपथ ली। स्वतंत्र भारत के इतिहास में शायद यह पहला शपथ ग्रहण था, जिसमें दो तिहाई मंत्रियों ने हिंदी में राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य के निर्वहन का संकल्प लिया। हिंदी के प्रति मोदी सरकार का अनुराग ऐसा मुद्दा है, जिसकी आलोचना उसके कट्टर विरोधी भी नहीं कर सकते। चूंकि शीर्ष नेतृत्व का ज्यादातर हिस्सा हिंदी बोलने-लिखने में सहज है, लिहाजा पहले की तुलना में हिंदी का महत्व मोदी सरकार में बढ़ा है। प्रधानमंत्री मोदी हों या गृहमंत्री अमित शाह या फिर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तीनों बड़े नेताओं की प्राथमिक भाषा हिंदी ही है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी हिंदी में ज्यादा सहज हैं। नितिन गडकरी मराठी, हिंदी और अंग्रेजी, तीनों में सहज हैं। भारतीय भाषाओं में सहज ज्यादातर नेताओं की कामकाज की भाषा चूंकि हिंदी है, शायद इसलिए शपथ ग्रहण समारोह में उन्होंने हिंदी को ही तवज्जो दिया। दो सौ साल के अंग्रेजी राज और 160 साल के अंग्रेजी शिक्षण के चलते भारत ऐसे मुकाम पर पहुंच गया है, जहां अंग्रेजी को नकारा नहीं जा सकता। बेशक आजाद भारत के शुरूआती नेतृत्व ने क्षेत्रीय भाषाओं और हिंदी को बढ़ावा देने की बात की, लेकिन उसमें बढ़ावा देने की औपचारिकता ज्यादा थी, व्यवहारिकता कम। इसी कारण स्वाधीन भारत के सामाजिक और व्यवस्थागत जीवन में भारतीय भाषाओं के मुकाबले अंग्रेजी का वर्चस्व बढ़ा। उदारीकरण के बाद जब पश्चिमी आर्थिक हस्तक्षेप बढ़ा, कॉरपोरेटीकरण भारतीय विकास की समानांतर व्यवस्था बना, तो भारतीय भाषाओं के मुकाबले अंग्रेजी का वर्चस्व फिर से बढ़ने लगा। इसका असर हमारे सामाजिक और राजनीतिक जीवन के साथ ही नौकरशाही में भी दिखा। ऐसे माहौल में नरेंद्र मोदी का उभार हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं के लिए उम्मीद की नई रोशनी बनकर आया। हिंदी का नौकरशाही में व्यवहार बढ़ा। शासन के शीर्ष के ज्यादा संपर्क में आने वाली नौकरशाही भी हिंदी सीखने को आतुर दिखती है। इन पंक्तियों के लेखक से एक दिन एक शीर्ष नौकरशाह ने हिंदी सिखाने की अपील की। भारतीय भाषाओं और हिंदी के प्रति सरकारी तंत्र में आए इस सकारात्मक बदलाव का ही असर कहा जाएगा कि नई शिक्षा नीति में भी प्राथमिक स्तर की पढ़ाई के माध्यम के लिए हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं की वकालत की गई है। ज्यादातर मंत्रियों का हिंदी में शपथ लेना हो या तंत्र के शीर्ष का हिंदी में बढ़ता व्यवहार हो, इनसे नीचे तक संदेश जाता है। संघ लोक सेवा आयोग ने शीर्ष नौकरशाही के चयन की जो व्यवस्था स्वीकार की है, उसमें भारतीय भाषाओं और हिंदी माध्यम की पढ़ाई के छात्रों की सफलता दर बेहद कम है। इसलिए अब भी नौकरशाही में अंग्रेजी का बोलबाला बना हुआ है। ऐसे नौकरशाह लोकभाषाओं में काम करने में सहज नहीं हैं। आज भी नौकरशाही के स्तर पर बुनियादी सोच से लोकभाषाएं गायब हैं। चिंतन हो या नीति निर्माण, अंग्रेजी का वर्चस्व बना हुआ है। शायद यही वजह है कि अब भी अंग्रेजी को श्रेष्ठि और नागर समाज की भाषा माना जाता है। ऐसे माहौल में भी अगर 55 मंत्री हिंदी में शपथ लेते हैं, तो उसका स्वागत ही होना चाहिए।

इन दिनों

# प्यासी धरती करे पुकार: आओ सहेजें वर्षा जल इस बार


डॉ. अजय खेमरिया



**रिकॉर्ड** तोड़ भीषण गर्मी विदा हो रही है। इस साल तपती धरती ने हमें आने वाले कल की झलक दिखला दी है। सभी पैरामीटर्स ध्वस्त से हो गए थे। हम फिर भी नहीं चेते तो त्रासदी का अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। गर्मी के साथ तीन चौथाई हिस्से में पानी का संकट खड़ा हुआ है। जितना पानी उपयोग के लिए चाहिए उससे दस गुना हम बर्बाद कर रहे हैं। प्रकृति ने पानी की प्रचूर उपलब्धता सुनिश्चित की है, वर्षा और भूजल के माध्यम से। मानसून तटों से लेकर शहरों तक दस्तक दे चुका है। लेकिन क्या हम इस वर्षा जल को सहेजने के लिए तैयार हैं? सरकारें हर साल अभियान चलाकर जल संग्रहण के प्रयास करती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'कैच द रेन' जैसे अभियान शुरू कर वर्षा जल को सहेजने का आह्वान किया। इसके बावजूद भारत में वर्षा जल संग्रहित नहीं हो रहा है। सब कुछ सरकार पर छोड़ने की दुर्भाग्यजनक मानसिकता ने भारत के परम्परागत लोकजीवन को पूरी तरह विस्थापित कर दिया है। न केवल जल संचय बल्कि इसकी बबार्दी के भी सभी रिकॉर्ड हम भारतीय तोड़ने में अग्रणी हैं। सवाल यह कि जब हम वर्षा जल संग्रहण में सदियों से पारंगत रहे हैं तब हमें सरकारी तंत्र की आवश्यकता क्यों पड़ने लगी है? असल में उपभोक्तावाद और प्रकृति के साथ अलगाव की जीवनशैली ने हमारा तानाबाना ही बिगाड़ कर रख दिया है। यही कारण है कि प्रकृति के साथ जिस समाज का रिश्ता पिता-पुत्र सा था, आज वही समाज प्रकृति के रौद्र रूप को झेल रहा है। आज आवश्यकता है जल, जमीन और जंगल के साथ हमारे सनातन प्रावधित रिश्तों को जीवित करने की। इस वर्षा ऋतु के साथ ही हम इसकी शुरूआत कर सकते हैं। आंकड़े दर्शाते हैं कि भारत के शहरी क्षेत्रों में 970 लाख लोगों को पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं है। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में भी पेयजल की हालत अधिक अच्छी नहीं है। वहां भी लगभग 70 फीसद लोग प्रदूषित पानी पीने और 33 करोड़ लोग सूखे वाली जगहों में रहने को मजबूर हैं। भारत में कुल मिलाकर लगभग 70 फीसदी जल प्रदूषित है। देश में पहले से ही सीमित मात्रा में जल उपलब्ध है, बावजूद इसके जल की बबार्दी निरंतर जारी है। यह प्रवृत्ति खतरनाक है। जिस रफ्तार से पानी की बबार्दी हो रही है, उसके चलते हमारा आने वाला कल बेहद भयावह हो सकता है। भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। नदियां सूख रही हैं। एक सौ पचास करोड़ की जनसंख्या वाला हमारा देश जल संरक्षण को लेकर गंभीर भी नहीं है, देश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले अकेले मुंबई में ही वाहनों को धोने में हर रोज लगभग पचास लाख लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। दिल्ली, मुंबई और चेन्नई आदि महानगरों में पाइप लाइनों में रिसाव के चलते प्रतिदिन 17 से 44 फीसद पानी बेकार बह जाता है। नीति आयोग की हालिया भू-जल पर जारी एक अध्ययन रिपोर्ट में इस बात की चेतावनी दी गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार 21 बड़े शहरों में भू-जल खत्म होने के कगार पर है इससे करीब 15 करोड़ आबादी सीधे पानी के लिए तरसने पर विवश होगी। नीति आयोग के इस अध्ययन से पता चलता है कि भारत किस तरह जल संकट से घिरता जा रहा है। वर्षा और भू-जल प्रबंधन में नाकामी ने भारत में भविष्य के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। आज धरती के 17 प्रतिशत लोग भारत में निवास करते हैं। 15 प्रतिशत जानवर हैं लेकिन मानक अनुसार साफ पानी के संसाधन केवल 04 प्रतिशत ही शेष है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर साल 03 मीटर तक भूजल कम हो रहा है। यानी पाताल का पानी भी हर साल घटता जा रहा है। इसका सबसे अहम कारण है खेती के पारंपरिक तरीकों को छोड़कर कथित आधुनिक खेती जो 80 फीसदी जमीन के अंदर उपलब्ध पानी पर ट्यूबवेलों पर निर्भर है। भारत में हर साल 3880 बिलियन क्यूबिक मीटर (एक बिलियन यानी एक अरब) जल वर्षा में आता है। इसमें से केवल 699 बिलियन क्यूबिक मीटर जल ही हम शुद्ध रूप में उपयोग कर पाते हैं। असल में ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि हमने विकास के नाम पर पुरानी जल संग्रहण व्यवस्था को नष्ट कर दिया है। 70 साल पहले गांवों और शहरों में अनगिनत तालाब और ऐसे ही अन्य जल संग्रहण इकाइयां थी आज बढ़ती आबादी के दबाव ने इन सभी को नष्ट कर दिया है। आधुनिक जल संग्रहण के प्रयास नेताओं और अफसरों के हवाले छोड़ दिये गए है इसमें जनभागीदारी नहीं के बराबर है। नतीजतन वर्षा जल संग्रहण में हम नाकाम हो चुके हैं। 1947 तक हर भारतीय के लिए करीब 60 लाख लीटर पानी सहजता से उपलब्ध था। 2011 में यह घटकर 15 लाख लीटर रह गया। 2031 में यह 13.50 लाख लीटर रह जायेगा। अनुमान है कि 2051 में यह घटकर करीब 11 लाख लीटर ही रह जायेगा। विशेषज्ञों के अनुसार जब प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता 17 लाख लीटर से कम हो जाती है तो यह गंभीर जल संकट की श्रेणी में माना जाता है। स्पष्ट है कि हम भविष्य में विकराल जल संकट की ओर बढ़ चुके हैं। केंद्रीय जल आयोग का अध्ययन बताता है कि हर भारतीय औसतन 45 लीटर पानी हर दिन बर्बाद कर रहे हैं। यह बबार्दी घर, बाथरूम और अन्य माध्यमों से हो रही है। पहले हमारे घरों में जरूरत के अनुरूप पानी संग्रहित होता था क्योंकि स्रोत कुँए बाबड़ी थे और स्नान, शौच में भी आज की तरह विदेशी व्यवस्था नही थीं। घरों में लगे आरओ एक लीटर पानी को शुद्ध करने के लिए चार लीटर पानी बर्बाद करता है। बोतलबंद पानी बनाने वाली कम्पनियां हर घण्टे 15 हजार लीटर पानी जमीन से निकाल रही हैं। एनजीटी के अनुसार देश में हर दिन सम्मिलित रूप से 49 अरब लीटर पानी बर्बाद किया जा रहा है। नीति आयोग के अध्ययन से पता चलता है कि आने वाले दो तीन दशकों में भारत की 60 प्रतिशत जनसंख्या के सामने पेयजल का गंभीर संकट आने वाला है। भोपाल, इंदौर, रतलाम, दिल्ली, नोयडा, गुरुग्राम, आगरा, पटियाला, अमृतसर, बीकानेर, गाजियाबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, अजमेर, मोहाली, चंडीगढ़ जैसे शहरों में तो 2030 तक ही भयावह हालात निर्मित होने वाले हैं। भारत में उपलब्ध जल की उतनी कमी नहीं है। हमारे देश की मुख्य नदियों के अलावा हमें औसतन सालाना 11.70 करोड़ घनमीटर बारिश का पानी मिल जाता है। इसके अलावा, नवीकरणीय जल संरक्षण से भी 1608 अरब घनमीटर पानी हर साल मिल जाता है। दुनिया का नौवां सबसे बड़ा 'ताजा जल संग्रह' हमारे पास है।

## काव्य कोना

### कर्म और पूजा

शिवालय- देवालय- कर्मालय
किसी भी नाम से पुकारो
नाम कोई भी दो
धर्म और रिवाज का
कर्मस्थली-पूजास्थली
मातृगत संस्कार में मिला
बतलाया अभेद कर्म और पूजा ।
पर हाय,अस्तित्व को नकारते तर्क
और कुतर्क से आपत्ति है, भेद
बतलाने लगे थकते नहीं कहते भिन्न
है कर्म और पूजा शाब्दिक अर्थों में
उलझा दिया पूरे समाज को अवगत है
स्वयं भी वो दिल के किसी कोने में
फिर भी प्रश्न चिह्न लगाते है औचित्य
पर। कारण बड़ा है यह मूल्यों को
ज्ञान की कसौटी पर कसने का
ज्ञानियों ने कहा ज्ञान पिपासु बन
पाखंड और अन्धविश्वास छोड़
फिर भी कोशिश या कहें जोर
अजमाइश दशार्ने की विद्वत्ता लगता है
कि बदल डालेंगे पाखंड की परिभाषा
मूल पर ही प्रश्न चिह्न लगाते
अस्तित्व को नकारने की कोशिश ।

**- नाग मणि**

## आपकी बात

### पुरातत्व पर्यटन के क्षेत्र में झारखंड आगे बढ़े


प्राण रंजन प्रसाद
कैप्टन (से नि)

**विश्वस्त** जानकारी के अनुसार ज्ञात हुआ है कि झारखंड सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा एक महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत गुमला ज़िला के सिसाई अंचल में देशी एवं विदेशी पर्यटकों के लिए विश्व स्तरीय पर्यटक स्थल बनाने की अनुशंसा की गई है। यहाँ के नवरतनगढ़ प्राचीन स्थल के सितंबर 2019 में राष्ट्रीय स्मारक घोषित होने के बाद अचानक ही पर्यटकों के यहाँ आने की संख्या में काफी वृद्धि देखी जा रही है। इस महत्वपूर्ण स्थल को राष्ट्रीय स्मारक की सूची में शामिल कराने में मेरा काफी योगदान रहा है। यह पुरातात्विक संरक्षित छेत्र करीब 100 एकड़ भूमि में फैला हुआ है। राज्य सरकार की यह पहल देश के साथ-साथ विदेश से भी आगंतुकों को ठहरने तथा स्वादिष्ट व्यंजन की सुविधा दे पायेंगी। इसमें हर वर्ग के बच्चों, पुरुष एवं महिलाओं तथा बुजुर्ग लोगों के सुविधा तथा मनोरंजन स्थल का ध्यान रखना आवश्यक होगा। इसमें कई आयाम को शामिल कर अत्यंत रोचक तथा मोहक बनाया जा सकता है । इसकी संरचना लगभग 25 से 27 एकड़ भूमि पर करने की संभावना रहेगी। इसकी संरचना वैश्विक निविदा के आमंत्रण करके सबसे अच्छी संस्था द्वारा करवाना उचित रहेगा। यहाँ ठहरकर आस-पास के कई प्राचीन धार्मिक स्थलों पर भी जाया जा सकेगा। पर्यटक विभाग के इस प्रयास से राज्य के कई अन्य स्थलों पर भी इसी तरह की सुविधा प्रदान की जा सकेगी। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं झारखंड राज्य का निवासी हूँ और मेरी हार्दिक इच्छा है कि प्राकृतिक छटा से परिपूर्ण राज्य में पर्यटन सेवा को अपेक्षित रूप से बढ़ाया जाय।

**(पुरातत्व और पर्यटन विशेषज्ञ, नई दिल्ली)**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

देश-विदेश

# भारत समेत दुनिया के केंद्रीय बैंक बढ़ा रहे अपने स्वर्ण भंडार


प्रहलाद सबनानी

**हाल** ही में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी बैंकों में रखे भारत के 100 टन सोने को ब्रिटेन से वापस लाया गया है। यह सोना भारत ने ब्रिटेन के बैंक में रिजर्व के तौर पर रखा था और इस पर भारत प्रतिवर्ष कुछ फीस भी ब्रिटेन के बैंक को अदा करता रहा है। समस्त देशों के केंद्रीय बैंक अपने यहां सोने के भंडार रखते हैं ताकि इस भंडार के विरुद्ध उस देश में मुद्रा जारी की जा सके (भारत में 308 टन सोने के विरुद्ध रुपए के रूप में मुद्रा जारी की गई है, यह सोने के भंडार भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा हैं) और यदि उस देश की अर्थव्यवस्था में कभी परेशानी खड़ी हो एवं उस देश की मुद्रा का तेजी से अवमूल्यन होने लगे तो इस प्रकार की परेशानियों से बचने के लिए उस देश को अपने स्वर्ण भंडार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचना पड़ सकता है। इस कारण से विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक अपने पास स्वर्ण के भंडार रखते हैं। पूरे विश्व में उपलब्ध स्वर्ण भंडार का 17 प्रतिशत हिस्सा विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के पास जमा है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास भी 822 टन के स्वर्ण भंडार हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इसका 50 प्रतिशत से अधिक भाग, अर्थात लगभग 413.8 टन, भारत के बाहर अन्य केंद्रीय बैंकों विशेष रूप से बैंक आफ इंग्लैंड एवं बैंक आफ इंटर्नैशनल सेटल्मेंट के पास रखा गया है। उक्त वर्णित 308 टन के अतिरिक्त 100.3 टन स्वर्ण भंडार भी भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा है। वर्ष 1947 में भारत के राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व ही भारत ने अपने स्वर्ण के भंडार बैंक आफ इंग्लैड में रखे हुए हैं। इसके बाद 1990 के दशक में भी भारत ने अपनी आर्थिक परेशानियों के बीच अपने स्वर्ण भंडार को बैक आफ इंग्लैंड में गिरवी रखकर अमेरिकी डॉलर उधार लिए थे। विभिन्न देशों द्वारा लंदन में स्वर्ण भंडार इसलिए रखे जाते हैं क्योंकि लंदन पूरे विश्व का सबसे बड़ा स्वर्ण बाजार है और यहां स्वर्ण को सुरक्षित रखा जा सकता है। यहां के बैंकों द्वारा विभिन्न देशों को स्वर्ण भंडार के विरुद्ध अमेरिकी डॉलर एवं ब्रिटिश पाउंड में आसानी से ऋण प्रदान किया जाता है बल्कि यहां पर स्वर्ण भंडार को आसानी से बेचा भी जा सकता है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण के कई खरीदार यहां आसानी से उपलब्ध रहते हैं।

> **पूरे विश्व में उपलब्ध स्वर्ण भंडार का 17 प्रतिशत हिस्सा विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के पास जमा है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास भी 822 टन के स्वर्ण भंडार हैं।**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




# एनडीए सरकार और मोदी-3.0 की 'मन की बात'


ऋतुपर्ण दवे

**मोदी** मंत्रिमण्डल का गठन जरूर हो गया लेकिन कयासों का दौर खत्म नहीं हुआ। एक बार में ही 72 सदस्यीय भारी-भरकम मंत्रिमण्डल की वजह लोग कुछ भी बताएं लेकिन यह नरेन्द्र मोदी की चतुराई कही जाएगी जो उन्होंने सारे किन्तु-परन्तु पर विराम लगा एक तीर से कई निशाने साधे। इससे न केवल सहयोगियों बल्कि भाजपा के आनुषांगिक संगठनों को भी बड़ा संदेश गया कि भले सीटें घटीं लेकिन मोदी की हैसियत वही है। घटक दलों के सहयोगियों का मोदी के तीसरे कार्यकाल में मंत्रिमण्डल बंटवारे में मिले पद और कद से भी काफी भ्रम टूटा। साफ दिखा कि नरेन्द्र मोदी ने जो चाहा वो किया। जिस शांति और धैर्य से घटक दलों के साथ पहली बैठक हुई, प्रमुख दोनों सहयोगी नीतीश और चंद्रबाबू ने मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े, उससे राजनीतिक नब्ज टटोलने वालों की भी धड़कनें असहज हुई। हम उम्र और राजनीति में मोदी से सीनियर होने के बावजूद नीतीश का उनके पैर छूने झुकना, सबको अब भी हैरान कर रहा है। यह भ्रम ही साबित हुआ कि जेडीयू को रेल तो टीडीपी को सड़क परिवहन मंत्रालय मिलना तय है। पुरानी सरकारों में रेल मंत्रालय प्रायः गठबन्धन सहयोगियों के खाते में रहा। मौजूदा मंत्रिमण्डल में 33 नए चेहरे हैं जिनमें तीन पूर्व मुख्यमंत्री हैं। पहली बार मंत्री बनने वालों में 7 सहयोगी दलों से हैं। 7 महिलाएं भी मंत्री बनीं जिनमें 2 कैबिनेट और 5 राज्य मंत्री हैं। नए मंत्रिमंडल में 21 सवर्ण, 27 ओबीसी, 10 एससी, 5 एसटी, 5 अल्पसंख्यक मंत्रियों को जगह मिली। अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल से 'मोदी का परिवार' हटाने की गुहार लगा दी। भले ही डिस्प्ले नाम बदले लेकिन भारत की तरक्की की कोशिशों के खातिर प्रयास करने वाले एक परिवार के रूप में हमारा बंधन मजबूत और अटूट है। इशारा अबकी बार एनडीए सरकार की ओर तो था ही साथ ही गठबन्धन के सहयोगियों को भी बता दिया कि अब वो कितने अहम हैं। अब सबकी निगाहें लोकसभा अध्यक्ष पर है। जिस पर फिर कयासों का दौर शुरू हो गया है। निश्चित रूप से विविधताओं से भरे देश और उसकी राजनीति में मतांतर नए नहीं है। आंध्र प्रदेश विधानसभा में गजब का प्रदर्शन करते हुए टीडीपी-भाजपा गठबंधन ने बड़े बहुमत वाली जीत हासिल की। दोनों का एजेण्डा सबको पता है। टीडीपी मुस्लिम आरक्षण, परिसीमन, सीएए, अमरावती के विकास और विशेष दर्जे पर तवज्जो चाहेगी तो कमोबेश जेडीयू भी बिहार में ऐसे ही एजेण्डे के साथ अगले साल विधानसभा चुनाव में जाएगी। महाराष्ट्र में तो अभी चुनाव होने हैं। इन हालातों में महत्वपूर्ण घटक कब तक भाजपा के हमराह रहेंगे? जबकि महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश सहित बिहार में पद और कद पर कई बातें होनी शुरू हो गई हैं। अपने दम पर बहुमत हासिल करने में नाकाम भाजपा नीत गठबंधन सरकार को लेकर दुनिया भर में कौतूहल था। लेकिन मंत्रिमण्डल गठन के बाद विभाग वितरण से लोग भौंचक्का हैं कि यह कैसा जादू? क्या सचमुच राजनीति में मंजे दोनों बाबू न केवल मोदी के साथ हैं बल्कि ब्रान्ड मोदी के दो हाथ हैं? बहुमत का आंकड़ा न छू पाने के बावजूद मंत्रिमण्डल बंटवारे में दिखी मोदी के मन की बात ने क्या सभी का लोहा मनवा लिया।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं।)**

बोधि वृक्ष

# चतरा में मां भद्रकाली का मंदिर



**मां** भद्रकाली मंदिर का इतिहास पालवंश के कालखंड से है। मां भद्रकाली की आस्था के साथ पूजा करनेवालों की मन्नतें पूरी होती हैं। माता की शक्ति अलौकिक है। मां भद्रकाली लक्ष्मी स्वरूपा कमल पुष्प पर विराजमान हैं चतरा जिले के इटखोरी में 'भदुली' के नाम से प्रसिद्ध 'मां भद्रकाली' का शक्तिपीठ स्थित है। अर्द्धचंद्राकार में मंदिर के तीन दिशाओं से होकर बहनेवाली उत्तर वाहिनी मोहाने नदी से यहां मनोरम दृश्य नजर आता है। प्राचीनकाल से स्थापित इस मंदिर की महिमा अपरंपार है, जिसकी वजह से यहां झारखंड के अलावा बिहार समेत अन्य राज्यों और देश-विदेश से भक्त माता की पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। बता दें कि यह भगवान गौतम बुद्ध की तपोभूमि तथा जैन धर्म के 10वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जन्म कल्याणक भूमि भी है। इस मंदिर का निर्माण बंगाल साम्राज्य के राजा महेंद्र पाल ने कराया था। इसका इतिहास पालवंश के कालखंड से है। मां भद्रकाली की आस्था के साथ पूजा करनेवालों की मन्नतें पूरी होती हैं। माता की शक्ति अलौकिक है।

(क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

# अब अपने बच्चों के मोबाइल पर रखिए सावधानी से नजर



**यह** बात कोई छिपी हुई नहीं है कि स्मार्टफोन टेक्नोलॉजी में एल्गोरिदम ही इस तरीके से बनाए जाते हैं कि बच्चे उसके आदि हो जाए ऐसे में पैरेंटल कंट्रोल टूल आपकी बड़ी मदद कर सकता है। जी हां पैरेंटल कंट्रोल टूल आपके गूगल प्ले स्टोर में अवेलेबल है और इसके जरिए आप पता कर सकते हैं कि आपका बच्चा मोबाइल पर क्या कर रहा है, क्या कंज्यूम कर रहा है, क्योंकि कोई भी व्यक्ति हर वक्त अपने बच्चों पर फिजिकल नजर नहीं रख सकता है। ऐसे में यह काफी मददगार साबित हो सकता है। सबसे खास बात यह है कि पैरेंटल कंट्रोल टूल के जरिए आप अपने बच्चों के स्क्रीन टाइम को मैनेज कर सकते हैं। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग हो गया, वेब फिल्टरिंग, लोकेशन ट्रैकिंग, यूट्यूब वीडियो वॉच टाइम पर आप इसको देख सकते हैं और उसी के अनुसार आप अपने बच्चों को गाइड भी कर सकते हैं। इतना ही नहीं अगर कोई एप्लीकेशन आपके बच्चों के लिए नुकसानदायक है तो उन्हें ब्लॉक भी किया जा सकता है। टाइम लिमिट भी आप सेट कर सकते हैं।

(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### श्रीनगर में हादसा दो बच्चों समेत चार की मौत, 3 घायल

**श्रीनगर (गढ़वाल)।** उत्तराखंड के श्रीनगर में रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। खिर्सू कठुली लिंक मोटर मार्ग पर एक कार खाई में गिर गई। हादसे में दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। वहीं, दो घायलों को एम्स रेफर किया गया है। एसएसआई सुनील रावत ने बताया कि कार खिर्सू से कठुली गांव को जा रही थी। तभी कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौक पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। बताया जा रहा है कि वाहन में सात लोग सवार थे। पुलिस के अनुसार, तीन घायलों को निकाला गया है। उनका इलाज चल रहा है। साक्षी नेगी और समीक्षा को एयर लिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश भेजा गया है।

### तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी रविवार सुबह पेट की तकलीफ के कारण अस्पताल में भर्ती हुए हैं। सूत्रों के अनुसार रविवार सुबह उन्हें इएम बाइपास के पास एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके पेट की सामान्य सर्जरी होगी। अस्पताल में भर्ती कराए जाने के बाद अभिषेक के टेस्ट शुरू किए गए हैं। इसके लिए एक विशेष मेडिकल बोर्ड का गठन किया जा गया है। सर्जरी के बाद तृणमूल महासचिव को रविवार को ही अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है। अभिषेक ने इस सप्ताह बुधवार को राजनीति से अस्थायी अवकाश की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि वह चिकित्सा के कारण पार्टी के काम से कुछ समय के लिए अवकाश ले रहे हैं।

# हरिद्वार गंगा दशहरा पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी



एजेंसी

**हरिद्वार।** गंगा दशहरा के अवसर पर रविवार को प्रयागराज, वाराणसी, हरिद्वार, गढ़मुक्तेश्वर सहित विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। देश के कई राज्यों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी समेत गंगा के विभिन्न घाटों पर पुण्य की डुबकी लगाई। भीड़ के कारण तीर्थनगरी जाम से हलकान रही। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। साथ ही यातायात प्लान भी लागू किया था, लेकिन भीड़ के आगे यातायात प्लान धराशायी हो गया। अल सुबह से आरम्भ हुआ स्नान का सिलसिला अनवरत शाम तक जारी रहा। भीड़ का आलम यह था की चारों ओर गंगा घाटों, बाजारों और राजमार्ग पर केवल भीड़ ही भीड़ नजर आई। गंगा स्नान करने के पश्चात लोगों ने दान-पुण्य आदि कर्म किए। आज ही पर्वतीय क्षेत्रों से आई देव डोलियों ने भी हरकी पैड़ी पर स्नान किया।

# दिल्ली में पानी की पाइपलाइन काटने की साजिश, आतिशी ने लिखा पत्र



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** देश की राजधानी दिल्ली में पानी किल्लत को लेकर सियासत तेज हो गई है। इस बीच दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय राजधानी में पाइपलाइन काटने की साजिश हो रही है। आतिशी ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने मुख्य वाटर पाइपलाइन को सुरक्षा देने का आग्रह किया है। पत्र में उन्होंने कहा है कि दिल्ली भीषण गर्मी और जल संकट से जूझ रही है। यमुना में पानी की कमी के कारण जल उपलब्धता में लगभग 70 मिलियन गैलन प्रतिदिन की गिरावट आई है। राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में पानी की कमी हो रही है। ऐसे में पानी की एक-एक बूंद कीमती हो जाती है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड की पेट्रोलिंग टीम को शनिवार को साउथ दिल्ली राइजिंग मेन पाइपलाइन में गढ़ी मेंडू ट्रांसफार्मर के पास बड़ी लीकेज मिली।

जांच पर पता चला कि 375 एमएम के 5 बोल्ट और 12 इंच का एक बोल्ट किसी ने काटा था। ऐसा लग रहा है कि दिल्ली में पानी की परेशानी बढ़ाने के लिए षड्यंत्र हो रहा है। पाइपलाइन रिपेयर करने में दिल्ली जल बोर्ड को छह घंटे लगे। इस दौरान साउथ दिल्ली की पानी की आपूर्ति बंद करनी पड़ी। इसका नतीजा है कि तकरीबन 25 प्रतिशत कम पानी आज साउथ दिल्ली पहुंचा।

## दिल्ली में जल संकट को लेकर सड़क पर उतरी भाजपा

- बोरिंग की इस पाइप लाइन में भी बड़ा घोटाला किया गया है।
- लोगों ने दिल्ली सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।




**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में पानी की किल्लत को लेकर हाहाकार जारी है। दिल्ली की जनता बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रही है, लेकिन पानी नहीं मिल रहा है। पानी की किल्लत को लेकर भाजपा ने रविवार को दिल्ली में जगह-जगह विरोध-प्रदर्शन किया। दिल्ली के सदर बाजार में प्रवीण शंकर कपूर, पूर्व मेयर जयप्रकाश जेपी और तमाम भाजपा कार्यकताओं ने दिल्ली सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। भाजपा नेता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से जो बड़े-बड़े वादे किए थे, वो कहां हैं। दिल्ली की जनता पानी की समस्या से परेशान है, उन्हें पानी नहीं मिल रहा है। इस दौरान वह सदर बाजार के विधायक इमरान हुसैन पर भी हमलावर नजर आए। पूर्व मेयर जयप्रकाश जेपी ने कहा कि सदर बाजार में दिल्ली की जनता के पैसे से बोरिंग की पाइप लाइन बिछाई गई थी, लेकिन उसका इस्तेमाल नहीं किया जा रहा।

बोरिंग की इस पाइप लाइन में भी बड़ा घोटाला किया गया है। दिल्ली की जनता इस सरकार को माफ नहीं करेगी। संगम विहार के पास महरौली-बदरपुर रोड पर भी भाजपा नेताओं ने पानी की किल्लत को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। इस मौके पर दक्षिणी दिल्ली के नवनिर्वाचित सांसद रामवीर बिधूड़ी भी मौजूद रहे। इस दौरान लोगों ने दिल्ली सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जल संकट के लिए भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी को निशाने पर लिया।

# कृषि व किसान के विकास का रोडमैप तैयार : शिवराज सिंह

एजेंसी

**मुरैना।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास पंचायत राज मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि किसान हमारा भगवान है और किसान की सेवा भगवान की सेवा है। कृषि एवं किसान कल्याण के लिए 100 दिन की कार्य योजना तैयार कर ली गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने पर सबसे पहले 18 जून को काशी से किसानों को सम्मान निधि की राशि प्रदान की जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी सिंगल क्लिक के माध्यम से इस राशि को हस्तांतरित करेंगे। सरकार किसान कल्याण के लिए कोई कमी नहीं छोड़ेगी। केन्द्रीय कृषि मंत्री रविवार को मुरैना रेलवे स्टेशन पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। केंद्र सरकार में शामिल होने के बाद शिवराज सिंह चौहान पहली बार मध्य प्रदेश आए हैं। रविवार सुबह शताब्दी एक्सप्रेस से मुरैना पहुंचे शिवराज सिंह चौहान का कार्यकताओं ने मुरैना रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसान कल्याण के लिए अद्भुत व अभूतपूर्व



*केन्द्रीय कृषि मंत्री बनने के बाद पहली बार मध्यप्रदेश आए शिवराज, मुरैना स्टेशन पर भव्य स्वागत*

उपलब्धियां हासिल हुई हैं। इन्हीं कार्यों को आगे बढ़ाते हुए पूरा करना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए कृषि परिदृश्य को आगे ले जाने का काम किया जाएगा। इसका रोड मैप तैयार कर लिया गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान के साथ उनकी धर्मपत्नी साधना सिंह चौहान भी थीं। केन्द्रीय मंत्री चौहान के स्वागत के लिये भाजपा जिला अध्यक्ष योगेशपाल गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष केदार सिंह यादव, पूर्व विधायक परशुराम मुदगल, पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंषाना, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बनवारीलाल धाकड़, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन पर उपस्थित थे।

## आज का राशिफल

**मेष:** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**वृषभ:** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

**मिथुन:** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय का इन्तजार करें।

**कर्क:** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ।

**सिंह:** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कन्या:** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है।

**तुला:** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं।

**वृश्चिक:** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु:** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मकर:** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कुम्भ:** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**मीन:** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

## चुनाव चिन्ह 'छड़ी' के कारण मिली हार : ओम प्रकाश राजभर



एजेंसी

**लखनऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर का मानना है कि उनकी पार्टी हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में चुनाव चिन्ह 'छड़ी' के कारण हारी। राजभर ने कहा, हमारा चुनाव चिन्ह 'छड़ी' ईवीएम में तीसरे नंबर पर था। मूल निवासी समाज पार्टी का चुनाव चिन्ह 'हॉकी स्टिक' था और ईवीएम पर छठे नंबर पर था। हमारे मतदाता 'छड़ी' और 'हॉकी स्टिक' के बीच भ्रमित हो गए, यह दोनों एक जैसे दिखते हैं। यह बताता है कि मूल निवासी समाज पार्टी की उम्मीदवार लीलावती राजभर को 47 हजार से ज्यादा वोट कैसे मिले। ओपी राजभर ने कहा, मेरी पार्टी अब चुनाव आयोग से संपर्क करेगी और उनसे आग्रह करेगी कि वे उम्मीदवारों को समान दिखने वाले चुनाव चिह्न आवंटित न करे। इससे मतदाताओं के मन में भ्रम पैदा होता है। मैं पार्टी कार्यकर्ताओं से बात कर रहा हूं कि क्या वे हमारे चुनाव चिह्न में बदलाव चाहते हैं? इसी बीच, उत्तर प्रदेश के मंत्री और भाजपा नेता अनिल राजभर ने कहा कि घोसी में अरविंद राजभर को जो भी वोट मिले हैं, वे भाजपा के हैं। उन्होंने कहा, एसबीएसपी को न तो घोसी और न ही अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में राजभर वोट मिले। ओम प्रकाश राजभर का बयान उनकी निराशा को दशार्ता है।

## आइसक्रीम में निकला कनखजूरा, कस्टमर ने की एक्शन की मांग



**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 12 से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक महिला द्वारा ऑनलाइन मंगाई गई आइसक्रीम में कनखजूरा निकला। इसके बाद परिवार में हड़कंप मच गया। दीपा नाम की महिला ने अपने बच्चों के लिए ब्लैंकेट से ऑनलाइन अमूल की आइसक्रीम मंगाई थी। दीपा ने बताया कि जैसे ही उसने आइसक्रीम का डिब्बा खोला, उसमें से काला कनखजूरा निकला। इसकी जानकारी उन्होंने ब्लैंकेट को दी। दीपा ने कहा कि ब्लैंकेट ने हमारा 195 रुपये रिफंड कर दिया। ब्लैंकेट की ओर से कहा गया है कि उन्होंने अमूल को मेल कर दिया है।

## रोहिणी आचार्य प्रवासी पक्षी, सुशासन सरकार में नहीं बख्शे जाएंगे आरोपी : नीरज बबलू

एजेंसी

**गया।** बिहार के गया के सर्किट हाउस में राज्य के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री नीरज कुमार सिंह उर्फ नीरज बबलू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इसके पहले उन्होंने पीएचईडी विभाग के अधिकारीयों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने विभागीय कामों को धरातल पर उतारने का दिशा-निर्देश दिया। पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री नीरज कुमार बबलू ने कहा कि गया जिले में पानी का संकट दूर होगा। हर हाल में पानी के समस्या से लोगों को निजात दिलाएंगे। सरकार इस पर कार्य कर रही है। सात निश्चय योजना के तहत सरकार विकास कार्य करा रही है। इसके साथ ही उन्होंने लालू परिवार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य चुनाव हारने के बाद सिंगापुर चली गईं हैं। वो प्रवासी पक्षी की तरह हैं। चुनाव हारने के बाद भी राजद अगर उन्हें राज्यसभा भेजने की तैयारी कर रही है, तो उनसे परिवारवाद को लेकर सवाल



पूछा जाना चाहिए। राजद एक परिवार की पार्टी है और जनता सब जानती है। राजद नेता तेजस्वी यादव की ओर से राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए जाने पर नीरज कुमार बबलू ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव डिप्टी सीएम रहकर 6 विभागों के मंत्री थे। उन्होंने 17 महीने में जितने भ्रष्टाचार व लूट खसोट किए हैं, वो जांच का विषय है। सीएम नीतीश कुमार ने विधानसभा में कहा है कि उसकी जांच पड़ताल कराएंगे। यह सुशासन की सरकार है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

## शादी के बंधन में बंधीं पंजाब की मंत्री अनमोल गगन मान



**चंडीगढ़।** पंजाब की कैबिनेट मंत्री अनमोल गगन मान रविवार को जीरकपुर के गुरुद्वारा नाभा साहिब में एडवोकेट शहबाज सिंह के साथ शादी के बंधन में बंध गईं। शादी की रस्म जीरकपुर के गुरुद्वारा नाभा साहिब में पूरी की गई। इस मौके पर दोनों परिवारों के सदस्य मौजूद रहे। मंत्री से शादी करने वाले शहबाज सिंह सोही पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में एडवोकेट हैं। मंत्री दुल्हन के जोड़े में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। गुरुद्वारे में आनंद कारज के दौरान शहबाज पारंपरिक शेरवानी में नजर आए। उन्होंने गुलाबी रंग की पगड़ी के साथ अपने लुक को पूरा किया।

# हवाई युद्ध अभ्यास : यही टुकड़ी 24 जून को ग्रीस और मिस्र की वायु सेना के साथ भी अभ्यास करेगी

1. 'रेड फ्लैग' में भारतीय वायु सेना ने 100 से अधिक उड़ानें भरीं
2. शून्य से नीचे के तापमान के बावजूद भारत ने सभी निर्धारित मिशन पूरे किए



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने सिंगापुर, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड, जर्मनी और अमेरिका की वायु सेनाओं के साथ एयर फोर्स बेस, अलास्का में हवाई युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास रेड फ्लैग में हिस्सा लिया है। यह अभ्यास का दूसरा संस्करण था, जिसे अमेरिकी वायु सेना वर्ष में चार बार आयोजित करती है। चुनौतीपूर्ण मौसम और लगभग शून्य से नीचे के तापमान के बावजूद भारतीय वायु सेना ने पूरे अभ्यास के दौरान 100 से अधिक उड़ानें भरकर सभी निर्धारित मिशन पूरे किए। भारत लौटने से पहले यह टुकड़ी को 24 जून को ग्रीस और मिस्र की वायु सेना के साथ अभ्यास में भाग लेगी।

संयुक्त राज्य वायु सेना के एयरबेस एइलसन में 04 से 14 जून तक आयोजित इस अभ्यास में भारतीय वायु सेना के साथ-साथ रिपब्लिक ऑफ सिंगापुर एयर फोर्स, यूनाइटेड किंगडम की रॉयल एयर फोर्स, रॉयल नीदरलैंड एयर फोर्स, जर्मन लूफ्टवाफे और यूएस एयर फोर्स ने भाग लिया। भारतीय वायुसेना की टुकड़ी ने राफेल विमान और कर्मियों के साथ भाग लिया, जिसमें एयर क्रू, तकनीशियन, इंजीनियर, नियंत्रक और विषय विशेषज्ञ शामिल थे।

भारत की यह टुकड़ी 29 मई को अलास्का में यूएसएएफ बेस, एइलसन पर उतरी थी। राफेल लड़ाकू विमान को आईएल-78 एयर टू एयर रिफ्यूलर से सक्षम किया गया था, जबकि कर्मियों और उपकरणों को परिवहन विमान सी-17 ग्लोबमास्टर से ले जाया गया। भारतीय राफेल ने पहली बार एफ 16, एफ 15 के साथ किया अभ्यास यह पहली बार था जब भारत के राफेल विमानों ने सिंगापुर और अमेरिकी विमान एफ-16, एफ-15 और ए-10 के साथ अभ्यास 'रेड फ्लैग' में भाग लिया। इन मिशनों में आक्रामक काउंटर एयर और एयर डिफेंस भूमिकाओं में लार्ज फोर्स इंगेजमेंट के एक भाग के रूप में बियॉन्ड विजुअल रेंज लड़ाकू अभ्यास शामिल थे।

## बिहार से गुंडाराज-माफिया राज का होगा खात्मा : विजय कुमार सिन्हा

एजेंसी

**लखीसराय।** लोकसभा चुनाव के बाद बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एक दिवसीय दौरे पर रविवार को लखीसराय पहुंचे। जहां भाजपा कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। विजय कुमार सिन्हा ने बड़हिया प्रखंड के हदन बीघा गांव में ग्रामीण कार्य विभाग से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। इस दौरान बड़हिया प्रखंड की प्रमुख इंदु देवी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह मौजूद रहे। शिलान्यास के बाद पत्रकारों से बात करते हुए विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार में माफिया और अपराधी से सरकार की लड़ाई शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हर हाल में बिहार से गुंडाराज और माफिया राज को खत्म किया जाएगा। चाहे वो किसी भी राजनीतिक दल से संरक्षित क्यों न हो। खनन माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई का जिक्र करते हुए उन्होंने



कहा कि बालू का स्टॉक कर कालाबाजारी करने वाले बालू माफियाओं का लाइसेंस रद्द किया जाएगा। खनन माफियाओं को संरक्षण देने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और भ्रष्ट तरीके से अर्जित की गई संपत्ति को जब्त किया जाएगा। बता दें कि शुक्रवार को ही विजय कुमार सिन्हा ने नियम के अनुसार काम नहीं करने के आरोप में दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया था। उन्होंने कहा था कि अवैध खनन एवं परिवहन को बढ़ावा देने के मामले में लखीसराय के खनिज विकास अधिकारी को निलंबित किए जाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।



## अंत तालिका

**ग्रुप ए**

| टीमें | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत Q | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 |
| अमेरिका Q | 4 | 2 | 1 | 0 | 5 |
| पाकिस्तान | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 |
| कनाडा | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 |
| आयरलैंड | 3 | 0 | 2 | 0 | 1 |

**ग्रुप बी**

| टीमें | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया Q | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 0 | 5 |
| नामीबिया | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 |
| इंग्लैंड | 3 | 1 | 1 | 0 | 3 |
| ओमान | 4 | 0 | 4 | 0 | 0 |

**ग्रुप सी**

| टीमें | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| वेस्टइंडीज Q | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 |
| अफगानिस्तान Q | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 |
| यूगांडा | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 |
| पापुआ न्यू | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 |
| न्यूजीलैंड | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 |

**ग्रुप डी**

| टीमें | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| सा.अफ्रीका Q | 4 | 4 | 0 | 0 | 8 |
| बांगलादेश | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 |
| नीदरलैंड्स | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 |
| नेपाल | 3 | 0 | 2 | 0 | 1 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 2 | 0 | 1 |




# नेपाल पर जीत से सुपर 8 में जगह बनाने उतरेगा बांग्लादेश



**किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)।** बांग्लादेश अपने कमजोर पक्षों को काबू में रखकर नेपाल के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के मैच में जीत दर्ज करके सुपर आठ में अपनी जगह पक्की करने के लिए मैदान पर उतरेगा। बांग्लादेश के चार अंक हैं और उसका अगले दौर में पहुंचना लगभग तय है लेकिन उसे नेपाल से सतर्क रहने की जरूरत है जिसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था। नेपाल की टीम भले ही अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है और सुपर 8 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुकी है लेकिन जिस तरह से वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक समय उलटफेर करने की स्थिति में पहुंच चुकी थी, उससे उसके खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा होगा। बांग्लादेश अगर इस मैच में बड़े अंतर से हार जाता है और नीदरलैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करती है तो फिर समीकरण बदल जाएंगे। वैसे इसकी संभावना कम है लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि इस टूनार्मेंट में कुछ चौंकाने वाले परिणाम आए हैं।

**बांग्लादेश** : नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद ह्रदय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

**नेपाल** : रोहित पौडेल (कप्तान), आसिफ शेख, अनिल कुमार साह, कुशल भुर्टेल, कुशल मल्ला, दीपेंद्र सिंह ऐरी, ललित राजबंशी, करण केसी, गुलशन झा, सोमपाल कामी, प्रतिस जीसी, संदीप जोरा, अविनाश बोहरा, सागर ढकाल और कमल सिंह ऐरी।

# स्टार ऑलराउंडर डेविड वीजे ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**एजेंसी। नई दिल्ली**

टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खुमार क्रिकेट प्रेमियों के सिर चढ़कर बोल रहा है। हालांकि, लीग चरण का अभी समापन भी नहीं हुआ है। उससे पहले एक बुरी खबर निकलकर सामने आ रही है। इंटरनेशनल लेवल पर 2 टीमों के लिए शिरकत कर चुके स्टार ऑलराउंडर डेविड वीजे ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।

दक्षिण अफ्रीका में जन्मे डेविड वीजे का क्रिकेट करियर शानदार रहा। उन्होंने पहले अफ्रीकी टीम की तरफ से क्रिकेट के मैदान में एंट्री ली। उसके बाद वह नामीबियाई क्रिकेट टीम की भी सेवा करने में कामयाब रहे।

वीजे भारत की प्रतिष्ठित लीग आईपीएल में भी शिरकत कर चुके हैं। यहां उनका विराट कोहली से संबंध भी काफी अच्छा रहा। हालांकि, उनके समय में भी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम खिताब उठाने में नाकामयाब रही थी। डेविड वीजे का इंटरनेशनल क्रिकेट करियर

इंटरनेशनल लेवल पर डेविड वीजे कुल 69 मुकाबले खेलने में कामयाब रहे। इसमें 15 वनडे मुकाबलो जबकि 54 टी20 इंटरनेशनल मैच शामिल हैं। वीजे वनडे की 15 पारियों में 25.38 की औसत से 330 रन बनाने में कामयाब रहे। इस दौरान उनके बल्ले से एक अर्धशतक निकला। वहीं टी20 की 40 पारियों में उनके बल्ले से 24.10 की औसत से 624 रन निकले।

बात करें उनके गेंदबाजी प्रदर्शन के बारे में तो वह वनडे की 15 पारियों में 45.73 की औसत से 15 विकेट चटकाने में कामयाब रहे। इसके अलावा टी20 की 54 पारियों में उन्हें 22.02 की औसत से 59 सफलता हाथ लगी।

**डेविड वीजे का आईपीएल करियर**

डेविड वीजे ने आईपीएल के कुल 18 मुकाबलों में शिरकत की है। इस बीच उनके बल्ले से 11 पारियों में 29.6 की औसत से 148 रन निकले।

# न्यूजीलैंड की निगाहें पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ बड़ी जीत पर

**एजेंसी। टरूबा (त्रिनिदाद और टोबैगो)**

पिछले 10 वर्षों में पहली बार सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने वाली न्यूजीलैंड की टीम पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ यहां होने वाले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके टी20 विश्व कप में अपने अभियान का समापन करने के लिए उतरेगी। न्यूजीलैंड का आईसीसी की प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन रहा है लेकिन यहां उसने शुरू में लचर प्रदर्शन किया जिसके कारण वह सुपर आठ में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गया।



न्यूजीलैंड की टीम के लिए यह मैच इसलिए महत्वपूर्ण बन गया है क्योंकि उसके तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने पुष्टि कर दी है कि यह टी20 विश्व कप में उनका आखिरी मैच होगा। ऐसे में केन विलियमसन की अगुवाई वाली टीम अपने इस तेज गेंदबाज को जीत से विदाई देना चाहेगी। पापुआ न्यू गिनी की टीम ने अभी तक अपने तीनों मैच गंवाए हैं और अगर उसकी टीम न्यूजीलैंड के सामने थोड़ा भी चुनौती पेश करती है तो यह उसके लिए काफी मायने रखेगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को हराया

**5** विकेट से ऑस्ट्रेलिया ने जीत हासिल की

**20** ओवर में स्कॉटलैंड की टीम ने 180 रन का मजबूत स्कोर बनाया

मार्कस स्टॉयनिस और ट्रेविस हेड ने अर्धशतक बनाये

**ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया)।** ऑस्ट्रेलिया ने देर से वापसी करते हुए स्कॉटलैंड को भारतीय समयानुसार रविवार को ग्रुप बी मुकाबले में पांच विकेट से हराकर उसकी क्वालीफाइंग उम्मीदों का अंत कर दिया जबकि ऑस्ट्रेलिया की इस जीत से इंग्लैंड को टी 20 विश्व कप के सुपर-8 में प्रवेश मिल गया।

स्कॉटलैंड को आगे बढ़ने और इंग्लैंड की खिताब बचाने की उम्मीदों का अंत करने के लिए ऑस्ट्रेलिया को हराने की जरूरत थी। स्कॉटलैंड ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 180 रन का मजबूत स्कोर बनाया। ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आखिरी ओवर तक जूझना पड़ा और उसने 19.4 ओवर में जाकर जीत हासिल की। मार्कस स्टॉयनिस और ट्रेविस हेड ने अर्धशतक बनाये और चौथे विकेट के लिए 44 गेंदों में 80 रन की साझेदारी की। स्कॉटलैंड को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित करने पर, एश्टन एगर को टीम में बुलाने का ऑस्ट्रेलिया का मास्टरस्ट्रोक अच्छा काम आया क्योंकि उन्होंने पहले ही ओवर में माइकल जोन्स को आउट कर दिया। लेकिन स्कॉटलैंड ने ब्रैंडन मैकमुलेन और जॉर्ज मुन्से के माध्यम से पावरप्ले में 54 रन बनाकर शुरूआती झटके पर तुरंत काबू पा लिया। मुन्से ने 6-6-4 के शॉट लगाकर पांचवें ओवर का अंत किया, जो ग्लेन मैक्सवेल की गेंदबाजी का एक महंगा क्रम था।

## 'पाकिस्तान इससे नीचे नहीं जा सकता': इमाद वसीम



**लौडरहिल(अमेरिका)।** टी 20 विश्व कप से ग्रुप चरण में बाहर हो जाने के बाद पाकिस्तान के आलराउंडर इमाद वसीम ने कहा कि यह टीम के लिए सबसे निराशाजनक बिंदु है क्योंकि टीम टूनार्मेंट के इतिहास में तीसरी बार सुपर आठ में जगह नहीं बना पाई है। पाकिस्तान ने विश्व कप में अपना अभियान सह मेजबान अमेरिका के हाथों सुपर ओवर में हार के साथ शुरू किया और फिर उसे चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत से छह रन से हार का सामना करना पड़ा।

# रांची में महिला फुटबॉल लीग 20 जून को

### 19 टीमें लेंगी हिस्सा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी में पहली बार लड़कियों के लिए फुटबॉल लीग चैंपियनशिप का आयोजन होगा। स्वर्गीय अमिताभ चौधरी के नाम से आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन 20 जून को होगा। छोटानागपुर एथलेटिक्स एसोसिएशन (सीएए) इस प्रतियोगिता को आयोजित कर रहा है। इसमें रांची जिले की 19 टीमें हिस्सा लेंगी।

यह जानकारी स्व. अमिताभ चौधरी के बेटे अभिषेक चौधरी ने रविवार को अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि इस लीग से नयी प्रतिभाओं को खेलने का मौका मिलेगा। साथ ही खिलाड़ियों को रांची में पहली बार लीग में खेलने का मौका भी मिलेगा। सीएए के सहयोग से लीग को बहुत ही अच्छे ढंग से कराया जायेगा। लीग कराने का मकसद दूर-दराज के खिलाड़ियों को सही मंच दिलाना है। इस आयोजन में वे हर संभव सहयोग देंगे। साथ ही उभरती और योग्य




प्रतिभाओं को मदद करने का भरसक प्रयास करेंगे। सीएए के महासचिव आसिफ नईम ने आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि खेलों में अमिताभ चौधरी का अहम योगदान रहा। उनके जाने के बाद उनके परिजनों के सहयोग से रांची महिला फुटबॉल लीग 2024 का आयोजन खेलगांव में किया जायेगा। खेलगांव के दो ग्राउंड में हर दिन चार मैच खेले जायेंगे।प्रतियोगिता लीग कम नॉट आउट और फीफा के रूल-रेगुलेशन के आधार पर खेली जायेगी। हर मैच में बेस्ट प्लेयर को अवार्ड मिलेगा। खिलाड़ियों के लिए कीट, रिफ्रेशमेंट की भी व्यवस्था रहेगी। इस प्रतियोगिता से बेहतरीन प्लेयर्स को अपने करियर को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा।

## अल्बानिया ने सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड बनाया

**नई दिल्ली।** अल्बानिया के नेदिम बजरामी ने खेल शुरू होने के बाद 23वें सेकंड में गोल करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड बनाया लेकिन यह मौजूदा चैंपियन इटली पर जीत दर्ज करने के लिए पर्याप्त नहीं था जिसने 2-1 से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरूआत की।

यूरोपीय चैंपियनशिप के 64 साल के इतिहास में सबसे तेज गोल किया लेकिन अल्बानिया इसके बाद इटली पर दबाव नहीं बना पाया, जिसने जल्द ही वापसी करके मैच पर अपना नियंत्रण बना दिया और उलटफेर की किसी संभावना को खारिज कर दिया. अल्बानिया के समर्थक अभी अपनी टीम की शुरूआती बढ़त का जश्न मना ही रहे थे कि एलेसेंड्रो बस्तोनी ने इटली की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया. बस्तोनी ने 11वें मिनट में लोरेंजो पेलेग्रिनी के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जबकि निकोलो बरेला ने 16वें मिनट में गोल करके इटली को बढ़त दिला दी।

# हॉकी प्रशिक्षकों के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के विभिन्न जिला में ग्रास रूट से हॉकी का गुर सीखा रहे हॉकी प्रशिक्षकों के लिए हॉकी इंडिया, हॉकी झारखंड और खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग ,झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जो 18 जून तक रांची के मोरहाबादी हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। जिसका आज विधिवत उद्घाटन हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने किया।

विशेष कार्यशाला में शामिल सभी 73 प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य प्रशिक्षक हरेंद्र सिंह प्रशिक्षण दे रहे है। हॉकी इंडिया के महासचिव




भोलानाथ सिंह ने कहा कि झारखड की भूमि हॉकी के लिए काफी उर्वरा पूर्ण है और यहा से दर्जनों दर्जन हॉकी खिलाड़ी भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके है और कर भी रहे है। झारखंड से और अधिक हॉकी खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचे। जिसके लिए झारखंड में ग्रास रूट से हॉकी का प्रशिक्षण दे रहे सभी इलाके के प्रशिक्षकों में भी और अधिक निपुणता लाने के लिए हमलोंगो ने खेलकूद एवम युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के सहयोग से इस कार्यशाला का आयोजन कर रहे है। इस मौके पर उपस्थित हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने कहा मैं इस आयोजन के लिए खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के निदेशक सुशांत गौरव जी का कोटि कोटि आभार व्यक्त करता हूं जो झारखड़ के प्रशिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए हमेशा चर्चा करते थे ।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारत का कपड़ा निर्यात 9.6 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत का कपड़ा निर्यात इस साल मई में पिछले साल की तुलना में 9.59 फीसदी बढ़ा है। भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय संघ (ईयू), अमेरिका और पश्चिम एशियाई जैसे देशों के प्रमुख बाजारों में प्रतिकूल आर्थिक स्थितियों के बावजूद, भारत ने कपड़ा उद्योग में वृद्धि दर्ज की है। रिपोर्ट के अनुसार, इसी अवधि के दौरान देश के परिधान निर्यात में 9.84 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। सीआईटीआई की रिपोर्ट में बताया गया है कि मई 2024 में कपड़ा और परिधान के संयुक्त निर्यात में पिछले साल की तुलना में 9.70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, मई 2024 के लिए भारत का कुल निर्यात बढ़कर 68.29 अरब डॉलर हो गया, जो सालाना 10.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

## भारत का इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण पांच साल में 250 अरब डॉलर पर पहुंचने की है संभावना

**नई दिल्ली।** भारत का इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण अगले पांच साल में लगभग 250 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस समय देश का इलेक्ट्रॉनिक निर्यात 125 से 130 अरब डॉलर के बीच है। सरकार इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में रोजगार सृजन करके बेरोजगारी की समस्या का समाधान करने की भी योजना बना रही है। वर्तमान में इस क्षेत्र में 25 लाख लोग कार्यरत हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अगले पांच साल में सरकार इस सेक्टर में नौकरियों की संख्या दोगुनी करेगी। इन्वेस्ट इंडिया के अनुसार, 5जी नेटवर्क और आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) जैसे टेक्नोलॉजी परिवर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट को तेजी से अपनाने में सहायक हो रहे हैं। डिजिटल इंडिया और स्मार्ट सिटी जैसी परियोजनाओं ने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के मार्केट में आईओटी की मांग बढ़ा दी है और निस्संदेह इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स के लिए एक नए युग की शुरूआत होगी। इस समय भारत का घरेलू उत्पादन वित्त वर्ष 2016-17 में 49 अरब डॉलर से 13 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 में 101 अरब डॉलर हो गया है।

# जीएसटी को तीन दर संरचना के तहत लाया जाना चाहिए : अध्यक्ष संजीव पुरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक 22 जून 2024 को होने वाली है। इस बैठक से पहले कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज (सीआईआई) ने मांग की है कि जीएसटी को तीन दर संरचना के तहत लाया जाना चाहिए और दरों में बदलाव किया जाना चाहिए। सीआईआई के अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा है कि परिषद को जीएसटी को आसान करते हुए तीन दर संरचना के तहत लाना चाहिए। साथ ही दरों में बदलाव भी किया जाना चाहिए।

**अभी जीएसटी की पांच दरें**

अभी जीएसटी की पांच दरें हैं, जिनमें शून्य प्रतिशत, 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत शामिल हैं। इसमें जरूरी और खाद्य उत्पादों पर कोई जीएसटी नहीं है। सामान्य



इस्तेमाल और बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होने वाले उत्पादों पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है। 12 और 18 प्रतिशत स्टैंडर्ड दरें हैं। वहीं विलासिता वाले उत्पादों, तंबाकू और अवगुण वाले उत्पादों पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगता है। संजीव पुरी ने जोर देकर कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों, इलेक्ट्रिसिटी और रियल एस्टेट को भी जीएसटी के दायरे में लाया जाना चाहिए।

पेट्रोल डीजल को भी जीएसटी के दायरे में लाने की उठी मांग मंगलवार को केंद्रीय पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भी कहा कि उनका मंत्रालय पेट्रोल, डीजल और एटीएफ को जीएसटी के दायरे में लाने पर विचार कर रहा है। संजीव पुरी ने सलाह देते हुए कहा कि जीएसटी काउंसिल की तरह अंतर-राज्य संस्थागत मंच बनाए जाने चाहिए। साथ ही व्यापार को बढ़ावा देने के लिए जमीन, बिजली और लॉजिस्टिक की लागत को कम किया जाना चाहिए। राज्यों को जमीन हस्तांतरण पर स्टाम्प ड्यूटी को कम कर-के 3-5 प्रतिशत पर लाया जाना चाहिए। आगामी बजट को लेकर उन्होंने सुझाव दिया कि एक ग्रीन फंड बनाया जाना चाहिए, जिससे जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटा जा सके।

# फोन चोरी हो जाने पर आप ब्लॉक कर सकते है गूगल पे व फोनपे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में डिजिटल पेमेंट के मामले में लगातार ग्रोथ दर्ज की जा रही रही है। यूपीआई पेमेंट के लिए फोन में बस एक ऐप डाउनलोड करना होता है। हालांकि अगर स्मार्टफोन खो जाएं, तो आपको बड़ा नुकसान हो सकता है। भारत के दो सबसे ज्यादा पॉपुलर पेमेंट ऐप गूगल पे और फोनेपे है, जिन्हें सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन अगर आपका गूगल पे या फिर फोनपे वाला स्मार्टफोन चोरी हो जाएं, तो सबसे पहले उसे ब्लॉक करना होगा।




### कैसे ब्लॉक करें फोनपे अकाउंट

- फोनपे अकाउंट को ब्लॉक करने के लिए यूजर्स को सबसे पहले, हेल्पलाइन नंबर 08068727374 पर क्लिक करना होगा।
- इसके बाद कस्टमर सपोर्ट एक्जीक्यूटिव को अकाउंट की डिटेल देनी होगी।
- इसके बाद आपका अकाउंट बंद हो जाएगा।
- इसके लिए आपको रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा।
- फोनपे के साथ लिंक रजिस्टर्ड ई-मेल आईडी दर्ज करनी होगी।
- इसके बाद लास्ट पेमेंट डिटेल जैसे टाइप, वैल्यू आदि दर्ज करना होगा।
- इसके बाद बैंक अकाउंट से लिंक नाम दर्ज करना होगा।
- अगर कोई अल्टरनेटवि मोबाइल नंबर हैं, तो उसे दर्ज करना होगा।
- इसके बाद आपके अकाउंट को अस्थायी तौर पर बंद कर दिया जाएगा।

### कैसे गूगल पे अकाउंट को करें ब्लॉक

- सबसे पहले आपको गूगल पे या फिर GPay को टोलफ्री हेल्प लाइन नंबर 1800-419-0157 पर कॉल करना होगा।
- इसके बाद आपको स्पेसलिस्ट से बातचीत करने का ऑप्शन सेलेक्ट करना होगा। फिर आपको गूगल पे अकाउंट की सारी डिटेल देनी होगी। इस तरह आपका गूगल पे अकाउंट ब्लॉक हो जाएगा।

## उच्च गुणवत्ता वाले विकास में चीन की नई स्थिति बनाएं : शी चिनफिंग

**बीजिंग।** 16 जून को प्रकाशित होने वाले छ्युशी पत्रिका के 12वें अंक में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग का एक महत्वपूर्ण लेख चीन के उच्च गुणवत्ता वाले विकास में नई स्थिति बनाएं प्रकाशित होगा। लेख में बताया गया है कि चीन की अर्थव्यवस्था नए युग में तीव्र वृद्धि से उच्च-गुणवत्ता वाले विकास की ओर बढ़ गई है। उच्च-गुणवत्ता वाला विकास 14वीं पंचवर्षीय योजना और उसके बाद चीन के आर्थिक और सामाजिक विकास का केंद्र बिंदु है, साथ ही आधुनिक समाजवादी देश के निर्माण का मुख्य उद्देश्य भी है। जैसे-जैसे हम राष्ट्र को मजबूत और पुनर्जीवित करने की यात्रा पर निकल रहे हैं, हमें उच्च-गुणवत्ता वाले विकास को दृढ़ता से बढ़ावा देना चाहिए। लेख में इस बात पर जोर दिया गया है कि उच्च-गुणवत्ता वाला विकास लोगों की बेहतर जीवन स्तर की बढ़ती मांग को प्रभावी ढंग से पूरा करता है और साथ ही नई विकास अवधारणाओं को भी मूर्त रूप देता है।

## दक्षिण कोरिया में 2,900 ग्राहकों के निजी डेटा लीक

**एजेंसी। सोल**

दक्षिण कोरिया में लक्जरी सामान बनाने वाली दिग्गज कंपनी एलवीएमएच के स्वामित्व वाली टीएजी ह्यूअर के लगभग 2,900 ग्राहकों के निजी डेटा लीक हो गये हैं। देश के निजी सूचना संरक्षण आयोग के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

आयोग के अनुसार, यह घटना 2019 और 2020 के बीच हुई, जब घड़ी निमार्ता ने अपनी वेबसाइट को नये सिरे से बनाया था। वेबसाइट साइबर हमले की चपेट में आ गया। पिछले साल मई में हैकर द्वारा कंपनी को ब्लैकमेल किए जाने के बाद टीएजी ूअर को हमले के बारे में पता चला। इसके बाद उसने आयोग को मामले की सूचना देने में भी देरी की। आयोग ने टीएजी पर 12.6 करोड़ वॉन (लगभग 90,712 डॉलर) का अर्थदंड लगाया है।

# टाटा की सस्ती एसयूवी पंच के दीवाने हुए लोग, सेल में 70 फीसदी की उछाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में एसयूवी का जलवा है और इस सेगमेंट में टाटा मोटर्स की सबसे किफायती एसयूवी पंच की सबसे ज्यादा बिक्री होती है। एक तो अच्छे लुक और फीचर्स और तरफ देसी होने के साथ ही सेफ्टी में भी 5 स्टार रेटिंग प्राप्त टाटा पंच पर इन दिनों ग्राहकों को काफी ज्यादा भरोसा होता है। इसी वजह से यह मारुति सुजुकी, हुंडई मोटर और महिंद्रा, किआ समेत अन्य कंपनियों की एसयूवी के मुकाबले ज्यादा बिकती है। पिछले महीने, यानी मई 2024 में भी टाटा पंच की 70 फीसदी की सालाना ग्रोथ के साथ 18,949 यूनिट भारतीय




बाजार में बिकी है।

**टाटा पंच की बिक्री के आंकड़े**

मई 2024 की टाटा पंच सेल्स रिपोर्ट देखें तो यह बाकी सभी कंपनियों के मुकाबले सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी रही। मई 2024 के मुकाबले इस साल मई में इसकी 70 फीसदी ज्यादा बिक्री हुई। साल 2024 के मई महीने में टाटा मोटर्स ने पंच की महज 11,124 यूनिट बेची थी। वहीं, मंथली सेल की बात करें तो टाटा पंच की अप्रैल 2024 में कुल 19,158 यूनिट बिकी थी। मई 2024 में यह 1.09 फीसदी घटकर 18,949 यूनिट हो गई। देशभर में लोकसभा चुनावों के चलते कारों की बिक्री प्रभावित हुई थी और पंच पर भी इसका असर पड़ा है। हालांकि, पंच ईवी की हाल के महीनों में बंपर बिक्री हो रही है।

**पंच की कीमत और माइलेज डिटेल्स देख लें**

फिलहाल आपको टाटा पंच के बारे में बताएं तो यह कॉम्पैक्ट एसयूवी भारत में पेट्रोल और सीएनजी के साथ ही इलेक्ट्रिक ऑप्शन में भी उपलब्ध है। पंच के पेट्रोल वेरिएंट्स की एक्स शोरूम कीमत 6.13 लाख रुपये से शुरू होकर 10.20 लाख रुपये तक जाती है। वहीं, पंच के सीएनजी वेरिएंट्स की एक्स शोरूम कीमत 7.23 लाख रुपये से लेकर 9.85 लाख रुपये तक जाती है। माइलेज की बात करें तो पंच के पेट्रोल वेरिएंट्स की माइलेज 20.09 kmpl तक और पंच सीएनजी की माइलेज 26.99 km/k तक है। टाटा पंच ईवी की एक्स शोरूम कीमत 10.99 लाख रुपये से लेकर 15.49 लाख रुपये तक है।

## एक नजर

### जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के मंडल कारा लातेहार में आज दिन रविवार को झालसा, रॉची के निदेशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार मनोज कुमार सिंह के आदेशानुसार जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि शिवम चौरसिया सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार, प्रणव कुमार, एसडीजेएम लातेहार ने कैदियों को जागरूकता कैम्प में अपने मुकदमें की स्थिति की जानकारी, प्ली बारगेनिंग, वन अधिनियम से संबंधित वाद, सुलहनीय वादो की विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव, शिवम चौरसिया ने कैदियों से उनकी समस्याऐं सुनी और जल्द से जल्द उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कैदियों को हर संभव सहायता देने के लिए डालसा प्रतिबध है साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत, मासिक लोक अदालत एवं मध्यस्थता के माध्यम से वाद को सुलह के आधार पर समाप्त करने की जानकारी दी गयाी साथ ही साथ वैसे बंदी जो अधिवक्ता रखने में असमर्थ है।

### तीन साल से फरार गांजा तस्कर गिरफ्तार भेजा गया जेल

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना पुलिस के सहयोग से तीन वर्षों से फरार चल रहे 20 हजार का इनामी गांजा तस्कर विश्वनाथ तिवारी को यूपी के फतेहपुर कोतवाली पुलिस ने नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड के राजोगाड़ी गांव से गिरफ्तार किया है। बताते चलें कि फतेहपुर सदर कोतवाली पुलिस ने 2021 में 12 क्विंटल छह किलो गांजा लदा ट्रक लोधीगंज से पकड़ा था। उस समय उज्जवल सिंह नामक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया गया था, जबकि उसका सहयोगी विश्वनाथ तिवारी भाग निकला था। फतेहपुर कोतवाली प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि तकनीकी अनुसंधान में पता चला कि विश्वनाथ लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के राजोगाड़ी में रह रहा है।

### अपराधियों को पकड़वाने वाले को एक लाख का इनाम

हुसैनाबाद। हुसैनाबाद से सटे बिहार के औरंगाबाद जिला के नबीनगर की नाबालिग लड़की की हत्या के मामले में क्षत्रिय महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिला प्रशासन से अविलंब हत्यारों की गिरफ्तारी करने की मांग की है। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि नाबालिग लड़की श्रेया के हत्यारों को जबतक गिरफ्तार करवा कर सजा नहीं होती है, तब तक झारखंड बिहार का क्षत्रिय समाज चुप नहीं बैठेगा। प्रशासन और सरकार की नींद हराम कर दिया जाएगा।

# डीसी के निर्देश पर अवैध परिवहन के खिलाफ वाहन जांच का चला अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में पत्थर माफिया हीरो, पुलिस प्रशासन जीरो के बाद राज्य आलाकमान का ध्यान पलामू में हो रहे अवैध खनन और परिवहन पर गया है। इसे रोकने के लिए राज्य से जारी संबद्ध निर्देश के बाद अधिकारी खानापूर्ति में जुट गये हैं। डीसी शशि रंजन के निर्देश पर 14 जून की रात में ज़िला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा अवैध परिवहन को लेकर वाहनों का जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल चार वाहनों को जब्त किया गया। इस दौरान वाहनों को हरिहरगंज थाना परिसर में जब्त कर रखा गया एवं सभी वाहनों पर दंड शुल्क लगाया गया। डीटीओ द्वारा बताया गया कि यह अभियान व्यवसायिक वाहन के विरुद्ध लगातार चलाया जायेगा। बता दें कि पलामू जिले में, खासकर छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र में अब भी पत्थर माईंस से हर दिन सैंकड़ों गाड़ियों द्वारा अवैध परिवहन बेखौफ जारी है। अधिकारी और पत्थर कारोबारियों के गठजोड़ के कारण प्रतिदिन लाखों रुपये के सरकारी राजस्व की चोरी हो रही है। एक ही चालान पर पत्थर लदे ओवरलोड हाइवा बेखौफ चलाया जा रहा है।

## डीसी के निर्देश पर मईया बाबू हॉस्पिटल सील

**मेदिनीनगर।** डीसी के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने मेदिनीनगर के पांकी रोड स्थित मईया बाबू निजी नर्सिंग होम को सील कर दिया है। पिछले 30 जून को राज्यस्तरीय जांच टीम ने उक्त अस्पताल का निरीक्षण किया था और अस्पताल के संचालन में कई खामियां पाईं थीं। डीसी ने भी इस निजी नर्सिंग होम में नियम को ताक पर रखकर मरीज का इलाज और सर्जरी होने की शिकायत पर अस्पताल संचालक डॉ। कादिर परवेज के खिलाफ नोटिस जारी किया था।



नोटिस का एक भी जवाब नहीं मिलने पर डीसी के निर्देश पर नगर आयुक्त जावेद हुसैन के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए अस्पताल को सील कर दिया। अस्पताल सील करने के दौरान मरीज को बाहर निकाल कर उन्हें सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। बता दें कि इस अस्पताल के संचालक डॉ कादिर परवेज जाने माने सर्जन और स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। उन्होंने इसी अस्पताल में कई कठिन ऑपरेशन को सफलतापूर्वक संपन्न किया है।

# शांति व आपसी सौहार्द के साथ मनाएं बकरीद का त्यौहार

*अफवाह फैलाने वाले पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर*

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार/ पलामू।** शांति व आपसी सौहार्द के बीच बकरीद त्योहार मनाने को लेकर रविवार को नावाबाजार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख प्रमुख विद्या देवी व संचालन मोहम्मद यासीन खान ने किया। पुलिस इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान ने कहा कि बकरीद पर वी को शांति व आपसी सौहार्द के माहौल में मनाएं। किसी भी अफवाह से बचें। प्रतिबंधित जानवरों की कुबार्नी ना कर आपसी द्वेष की कुबार्नी कर त्यौहार को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए। किसी भी अफवाह या गलत सूचना को जानकारी पर थाना को सूचित करें। सभी धर्म के लोग अपने-अपने धार्मिक त्यौहार को शांति के साथ-साथ आपस मे मिलजुलकर मानने को स्वतंत्र है। जो देश की पहचान व खूबसूरती है। आगे भी इसे कायम रखने के लिए एक दूसरे के साथ मिलकर सम्मान बनाए रखना होगा। नावाबाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय प्रकाश मरांडी ने कहा कि जब कपड़ो में अनेक धागों का रंग मिश्रित हो सकता है। लेकिन धागे से बने कपड़ा की पहचान एक हीं है।



**असामाजिक तत्वों पर पुलिस की नजर रहेगी**

थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की नजर रहेगी। अफवाह को फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई किया जाएगा। शांति व आपसी सौहार्द के साथ त्योहार संपन्न हो। नावा बाजार प्रखंड प्रमुख विद्या देवी ने कही कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। यहां सभी धर्मों का सम्मान किया जाता हैं। इसे बनाए रखना हम सब की जिम्मेवारी है। मौके पर एसआई विपिन कुमार, रितेश लकड़ा, एएसआई सुधीर कुमार, उप प्रमुख मिर खुर्शीद आलम, समाजसेवी सफिर आलम, छोटू सिंह, जमालुद्दीन खान,जगदीश सिंह, निर्मल यादव, शेख मुमताज खान, मीर आरिज आलम, आजम शाह, दिलीप पासवान, रामचंद्र सिंह सहित काफी संख्या में बुद्धिजीवी गणमान्य लोग मौजूद थे।

# सीसीएल माइंस विस्तार के लिए ग्रामीण हुए एकजुट

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत पिंडारकोम ग्राम में ग्रामीणों ने सीसीएल माइंस विस्तार के लिए काली यादव के अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से पिंडारकों के भूरैयत विस्थापित उपस्थित रहे जिन्होंने बैठक में कहा कि सीसीएल द्वारा कोयला माइनिंग के लिए 1962 ई. में पिंडारकोम ग्राम का सैकड़ो एकड़ भूमि अधिग्रहण की गई थी पर अब तक माइंस का विस्तार नहीं किया गया है। बैठक में काली यादव ने अपने विचार देते हुए कहा कि अधिग्रहित भूमि पर माइंस अब तक बिस्तर नहीं होना यह इस क्षेत्र के लिए दुर्भाग्य है कहा सीसीएल इस जमीन पर माइंस का विस्तार करें हम भू रैयत-विस्थापित, माइंस विस्तारीकरण में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम का संचालन राजेश राम ने किये। इस दौरान निर्णय लिया गया कि सीसीएल से माइनस विस्तारीकरण में सहयोग करने के लिए हम भूरैयत विस्थापित ग्रामीण एक कमेटी की गठन करेंगे यह कमेटी अगले बैठक में गठन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर गंगेश्वर यादव के अलावे रामेश्वर यादव , संजय यादव ,सुरेश यादव ,मोहम्मद अयूब आलम,मोहम्मद मोइन आलम, मोहम्मद मुस्तफा ,बालकिशन यादव , रोशन यादव ,राम प्रवेश राम , तिवारी यादव,विकास यादव ,राजेंद्र यादव मोहम्मद वारिस उपन यादव, किशन यादव ,प्रकाश यादव, राजेंद्र यादव, चरकू यादव, मोहम्मद फेकू मियां, झामेंद्र यादव ,दशरथ राम संतोष यादव, जितेंद्र यादव ,महादेव यादव सिकंदर यादव ,उमेश राम, राजेश कुमार ,अर्जुन राम जसूद यादव मनोज यादव दिनेश यादव मोहम्मद फिरोज पारसनाथ यादव मोहम्मद जुबेर , फुल देव यादव मोहन यादव बाली यादव नकुल यादव रवि यादव रविंद्र यादव दिलेश्वर यादव कुलदीप यादव नागदेव यादव विनोद यादव गंगेश्वर यादव सहित सैंकड़ो भुरैयत विस्थापित ग्रामीण महजुद रहे।



*अगली बैठक में करेंगे कमेटी का गठन*

# टोरी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को कोच संख्या बताने की सुविधा नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** टोरी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को कोच संख्या बताने की सुविधा नहीं है। गरीब रथ ट्रेन के आने पर माइक से रेलवे कर्मी बताते हैं कि जी5, जी9, जी14, जी19 इत्यादि कहां लगे हैं। राजधानी ट्रेन यहां नहीं रुकती है। इससे बीमर यात्रियों को काफी दिक्कत होती है क्योंकि उनको सही कोच में चढ़ने में दौड़ना पड़ता है। यात्रियों ने तोड़ी रेलवे स्टेशन पर कोच संख्या बताने वाले बोर्ड की मांग की है। टोरी रेलवे स्टेशन अधीक्षक रंजीत कुमार ने बताया की कोच संख्या बताने वाले बोर्ड के लिए प्रयास किया जा रहा है। टोरी रेलवे स्टेशन के गुमटी नंबर 12 भी आम लोगों के लिए एक बहुत बड़ी मुसीबत है। यह रेलवे फाटक राष्ट्रीय मार्ग 22 पर स्थित है अतः हजारों गाड़ी रात दिन इस रेलवे फाटक गुमटी से गुजरती है। यह गुमटी से 10 रेलवे पटरी गुजरती है जिसके कारण यह12 नंबर की गुमटी बहुत-बहुत देर तक बंद रहता है जिससे एंबुलेंस और दूसरे जरूरी काम करने वालों को इस रेलवे गुमटी पर कभी-कभी एक-एक घंटा भी रुकना पड़ता है। टोरी रेलवे स्टेशन पर दिव्यांगजन के लिए अलग से टॉयलेट है।




टोरी रेलवे स्टेशन के अधीक्षक रंजीत कुमार ने बताया कि प्लेटफार्म नंबर दो और तीन पर ठंडा पानी के कूलर भी लगा है। इस टोरी रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन 1000 यात्री काउंटर से टिकट लेकर यात्रा करते हैं। इस रेलवे स्टेशन पर टाइम बताने के लिए 5 डिजिटल घड़ी लगी है। टोरी रेलवे स्टेशन के अधीक्षक रंजीत कुमार ने बताया कि यहां यात्री रेलवे लाइन ज्यादा पर करते हैं जबकि उनकी सुविधा के लिए एक पुल भी है। उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि वह पुल के उपयोग करें और पैदल रेलवे लाइन को क्रॉस नहीं करें। यह रेलवे कानून में एक अपराध है और पैदल रेलवे लाइन क्रॉस करने पर जान को भी भारी खतरा है।

# पेयजल संकट का स्थायी इलाज है कोयल पर बांध : आशीष



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर में पानी यात्रा के चौथे दिन आशीष भारद्वाज ने कहा कि चारों तरफ से नदियों से घिरा है हमारा शहर मेदिनीनगर। हमारी नदियों का पानी बहकर सोन और सोन से गंगा जी होते हुए समुद्र में चला जा रहा है और हम बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या हो सकता है। उन्होंने कहा कि शहर के पेयजल संकट का स्थाई इलाज है कोयल पर बांध/बराज बनाकर केचकी संगम से सिंगरा संगम तक तटबंधी करते हुए बियर बनाकर शहर को सेकंड फेज कनेक्टिविटी से जोड़कर पानी दिया जाये। उन्होंने कहा कि जो भी सरकारी जिम्मेवार मुलाजिम हैं। जो टैंकर सप्लाई में गड़बड़ी कर रहे हैं, वे अपनी कार्यप्रणाली बदल लें। कम से कम हमारे प्यास का सौदा ना करें। वरना हमारे आक्रोश में जल जायेंगे। पानी यात्रा के चौथे दिन आशा शर्मा, वैजन्ति जी, शैलेश तिवारी, नवीन तिवरी, बबलू चावला, साहेब जी नामधारी, मनीष तिवारी, दीपक प्रसाद, विरमानी तिवारी, अंकित शुक्ला आरंभ, अविनाश पांडे, रवि रंजन दुबे, संजय मेहता, हीरा मेहता, रितेश कुमार, अरविंद पांडे, हृदयानंद मेहता, आशुतोष तिवारी, आकाश विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, गोलू, धीरू, अजीत राम, देवल कुमार, नवनीत मेहता, सूरज सिंह व रोशन पाठक उपस्थित थे।

# जपला-पथरा रोड पर बह रही नाली के कारण आवागमन में हो रही है परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय नागरिकों ने हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर हुसैनाबाद के संपूर्ण बंशी बिगहा (जपला-पथरा रोड) में जैसे आदर्श हॉस्पिटल एवं नवजीवन हॉस्पिटल के साथ-साथ अन्य घरों का दोनों ओर सड़क के उपर मिट्टी भरकर नाली बहाया जा रहा है, जिससे आम लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि सड़क की चौड़ाई अतिक्रमण के कारण दिन प्रतिदिन सड़क संकीर्ण हो रही है। आवेदन में कहा गया है कि जपला पथरा सड़क हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पिपरा व हरिहरगंज को जोड़ती है। लोकहित में यह सड़क काफी महत्वपूर्ण है, जो तीन प्रखंडो की घनी आबादी को लाभान्वित करती है। किन्तु इस सड़क के किनारे जानवर बांधना, नाली बहाना, ओटा बनाना एवं अन्य व्यवधान डालना आम हो गया है। स्थल निरीक्षण से स्पष्ट हो जाएगा। यह क्षेत्र नगर पंचायत अन्तर्गत है। मकान मालिकों के द्वारा नंगर पंचायत के गाइडलाइन के अनुसार ही मकान निर्माण किया होगा। साथ ही, सरकार द्वारा निर्धारित होल्डिंग टैक्स भी नियमित रूप से जमा किया जा रहा होगा। एक तरफ सरकार स्वच्छता जागरूकता अभियान रथ हमेशा चलाया जाता है, दूसरे तरफ खुलेआम गंदगी फैलाये जाने की गवाही नगर पंचायत हुसैनाबाद दे रहा है। आवेदन में कहा गया की यदि नगर पंचायत नाली नहीं बनवा सकती है, तो कम से कम मकान मालिकों को नोटिस भेज कर सोख्ता तो बनवा दिया जाये, जिससे आवागमन स्वच्छता पूर्वक किया जा सके। ध्यान देने योग्य बात है कि इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी, हुसैनाबाद को भी आवेदन समर्पित किया गया था। मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई। नागरिकों ने कहा है कि पूरे बंशी बिगहा में सड़क के किनारे नाद, दोनों ओर से भरे गये मिट्टी हटाने एवं नाली संबंधी समस्या का निराकरण करते हुए अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है।



# कर्ज के पैसे वापस मांगने पर महिला ने अंधविश्वास का खेला खेल

*दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है , महिला भक्तिन फरार है।*

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू ।** पुलिस ने रामगढ़ थाना क्षेत्र के इस्लामनगर बभंडी के सरजू राम हत्याकांड का उद्भेदन कर दिया है। पुलिस ने सरजू राम की हत्या करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि साजिशकर्ता महिला भक्तिन फरार है। सरजू की हत्या बकाया पैसे मांगने पर महिला ने अंधविश्वास का खेल रच कर सरजू की हत्या करा दी थी। हत्या में शामिल दोनों आरोपित बेटे और पत्नी के बीमार रहने से परेशान थे। इसी का फायदा उठाकर महिला ने सरजू राम द्वारा डायन ओझा लगाकर उन्हें बीमार करने की जानकारी आरोपितों को दी थी। साथ ही ऐसा मोटिवेट किया कि वे हत्या करने पर उतारू हो गए। डीएसपी मणि भूषण प्रसाद ने मेदिनीनगर शहर थाना में रविवार को बताया कि रामगढ़ थाना क्षेत्र के इस्लामनगर बभंडी के सरजू राम हत्याकांड में उसके पुत्र सीता राम ने रामगढ़ थाना में काण्ड संख्या 24/24 धारा-302/ 201/ 34 भादवि के तहत अज्ञात पर प्राथमिक की दर्ज कराई थी। हत्या के पश्चात साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को घटनास्थल के पास के कुएं में डाल दिए जाने का आरोप लगाया गया था। अनुसंधान के दौरान पता चला कि सरजू राम काफी दिनों पूर्व से ओझा-गुणी का काम कर रहा था तथा गांव के लोगों के साथ पैसे का लेन-देन भी करता था। उसने लमटी की भक्तिन को भी पैसे दिए थे। सरजू बकाया पैसे मांग रहा था जबकि भक्तिन देना नहीं चाहती थी। बकाया पैसे ना देने के लिए ही उसने ऐसी खौफनाक चाल चली। लोकसभा चुनाव के मतदान के दिन बूथ पर मतदान करने के पश्चात ग्राम लमटी की भक्तिन, किसुनदेव उरांव एवं संतोष उरांव घर से भाग गये।

## न्यूज बॉक्स

### अल्प बचत अभिकर्ताओं ने उठाई बंद प्रोत्साहन चालू करने की आवाज



**हैदरनगर।** छतीसगढ़ के दुर्ग में जलाराम वाटिका में अल्प बचत अभिकताओं ने बंद बचत स्कीमों को चालू करने व प्रोत्साहन राशि देने की आवाज उठायी है। अभिकताओं के राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग ले रहे पलामू के अल्प बचत अभिकर्ता बिनोद प्रसाद, सत्यनारायण दूबे, चन्द्रिका दास, धनंजय कुमार गोड़, गौतम कुमार, सुरेन्द्र ठाकुर, संजय कुमार व कन्हैया दास ने सम्मेलन में उपस्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष पृथ्वी भटाचार्य और सचिव मनोज कुमार मिश्रा के समक्ष व्यवसाय में हो रही परेशनी को रखने का काम किया है। उन्होंने बताया कि बताया कि करीब तीन दशक से देश के लाखों अभिकर्ता डाकघर का व्यवसाय में बढ़ चढ़कर हिस्सा ही नहीं लिया, बल्कि विभाग में प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये निवेश कराने में सहयोग किया है। इससे उनका और उनके परिवारों को लंबे समय तक जीविकोपार्जन भी होता रहा है। जिसे केन्द्र सरकार की बदली नीति से उनके व्यवसाय पर ग्रहण लगता जा रहा है। इससे पूरे देख के लाखों अभिकताओं रोष भी है। उन्होंने बताया कि विभाग की कई स्कीम के बंद किये जाने से इस में निवेश की जाने वाली मोटी रकम जमा करना दुर्लभ हो गया है। वहीं व्यवसाय पर दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को बंद ही नहीं किया गया। बल्कि पूर्व से लंबित प्रोत्साहन राशिका भुगतान भी उन्हें नहीं किया जा सका है।

### बकरीद को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**बंशीधर नगर।** ईद उल अजहा (बकरीद) पर्व को लेकर शुक्रवार को थाना परिसर में शांति समिति बैठक थाना प्रभारी आदित्य नायक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में हिंदू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे। थाना प्रभारी आदित्य नायक ने उपस्थित लोगों से बकरीद पर्व शांतिपूर्ण मनाने की अपील किया। थाना प्रभारी आदित्य नायक ने कहा कि बकरीद पर्व आपसी सौहार्द प्रेम और भाईचारा के साथ मनाने की अपील की । उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जायेगी। ऐसे में कही भी कोई अफवाह फैले तो इसकी तुरंत सूचना प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि बकरीद पर्व के दिन पुलिस के द्वारा लगातार क्षेत्र में गस्ती किया जाएगा।मौके पर बिससूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे,विधायक प्रतिनिधी ओमप्रकाश गुप्ता,अशोक सेठ,उप गणेश प्रताप देव,जिपस पति प्रमोद कुमार,एसी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम,मुखिया उषा देवी,कुमारी रेखा,हृदया कमलापुरी,सदर तौहीद खान,नसीर अंसारी,शमीम खान,तस्लीम खान,पप्पू खान, हजारी प्रसाद,मुश्ताक अहमद शेख,राजकुमार राम,भगवान राम,फुलटून खान,मसउवर अंसारी,महमूद आलम जूनियर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में घायल को सांसद ने भेजवाया अस्पताल

**बालूमात/ लातेहार।** चतरा के नव निर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह ने मानवता का परिचय दिया। उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल युवकों को अस्पताल पहुंचवाकर क्षेत्रवासियों का दिल जीत लिया। दरअसल लातेहार में आयोजित भाजपा की लोकसभा स्तरीय बैठक में शामिल होकर चतरा लौट रहे थे। इसी क्रम में सांसद का काफिला जैसे ही बालूमाथ के ओल्हेपाट पहुंचा, वहां उन्होंने पुल के समीप सड़क दुघर्टना में तीन व्यक्ति को घायल अवस्था में सड़क पर पड़ा देखा। यह देखकर सांसद ने अपनी गाड़ी रोका और घायल व्यक्तियों को तुरंत इलाज के लिए बालूमाथ अस्पताल भिजवाया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने घायलों का इलाज किया। सांसद के इस मानवीय पहल और सहृदयता को स्थानीय लोगों ने सराहा है।

## पेज एक का शेष

### झारखंड सरकार पूरे प्रदेश में पानी और बिजली देने में फेल : बाबूलाल मरांडी

यहां परिसदन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि 400 सीटें लाने के लक्ष्य के साथ चुनाव लड़ने पर विपक्ष ने दुष्प्रचार किया। खासकर अनुसूचित जाति-जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लोगों को दिगभ्रमित किया गया। बताया गया कि भाजपा यदि इतनी सीटें ले आएगी तो देश का संविधान बदल दिया जाएगा। उनके हक अधिकार मारे जाएंगे। आरक्षण समाप्त हो जाएगा। इसका प्रभाव चुनाव में पड़ा और भाजपा को सीटें गंवानी पड़ी। मरांडी ने कहा कि लोकसभा चुनाव की समीक्षा के दौरान विधानसभा चुनाव की तैयारी पर भी चर्चा की गई। बाबूलाल ने कहा कि जिस सीट पर लोकसभा चुनाव में जीत मिली है, वहां समीक्षा कर यह जानने की कोशिश की जाएगी कि और अधिक वोट मिल सकते थे या नहीं। जहां हार हुई है वहां यह जानने की कोशिश की जाएगी कि हमारे उम्मीदवार को वोट किन कारणों से नहीं मिले।

### पुलिस ने होटल मौर्या और स्पा सेंटर में की छापेमारी

पिछले सप्ताह ही बरियातू के एक ब्यूटी पार्लर व रिसोर्ट में छापेमारी कर बांग्लादेश की तीन युवतियों को गिरफ्तार किया था। इनपर अवैध रूप से आधारकार्ड बनवाने और अवैध रूप से सीमा पार कर भारत में प्रवेश करने का भी आरोप लगा था। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर हटिया डीएसपी पीके मिश्रा के नेतृव में यह छापेमारी की गई। अरगोड़ा चौक के पास सेक्स रैकेट संचालित होने की सूचना एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली थी, जिसके बाद पुलिस की टीम ने अरगोड़ा चौक के पास होटल मौर्या में रेड कर पुलिस ने दो लड़कियों सहित तीन को गिरफ्तार किया है। इसी क्रम में पुलिस ने मौर्य होटल के पास स्थित एक स्पा सेंटर में भी छापेमारी की, लेकिन वहां कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला। उल्लेखनीय है कि रांची पुलिस ने राजधानी में पिछले एक महीने के दौरान अलग-अलग इलाकों में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है।

### लोहरदगा में बीडीओ की बेटी ने की आत्महत्या

घटना की पुष्टि करते हुए लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने बताया कि पुलिस के प्रारंभिक अनुसन्धान में प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला सामने आया है। वही पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी हैंगिंग का मामला की पुष्टि हुई है। वही पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। यूडी के तहत मामला दर्ज किया गया है। सभी कानूनी प्रक्रिया का सख्ती से पालन हो रहा है। मामले में किस्को सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर आजाद का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है. जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकेगा. प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर अस्पताल में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, एसडीओ अमित कुमार के अलावे प्रशासनिक अधिकारियों व पुलिस के जवान पहुंचे थे।





## ब्रिफ न्यूज

### कॉलेज में हिजाब बैन : नौ छात्राओं ने किया बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख



**मुंबई।** मुंबई के चेंबूर में स्थित आचार्य कॉलेज में हिजाब बैन के खिलाफ नौ छात्राओं ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। छात्राओं ने हिजाब पर बैन हटाने की मांग की है। इसके साथ ही कॉलेज प्रशासन पर धर्म के आधार पर पक्षपात करने के आरोप भी लगाए हैं। मुंबई में एनजी आचार्य और डीके मराठे कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स की नौ छात्राओं ने कॉलेज प्रशासन की ओर से हाल ही में लागू ड्रेस कोड को चुनौती देते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया है।

### संसद भवन में स्थापित होगा 'प्रेरणा स्थल' : जयदीप धनखड़



**नई दिल्ली।** संसद भवन में देश के महापुरुषों और महान स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं के लिए 'प्रेरणा स्थल' का निर्माण किया गया है। जिसका उद्घाटन उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ करेंगे। 'प्रेरणा स्थल' में स्वतंत्रता सेनानियों और अन्य नेताओं की सभी मूर्तियां रखी जाएंगी। जिन्हें पहले संसद परिसर में अलग-अलग स्थानों पर रखा गया था।

### नीतीश सरकार ने अपराधियों के सामने घुटने टेके : राजद



**पटना।** बिहार में कानून-व्यवस्था को लेकर सियासी बयानबाजी जारी है। वहीं, राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा है कि बिहार में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने कहा कि सरकार-शासन में बैठे लोग मस्त हैं, इनका पुलिस प्रशासन-शासन तंत्र पस्त है। ऐसे में यह लोग तेजस्वी यादव पर सवाल खड़े कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तेजस्वी यादव बिहार में आपराधिक घटनाओं पर सवाल उठाते हैं, तो सरकार में बैठे लोग मजाक उड़ा रहे हैं।

### भारतीय जनता पार्टी पूरी ताकत से लड़ेगी उपचुनाव : जसवंत सैनी



**अयोध्या।** योगी सरकार के संसदीय कार्य और औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी रविवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने रामलला का दर्शन पूजन किया। उन्होंने कहा कि भगवान रामलला का दर्शन करने के बाद सुखद अनुभूति हुई। देशवासियों से अपील है कि सभी लोग अयोध्या आएं और रामलला का दर्शन पूजन करें। अयोध्या में विकास को लेकर जसवंत सैनी ने कहा कि पहले और अब की अयोध्या में बहुत फर्क आ गया है।

### पाकिस्तान के पख्तूनख्वा प्रांत में विस्फोट, 2 की मौत, 4 घायल



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को एक आईईडी विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गये। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि घटना प्रांत के कुर्रम जिले की है। आम लोगों को ले जा रहा एक वाहन सड़क किनारे लगाये गये आईईडी की चपेट में आ गया। घायलों को एक नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया है। उनमें चार की हालत गंभीर है।

# ईवीएम पर मस्क के बयान में कोई सच्चाई नहीं : राजीव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) को वोटिंग से हटाने के बारे में एलन मस्क के विचारों को एक व्यापक आम बयान बताते हुए रविवार को कहा कि इसमें कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा कि टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को भारत आकर कुछ सीख लेनी चाहिए। एलन मस्क ने एक पोस्ट में कहा था कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को खत्म कर दिया जाना चाहिए क्योंकि मानव या एआई द्वारा हैक किए जाने का जोखिम अभी भी बहुत अधिक है। उनकी इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं है। उन्होंने कहा, यह एक



बहुत बड़ा आम बयान है, जिसका मतलब है कि कोई भी सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर नहीं बना सकता। यह गलत है।

चंद्रशेखर के अनुसार, एलन मस्क के सोचने-समझने का तरीका अमेरिका और अन्य स्थानों पर लागू हो सकता है, जहां पर वे इंटरनेट से जुड़ी वोटिंग मशीन बनाने के लिए रेगुलर कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। एलन मस्क ने प्यूर्टो रिको के प्राथमिक चुनावों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की थी, जिसमें कथित तौर पर मतदान में अनियमितताएं सामने आई थीं। चंद्रशेखर ने मस्क के बयान को खारिज करते हुए कहा कि भारतीय ईवीएम कस्टम-डिजाइन किए गए हैं, सुरक्षित हैं और किसी भी नेटवर्क या मीडिया से अलग हैं। कोई कनेक्टिविटी नहीं, कोई ब्लूटूथ, वाई-फाई, इंटरनेट नहीं, कोई रास्ता नहीं है। फैक्ट्री-प्रोग्राम्ड कंट्रोलर जिन्हें दोबारा प्रोग्राम नहीं किया जा सकता है। चंद्रशेखर ने कहा, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को ठीक उसी तरह से डिजाइन और बनाया जा सकता है, जैसा कि भारत ने किया है। एलन, हमें एक ट्यूटोरियल चलाने में खुशी होगी।

### एलन मस्क के बाद राहुल गांधी का भी आया ईवीएम पर बयान





हमारे देश में लोकसभा चुनाव खत्म हो चुके हैं और अब कई राज्यों विधानसभा और उपचुनाव की तैयारियां हो रही है। लेकिन एक बार फिर ईवीएम का जिन्न जाग उठा है। दरअसल विदेश में भी ईवीएम के जरिए चुनाव की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हुए हैं। इसे लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी देश में ईवीएम के जरिए हो रहे चुनाव पर तंज कसा है। राहुल गांधी ने कहा कि भारत में ईवीएम एक 'ब्लैक बॉक्स' की तरह है, जिसकी जांच करने की अनुमति किसी को भी नहीं है। कांग्रेस नेता ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि जब हमारे देश की चुनावी प्रक्रिया के पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। राहुल गांधी ने आगे कहा कि जब संस्थाओं में जवाबदेही की कमी होती है, तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है।



# आतंकी हमलों के बाद राज्य की सुरक्षा स्थिति का अमित शाह ने लिया जायजा




एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में पहले दौर की बैठक पूरी हुई। इस दौरान जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया। अब अमरनाथ यात्रा की तैयारियों पर दूसरे दौर की बैठक हो रही है। बैठक में एनएसए अजीत डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, गृह सचिव, सेना प्रमुख मनोज पांडे और सेना प्रमुख के पद के लिए मनोनीत लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, आईबी के निदेशक तपन डेका, सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल, बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल तथा गृह मंत्रालय और केंद्र शासित प्रदेश के अन्य अधिकारी मौजूद रहे दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक स्थित गृह मंत्रालय में बैठक हो रही है। बैठक में शामिल होने के लिए सीआरपीएफ के डीजी अनीश दयाल सिंह यहां पहुंचे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जम्मू कश्मीर को लेकर इसी तरह की बैठक आयोजित करने के तीन दिन बाद शाह ने भी उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर हमले सहित कई आतंकवादी घटनाओं के बाद आतंकवाद विरोधी क्षमताओं का पूरा स्पेक्ट्रम तैनात करने के निर्देश दिए थे।

### सुरक्षा के कई मुद्दों पर अधिकारियों ने गृह मंत्री को दी जानकारी

*बैठक में शामिल होने के लिए सीआरपीएफ के डीजी अनीश दयाल सिंह भी पहुंचे ।*

*पीएम के बैठक के तीन दिन बाद शाह ने भी उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।*

सूत्रों के मुताबिक, गृह मंत्री अमित शाह को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति, अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर बलों की तैनाती, घुसपैठ के प्रयासों, चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियानों की स्थिति और केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय आतंकवादियों के बारे में अधिकारी जानकारी दी जाएगी। उम्मीद जताई जा रही है कि अमित शाह प्रधानमंत्री के निर्देश के अनुरूप ही सुरक्षा एजेंसियों को तत्काल कार्रवाई के बारे में व्यापक दिशानिर्देश देंगे।

**जम्मू-कश्मीर में चार दिनों में चार आतंकी हमले** : आतंकवादियों ने चार दिनों में जम्मू-कश्मीर के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर हमले किए हैं। जिसमें नौ तीर्थ यात्रियों और एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई और सात सुरक्षाकर्मी सहित कई अन्य लोग घायल हो गए।

### मालवीय ने पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने पर कर्नाटक कांग्रेस पर बोला हमला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भाजपा के केंद्रीय आईटी सेल के प्रभारी अमित मालवीय ने रविवार को कर्नाटक में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर प्रदेश कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधा। मालवीय ने एक्स पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कर्नाटक के उद्योग एवं विकास मंत्री एम.बी. पाटिल पर निशाना साधा जिन्होंने राहुल गांधी की गारंटियों को वित्तपोषित करने के लिए इस वृद्धि को आवश्यक बताया था। मालवीय ने कहा, कर्नाटक के उद्योग एवं विकास मंत्री एम.बी. पाटिल ने कहा है कि राहुल गांधी की गारंटियों को वित्तपोषित करने के लिए ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि आवश्यक थी। राहुल ने हर उस राज्य को बर्बाद कर दिया है, जिस पर उन्होंने अपना हाथ रखा है।



एम.बी. पाटिल ने शनिवार को इस कदम का बचाव करते हुए कहा था कि ईंधन की कीमतों में वृद्धि का निर्णय राज्य की गारंटी योजनाओं और अन्य विकास परियोजनाओं का समर्थन करने के लिए महत्वपूर्ण था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वृद्धि के बावजूद कर्नाटक में ईंधन की कीमतें कई अन्य राज्यों के मुकाबले कम हैं।

## रफाह में हमास का घातक हमला आठ इजराइली सैनिकों की मौत

एजेंसी

**येरुशलम।** हमास के खात्मे के लिए चल रहे इजराइल के अभियान को शनिवार को झटका लगा है। हमास के मजबूत गढ़ रफाह में हमास के भीषण धमाके में 8 इजराइली जवानों की मौत हो गई। इसे पिछले कई महीनों में किये गये अब तक का सबसे घातक हमला कहा जा रहा है। हमास के खात्मे के लिए इजराइल रफाह में व्यापक सैन्य अभियान चला रहा है। जिसमें इजराइल को भी समय-समय पर हमास के जवाबी कार्रवाई में खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है। इजराइल की सेना ने शनिवार को कहा कि दक्षिणी गाजा में किये गए एक विस्फोट में उसके आठ सैनिकों की मौत हो गई। यह विस्फोट रफाह के ताल अल-सुल्तान क्षेत्र में शाम 5 बजे हुआ। इजराइली सेना प्रवक्ता रीयर एड. डेनियल हगारी के मुताबिक यह धमाका हमास की तरफ से लगाए गए विस्फोटक या एंटीटैंक मिसाइल से किया गया। उन्होंने कहा कि हमें हमास के रफाह ब्रिगेड को हराने की जरूरत है और हम संकल्प के साथ यह कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इजराइल और फिलिस्तीन में पिछले करीब आठ महीने से लड़ाई चल रही है।

## जदयू ने इंडी गठबंधन पर साधा निशाना, कहा- लोस स्पीकर पद पर पहला अधिकार सत्तारूढ़ दल का

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आ गए हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुआई वाली एनडीए की फिर से केंद्र में सरकार बनी है। नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बाद प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी संभाली है। अब 18वीं लोकसभा का अध्यक्ष कौन होगा? यह सवाल सबकी जुबान पर है। इसको लेकर सियासत शुरू हो गई है।



विपक्षी गठबंधन ने इस पद के लिए चुनाव से पहले बड़ी मांग की है। वहीं एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भाजपा के प्रमुख सहयोगियों टीडीपी और जदयू की नजरें लोकसभा स्पीकर की कुर्सी पर हैं। इन सबके बीच जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रवक्ता केसी त्यागी ने इंडी गठबंधन की आलोचना की और बताया कि कुर्सी का हकदार कौन हैं। वहीं, लोकसभा स्पीकर के चुनाव पर केसी त्यागी ने कहा, 'लोकसभा स्पीकर का पद सदन का सबसे गरिमापूर्ण पद होता है। उस पद पर पहला अधिकार सत्तारूढ़ दल का है।

**भाजपा एनडीए की बड़ी पार्टी**: उन्होंने आगे कहा, 'हम मानते हैं कि भाजपा एनडीए की बड़ी पार्टी है। उस पद पर भाजपा या एनडीए का पहला अधिकार है। मैं पिछले 35 सालों से एनडीए में हूं। भाजपा ने कभी जनता दल को तोड़ने की कोशिश नहीं की। टीडीपी और जदयू ने अहम भूमिका निभाई है। मगर हम एनडीए को कमजोर करने की कोशिश कभी नहीं करेंगे।

**विपक्षियों का यह कहना**: दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि विपक्षी पार्टी भी स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार उतार सकता है। हालांकि, विपक्षी पार्टियों का कहना है कि अगर सत्तारूढ़ पार्टी उन्हें डिप्टी स्पीकर का पद देता है तो वे स्पीकर के चुनाव में अपना उम्मीदवार नहीं उतारेंगे।

**विफलता** / मेडक में शनिवार रात दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़प, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

# तेलंगाना में सांप्रदायिक हिंसा, सात लोग घायल, गश्ती बढ़ाई गई

एजेंसी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मेडक में शनिवार रात दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इसके बाद तेलंगाना में पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी। इसके साथ ही अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं। हिंसा का कारण एक विशेष समुदाय के लोगों की ओर से की जा रही गौ तस्करी को माना जा रहा है। पुलिस ने रविवार को बताया कि गश्त बढ़ा दी गई है। संवेदनशील इलाकों में चौकियां तैनात की गई हैं। अब स्थिति शांतिपूर्ण है। पड़ोसी जिलों से अतिरिक्त सुरक्षा बल शहर में भेजे गए हैं। पुलिस महानिरीक्षक एवी. रंगनाथ स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने और पुलिस का सहयोग करने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि शांति-सौहार्द बिगाड़ने वाले उपद्रवियों को बख्शा नहीं जाएगा। बताया जाता है कि हिंसा तब शुरू हुई जब एक समूह ने ईद-उल-अजहा पर कुबार्नी के लिए रखे गए जानवरों को छुड़ाने का प्रयास किया। इस बीच दो समूहों में झड़प हो गई, जिसमें कुछ लोग घायल हो गए। बाद में लाठी-डंडों से लैस भीड़ सड़कों पर निकली। दुकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर हमला किया गया। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। इस घटना में सात लोग घायल हो गए। उनमें से चार को हैदराबाद ले जाया गया और एसरा अस्पताल में भर्ती कराया गया।



### ओवैसी ने पुलिस महानिदेशक से की बात

एआईएमआईएम के अध्यक्ष और हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने मामले के संबंध में पुलिस महानिदेशक रवि गुप्ता और आईजी रंगनाथ से बात की। हैदराबाद के कारवां निर्वाचन क्षेत्र से एआईएमआईएम विधायक कौसर मोहिउद्दीन ने एसरा अस्पताल में घायलों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पार्टी मेडक में शांति सुनिश्चित करेगी और सभी घायलों को अच्छा उपचार उपलब्ध कराएगी, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा ने रविवार को कहा कि पिछले 9.5 वर्षों से तेलंगाना में कोई सांप्रदायिक हिंसा नहीं हुई है। उन्होंने मजलिस बचाओ तहरीक (एमबीटी) के नेता अमजद उल्लाह खान के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, अब कांग्रेस सरकार में न तो कोई कानून है और न ही कोई व्यवस्था। यह वाकई शर्मनाक है कि एक शांतिपूर्ण शहर मेडक, जहां पहले कभी कोई सांप्रदायिक गतिविधि नहीं हुई, अब गंदगी में तब्दील हो गया है। अमजद खान ने आरोप लगाया कि जब से ए. रेवंत रेड्डी ने मुख्यमंत्री का कार्यभार संभाला है, सांप्रदायिक तत्वों को मुसलमानों पर हमला करने और उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की खुली छूट दे दी गई है।

## कैलिफोर्निया में प्लेन क्रैश दो लोगों की हुई मौत

एजेंसी

**लॉस एंजिल्स ।** अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत में शनिवार को एक प्लेन क्रैश हो गया। अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने एक्स पर कहा कि वह लॉस एंजिल्स से करीब 55 किमी पूर्व में सैन बर्नार्डिनो काउंटी के पश्चिमी छोर पर स्थित चिनो शहर के पास लॉकहीड एल12 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना की जांच कर रहा है। दूसरे विश्व युद्ध के समय का यह छोटा डबल इंजन वाला विमान शनिवार दोपहर करीब 12:35 बजे चिनो एयरपोर्ट के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। स्थानीय केएबीसी टेलीविजन चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, जब आपातकालीन दल वहां पहुंचा तो विमान रनवे से उतरा हुआ मिला। रिपोर्ट के अनुसार, इस दुर्घटना में मारे गए दोनों लोग यैंक्स एयर म्यूजियम में फादर्स डे के एक कार्यक्रम के सिलसिले में गये थे।

